फाल्गुन कृष्ण पक्ष, नवमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 5 मार्च 2024
वर्ष-2, अंक-194, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ट्रंप के खिलाफ निक्की हेली की पहली जीत 16
'पंख' में मुख्य भूमिका में माही, श्वेता, आयशा 15

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
4/- प्रतिदिन
फोन: 0512- 2548300

## एक नजर

### आप को पार्टी कार्यालय खाली करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) को सोमवार को निर्देश दिया कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय के लिए राउज एवेन्यू में आवंटित जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए अपने कार्यालय को हटा ले। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने ''आप'' का पक्ष रहे वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलें सुनने के बाद 15 जून 2024 तक जमीन खाली करने का आदेश पारित किया।

### उदयनिधि स्टालिन को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन को उनकी 'सनातम धर्म को मिटाने' संबंधी टिप्पणी को लेकर अप्रसन्नता जताई और पूछा कि वह भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अपने अधिकार का दुरुपयोग करने के बाद अपनी याचिका लेकर शीर्ष अदालत के पास क्यों आए हैं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने स्टालिन से कहा कि वह एक मंत्री हैं और उन्हें अपनी टिप्पणी के परिणाम पता होने चाहिए थे। पीठ ने कहा कि आपने संविधान के अनुच्छेद 19(1)(अ) के तहत (भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंता के) अपने अधिकार का दुरुपयोग किया है।

### आठवें समन पर भी पेश नहीं हुए केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति मामले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जारी किए गए आठवें समन के बाद भी सोमवार को उसके सामने पेश नहीं हुए लेकिन उन्होंने कहा कि वह 12 मार्च के बाद वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एजेंसी के सामने पेश होने को तैयार हैं। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

---

**सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संविधान पीठ ने कहा-संसदीय विशेषाधिकार नहीं है रिश्वतखोरी**

# रिश्वत के मामलों में सांसदों-विधायकों को नहीं मिलेगी छूट

नई दिल्ली, एजेंसी



- वोट के बदले नोट मामले में शीर्ष न्यायालय ने पांच जजों की पीठ का पलटा फैसला

सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की पीठ ने सांसदों-विधायकों के विशेषाधिकार से जुड़े मामले में सोमवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि सांसदों और विधायकों को सदन में वोट डालने या भाषण देने के लिए रिश्वत लेने के मामले में अभियोग से कोई छूट नहीं होती है। शीर्ष न्यायालय ने इसी के साथ 1998 के नरसिम्हा राव जजमेंट के अपने फैसले को पलट दिया है। तब पांच जजों की पीठ ने 3-2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सात सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि सदन के सदस्यों के भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी से भारतीय संसदीय लोकतंत्र की नींव कमजोर होती है। पीठ ने कहा कि रिश्वतखोरी के मामलों में संसदीय विशेषाधिकारों के तहत संरक्षण प्राप्त नहीं है और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रिश्वत मामले में पांच न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुनाए गए 1998 के फैसले की व्याख्या संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 के विपरीत है। अनुच्छेद 105 और 194 संसद और विधानसभाओं में सांसदों और विधायकों की शक्तियों एवं विशेषाधिकारों से संबंधित हैं।

जस्टिस चंद्रचूड़ ने पीठ के लिए फैसले का मुख्य भाग पढ़ते हुए कहा, 'सांसद एवं विधायकों द्वारा रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट करते हैं।' इस पीठ में न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। न्यायालय ने 'पीवी नरसिम्हा राव बनाम सीबीआई' मामले में 1998 के फैसले में बहुमत और अल्पमत के तर्क का विश्लेषण करते हुए कहा कि उसने इस विवाद के सभी पहलुओं पर स्वतंत्र रूप से फैसला सुनाया है- भले वह संविधान के अनुच्छेद 105 से संबंधित हो और 194 से जुड़ा हो कि क्या एक सांसद या विधायक किसी आपराधिक अदालत में रिश्वतखोरी के आरोप में अभियोग से छूट का दावा कर सकता है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, 'हम इस पहलू पर बहुमत के फैसले से असहमत हैं और उसे खारिज करते हैं।'

### संविधान की आकांक्षाओं के लिए विनाशकारी



फैसला सुनाते हुए जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, 'यह (भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी) संविधान की आकांक्षाओं और विचारशील आदर्शों के लिए विनाशकारी है और एक ऐसा राजतंत्र स्थापित करता है, जो नागरिकों को एक जिम्मेदार, उत्तरदायी और प्रतिनिधित्व प्रदान करने वाले लोकतंत्र से वंचित करता है।'

### स्वच्छ राजनीति सुनिश्चत करने वाला फैसला



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण या वोट देने के लिए रिश्वत लेने पर अब कानूनी कार्रवाई से छूट नहीं मिलने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले को शानदार बताया और कहा कि इससे देश में साफ-सुथरी राजनीति सुनिश्चित होगी तथा व्यवस्था में लोगों का विश्वास गहरा होगा।

### पांच जजों की पीठ ने आपराधिक मुकदमे से दी थी छूट

पांच जजों की संविधान पीठ ने 1998 में 'पी वी नरसिम्हा राव बनाम सीबीआई' मामले में दिए गए अपने बहुमत के फैसले में कहा था कि सांसदों को संविधान के अनुच्छेद 105(2) और अनुच्छेद 194(2) के तहत सदन के अंदर दिए गए किसी भी भाषण और वोट के लिए घूस के आपराधिक मुकदमा से छूट प्राप्त है।

---

**लालू प्रसाद के परिवार संबंधी बयान पर प्रधानमंत्री मोदी का पलटवार**

# 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार

आदिलाबाद, (तेलंगाना), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'परिवार ना होने' को लेकर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के हमले पर पलटवार करते हुए सोमवार को पूरे भारत को अपना परिवार करार दिया और अपने जीवन को एक 'खुली किताब' बताते हुए कहा कि लोगों की सेवा करने के सपने के साथ उन्होंने कम आयु में ही घर छोड़ दिया था।

जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने 'परिवारवादी दलों' पर हमला बोला और कहा कि उनके अलग-अलग चेहरे हो सकते हैं, लेकिन झूठ और लूट का उनका चरित्र समान है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने रविवार को पटना में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष किया था। उन्होंने कहा था, 'अगर नरेंद्र मोदी के पास अपना परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह राम मंदिर के बारे में डींगें मारते रहते हैं। वह सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा में बेटे को अपने माता-पिता के निधन पर अपना सिर और दाढ़ी मुंडवानी चाहिए। जब मोदी की मां की मृत्यु हुई तो उन्होंने ऐसा नहीं किया।"

प्रधानमंत्री मोदी ने लालू के इस आरोप पर सोमवार को पलटवार किया और कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण में आकंठ डूबे 'इंडी गठबंधन' के नेता बौखलाते जा रहे हैं। उन्होंने हुए, 'अब इन्होंने 2024 के चुनाव का अपना असली घोषणा पत्र निकाला है। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। कल ये ऐसा भी कह सकते हैं कि तुम्हें कभी जेल की सजा नहीं हुई, इसलिए तुम राजनीति में भी नहीं आ सकते।' मोदी ने 140 करोड़ देशवासियों को अपना परिवार बताया और कहा कि जिसका कोई नहीं है, वह भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। उन्होंने कहा, 'मेरा भारत-मेरा परिवार, इन्हीं भावनाओं का विस्तार लेकर मैं सपनों को संकल्प के साथ सिद्ध करने के लिए आपके लिए जी रहा हूं, आपके लिए जूझ रहा हूं और आपके लिए जूझता रहूंगा। एक सपना लेकर बचपन में घर छोड़ा था। मैं देशवासियों के लिए जिऊंगा, ये सपना लेकर निकला था। मेरा पल-पल सिर्फ और सिर्फ आपके लिए होगा। मेरा कोई निजी सपना नहीं होगा।'



### यह चुनावी सभा नहीं, विकास उत्सवः मोदी

प्रधानमंत्री ने मोदी ने तेलंगाना में 56,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन, शिलान्यास के अवसर पर कहा कि जैसे ही मैंने करोड़ों रुपये की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया, कुछ लोगों ने इसे 'चुनावी सभा' कहा है। मैं उन 'विश्लेषकों' को बताना चाहता हूं कि अभी चुनाव की घोषणा भी नहीं हुई है। यह 'चुनावी सभा' नहीं, बल्कि तेलंगाना में 'विकास उत्सव' है, जिसे मनाने के लिए मैं आया हूं।

### कांग्रेस का कटाक्ष- टेनी और बृजभूषण हैं मोदी के असली परिवार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भाजपा द्वारा सोशल मीडिया मंचों पर 'मोदी का परिवार' अभियान शुरू किए जाने के बाद सोमवार को दावा किया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के निरंतर बढ़ने से भाजपा के नेता परेशान हो गए हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह आरोप भी लगाया कि भाजपा सांसद अजय मिश्रा टेनी और बृजभूषण शरण सिंह प्रधानमंत्री मोदी का 'असली परिवार' हैं। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बृजभूषण शरण सिंह के 'एक्स' प्रोफाइल का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए कटाक्ष किया, 'मोदी का परिवार बृजभूषण शरण सिंह का स्वागत करता है।'

### भाजपा नेताओं ने बायो में लिखा 'मोदी का परिवार'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से पूरे देश को अपना परिवार बताए जाने के कुछ देर बाद सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने 'एक्स' के 'प्रोफाइल' पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखा और इस संबंध में एक अभियान शुरू कर दिया। सबसे पहले भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने अपने प्रोफाइल में यह बदलाव किया और उसके बाद गृहमंत्री शाह ने। कुछ देर बाद केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, गिरिराज सिंह, स्मृति ईरानी, मीनाक्षी लेखी, भूपेंद्र यादव और अनुराग ठाकुर सहित कई नेताओं ने 'एक्स' प्रोफाइल पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' जोड़ दिया।

---

**आपत्तिजनक वीडियो में फंसे बाराबंकी से भाजपा सांसद बोले**

# निर्दोष साबित होने तक कोई चुनाव नहीं लड़ूंगा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- सांसद उपेंद्र रावत ने कहा- यह मेरी छवि खराब करने की साजिश



**अमृत विचार :** बाराबंकी से भाजपा सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। एक आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के बाद रावत व उनके शुभचिंतक सकते में हैं। रावत ने अपनी दावेदारी वापस ले ली है। कयास लगने लगे हैं कि भाजपा अब किसे प्रत्याशी बनाएगी?

सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने सोमवार को 'एक्स' पर बताया कि उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलकर वायरल वीडियो की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। उनसे यह भी कहा है कि जब तक वह आरोप से बरी नहीं हो जाते, वे कोई भी चुनाव नहीं लड़ेंगे। रावत का कहना है कि उनका वायरल वीडियो एआई तकनीक से बनाया गया है। सोमवार को उनका चुनाव कार्यालय भी बंद रहा। भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच, बल्कि राजनीतिक हलकों में भी सांसद के वायरल वीडियो की ही चर्चा रही। भाजपा की लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को जारी 195 उम्मीदवारों की पहली सूची में उपेंद्र सिंह रावत को फिर से बाराबंकी से टिकट दिया गया था। इस बीच सोशल मीडिया पर रावत का एक आपत्तिजनक वीडियो वायरल हो गया, जिसके बाद रावत ने चुनाव लड़ने से इनकार कर अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। सांसद ने कहा है कि वायरल वीडियो फेक है। एआई तकनीकी से बनाया गया है। इसमें मेरा चेहरा लगा दिया गया है। कुछ ऐसा ही वीडियो वर्ष 2022 व 2023 में भी वायरल किया गया था। रावत ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मेरी बढ़ती लोकप्रियता के बाद यह विरोधियों की साजिश है। उनकी छवि खराब करने की कोशिश की गई है। इसके पीछे वे लोग हैं, जो राजनीति में अलग-थलग हो चुके हैं। दोबारा मुझे टिकट मिलना उन्हें गंवारा नहीं था। मामले की प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। वहीं, पुलिस का कहना है कि आपत्तिजनक वीडियो मामले का सच जल्द ही सामने आ जाएगा।


---

# तंबाकू कारोबारी के यहां 100 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी

## 60 करोड़ की कारें, सात करोड़ नकदी व 200 करोड़ संपत्ति के कागजात जब्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 12 करोड़ की घड़ियां, सात करोड़ की ज्वेलरी भी टीम ने बरामद की
- बंशीधर तंबाकू समूह के देश भर में ठिकानों पर पड़े छापे





**अमृत विचारः** बड़े तंबाकू कारोबारी के आर्य नगर स्थित पुराने बंगले व प्रतिष्ठानों में चल रही आयकर विभाग की छापेमारी सोमवार को पांचवें दिन खत्म हो गई। देशव्यापी छापेमारी में 100 करोड़ से अधिक टैक्स चोरी पकड़ी गई है। आयकर टीम ने अलग-अलग ठिकानों से 12 करोड़ की घड़ियां, सात करोड़ की ज्वेलरी, 60 करोड़ की कारें और सात करोड़ नकदी जब्त की है। इसके अलावा 200 करोड़ से अधिक की प्रॉपर्टी के कागजात भी जब्त किए गए हैं। हालांकि अभी दिल्ली के वसंत बिहार स्थित बंगले के अलावा अहमदाबाद स्थित फैक्ट्री पर जांच जारी है।

दिल्ली और गुजरात में कारोबार शिफ्ट कर चुके तंबाकू कारोबारी केके मिश्रा उर्फ मुन्ना व उनके बेटे शिवम के देशभर के प्रतिष्ठानों (बंशीधर तंबाकू समूह) में आयकर विभाग ने छापा मारा था। आयकर अधिकारियों के मुताबिक कारोबारी ने अधिकांश कालाधन संपत्ति में खपाया है। कानपुर, दिल्ली, गुजरात व मुंबई में 20 से अधिक संपत्तियों के कागजात मिले हैं। आयकर टीम को कारोबारी के बेटे शिवम मिश्रा के नाम पर भी कई संपत्तियां मिली हैं, जिनकी कीमत 200 करोड़ रुपये से ज्यादा आंकी गई है। इन संपत्तियों को खरीदने में पैसा कहां से आया, इसकी जांच शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही नयागंज स्थित प्रतिष्ठान और आवास से बड़ी संख्या में कारोबार से जुड़ी फाइलें जब्त की गई हैं। आयकर टीम को करीब 50 करोड़ रुपये के लेन-देन के कच्चे पर्चे भी बरामद हुए हैं। आयकर अधिकारियों के मुताबिक छह ऐसी कंपनियों के साक्ष्य मिले हैं, जिनका इस्तेमाल टैक्स चोरी और काली कमाई को खपाने में किया गया।

अब तक करीब 100 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी की बात सामने आई है। कारोबारी केके मिश्रा से जुड़े कई गुटखा कारोबारी भी रडार पर आ सकते हैं। कारोबारी केके मिश्रा ने हार्ट का सर्जरी का हवाला दिया है, जिस कारण टीम ने उनसे फिलहाल पूछताछ नहीं की है। टीम ने उनके बेटे शिवम मिश्रा से पूछताछ कर जानकारी हासिल की।

### पेट के कैंसर से पीड़ित हैं इसरो प्रमुख सोमनाथ

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ पेट के कैंसर से पीड़ित हैं। जिस दिन भारत का आदित्य-एल1 मिशन अंतरिक्ष में लॉन्च हुआ था, उसी दिन इसरो प्रमुख में कैंसर का पता चला। मीडिया से एक बातचीत में सोमनाथ ने इसकी पुष्टि की है कि जांच के दौरान शरीर में अनियंत्रित कोशिकाओं की वृद्धि के बारे में पता चला जिसके आधार पर कैंसर का निदान किया गया है। सोमनाथ ने बताया कि दो सितंबर 2023 को आदित्य-एल1 मिशन लॉन्च की सुबह मेरी स्कैनिंग की गई, इसमें पता चला कि पेट में अनियंत्रित रूप से कैंसर कोशिकाएं बढ़ रही हैं। मिशन लॉन्च के बाद मैं चेन्नई गया, वहां दोबारा स्कैनिंग और कई और जांच की गई।

# ईंट से चेहरा कूंचकर युवक की हत्या

## उन्नाव सदर कोतवाली के अकरमपुर में मिला शव, आरोपी पुलिस हिरासत में

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- पत्नी के प्रेम संबंध का आरोप पुलिस कर रही पूछताछ
- आगरा के सिकंदरा थानांतर्गत जऊपुर गांव निवासी था युवक

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली अंतर्गत अकरमपुर में सोमवार सुबह एक श्रमिक की ईंट से सिर व चेहरा कूंचकर हत्या कर दी गई। शव के पास में खून सनी ईंट भी मिली है। पुलिस, फोरेंसिक व फील्ड यूनिट टीम ने जांच कर साक्ष्य एकत्र किए। बड़े भाई ने एक युवक पर प्रेम-प्रसंग में शराब पिलाने के बाद छोटे भाई की हत्या करने का आरोप लगाया। भाई की तहरीर पर पुलिस ने हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

आगरा जिले के सिकंदरा थानांतर्गत जऊपुर गांव निवासी विष्णु जाटव (25) करीब 15 दिन पहले पत्नी काजल व तीन वर्षीय बेटे माहिर के साथ उन्नाव आया था। यहां उसका बड़ा भाई शशी परिवार के साथ जूते के अपर बनाने वाले कारखाने में काम करता है। उसके कहने पर कारखाना संचालक ने विष्णु को भी नौकरी पर रख लिया था। वह किराये का कमरा लेकर भाई से अलग रहता था। रविवार को विष्णु घर से निकला लेकिन वापस नहीं लौटा। सोमवार सुबह अकरमपुर के विश्वेशर महादेव मंदिर के सामने एक चाय की गुमटी के पास उसका लहूलुहान शव पड़ा मिला। चेहरे व सिर पर गहरी चोटें थीं। पुलिस पहुंची और जांच की तो पास में ही खून सनी ईंट बरामद हुई। फोरेंसिक व फील्ड यूनिट टीम बुलाई गई। एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह भी घटना स्थल पर पहुंचे। भाई शशी ने बताया कि जऊपुर गांव के दीपक कुमार जाटव का भाई की पत्नी से मेलजोल था और वह रविवार को यहां आसपास देखा भी गया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी दीपक कुमार को पकड़ा और कोतवाली लाई। जहां उससे पूछताछ की जा रही है। आरोपी कुंदन रोड के पास एक जूता फैक्ट्री में काम करता है।

---

# कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी की संपत्ति कुर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

- ईडी का आरोप : लुईस खुर्शीद और दो अन्य ने की सरकारी धन की हेराफेरी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद और दो अन्य ने अपने निजी लाभ के लिए केंद्र सरकार के 71.50 लाख रुपये का शोधन किया। ईडी ने एक बयान में कहा कि उसने धनशोधन निवारण कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में स्थित 15 कृषि भूखंड और डॉ जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट की कुल 45.92 लाख रुपये की कुछ बैंक जमा राशि को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। ईडी ने दावा किया कि एक जांच में यह पाया गया है कि ट्रस्ट को प्राप्त 71.50 लाख रुपये के अनुदान का इस्तेमाल भारत सरकार द्वारा स्वीकृत शिविरों के आयोजन के लिए नहीं किया गया था, बल्कि इसका इस्तेमाल ट्रस्ट के प्रतिनिधि प्रत्यूष शुक्ला, सचिव मोहम्मद अतहर और परियोजना निदेशक लुईस खुर्शीद द्वारा ट्रस्ट के हित और अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए किया गया था।

### रालोद ने घोषित किए उम्मीदवार

**लखनऊ।** भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हुए राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने सोमवार को लोकसभा और विधान परिषद के चुनावों के लिए क्रमशः दो एवं एक सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। रालोद द्वारा 'एक्स' पर अपने हैंडल से डाले गए संदेश में बताया कि पार्टी ने बिजनौर लोकसभा सीट से चंदन चौहान और बागपत सीट से राजकुमार सांगवान को उम्मीदवार बनाया है। गुर्जर समुदाय के चंदन मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट से विधायक हैं। सांगवान प्रभावशाली जाट नेता हैं। विधान परिषद की एक सीट के लिए योगेश चौधरी को प्रत्याशी बनाया है।

---

**मिसाल** पीलीभीत रोड पर अपने तीन मंजिला घर में हाइड्रोपोनिक खेती की शुरुआत कर रामवीर कई राज्यों में फैला चुके हैं कारोबार

# सब्जी-फलों की खेती से सालाना 80 लाख का कारोबार

महिपाल गंगवार, बरेली

**अमृत विचार :** न खेत है और न ही मिट्टी, फिर भी फल और सब्जियां उगाई जा रही हैं। पीलीभीत रोड पर पासपोर्ट ऑफिस के पास रहने वाले रामवीर सिंह ने अपने तीन मंजिला घर को ही अपना खेत बना रखा है। घर के कोने-कोने में सब्जियों और फलों की फसलों की हरियाली दिखाई दे रही है। इजराइल की हाइड्रोपोनिक तकनीक पर करीब आठ साल पहले शुरू की गई इस खेती की बदौलत उनका सालाना कारोबार 80 लाख तक पहुंच गया है। रामवीर की यह उपलब्धि एक मिसाल बन गई है, विदेशों से भी लोग उसे देखने पहुंचते हैं।



तीन मंजिला मकान को बनाया सब्जी घर

रामवीर के घर में हर तरफ सब्जियों और फलों का अंबार उनके जुनून की कहानी बयां कर रहा है। घर का छज्जा पालक, धनिया और फूल गोभी से भरा हुआ है तो बालकनी में स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी और शिमला मिर्च की फसल लहलहा रही है। करीब दो सौ वर्ग गज में बने उनके तीन मंजिला घर में 12 हजार से ज्यादा पौधे लगे हुए हैं। घर पर हाइड्रोपोनिक खेती का प्रयोग सफल होने के बाद रामवीर ने बड़ा बाईपास के पास दो एकड़ का एक फार्म भी बना लिया। वहां भी उन्होंने हाइड्रोपोनिक तकनीक से करीब 18 हजार पौधे लगा रखे हैं। रामवीर के मुताबिक इजराइल की हाइड्रोपोनिक तकनीक का उपयोग अब देश के बड़े शहरों में भी गति पकड़ रहा है।

पिछले बरसों में गुजरात, पुणे, मध्य प्रदेश, इंदौर समेत देश के कई राज्यों में उनकी साझेदारी में हाइड्रोपोनिक तकनीक से खेती के लिए फार्म खोले गए हैं। सोशल मीडिया से उनकी इस खेती की जानकारी पाकर लोग अब विदेश से भी उसे देखने पहुंचते हैं।

### रामवीर को दुबई से मिला आइडिया

रामवीर बताते हैं कि उनके एक दोस्त के चाचा को 2012 में कैंसर होने पर डॉक्टरों ने आशंका जताई कि फलों और सब्जियों में केमिकल इसका कारण हो सकता है। इसके बाद 2016 में वह दोस्तों के साथ दुबई गए तो वहां हाइड्रोपोनिक सिस्टम देखा, जिसमें बिना मिट्टी के पोषणयुक्त खेती की जा रही थी। जिसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया की मदद लेकर घर पर ही पूरा सिस्टम तैयार किया और खेती शुरू कर दी।

### पाइप में उगाए जाते हैं पौधे

हाइड्रोपोनिक खेती पाइपों के जरिए होती है। पाइप में ऊपर छेद कर पौधे लगाए जाते हैं। पाइप में पानी होता है, जिसमें पौधों की जड़ें डूबी रहती हैं। पानी में ही पौधों की जरूरत के मुताबिक पोषक तत्व घोल दिए जाते हैं। यह तकनीक गाजर, मूली, शिमला मिर्च, मटर, स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी, ब्लूबेरी, तरबूज, खरबूज, अनन्नास, अजवाइन, तुलसी, टमाटर, भिंडी जैसे छोटे पौधों वाली फसलों के लिए उपयुक्त है।

# शटल सेवा के विरोध में ई-रिक्शा चालक सड़क पर उतरे, हंगामा

## बाकरगंज चौराहा किया जाम, किदवई नगर से घंटाघर चौराहे तक संचालन की मांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



ई रिक्शा चालकों को समझातीं एसीपी ट्रैफिक सृष्टि सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** घंटाघर चौराहे को ई-रिक्शा फ्री जोन करने के लिए बाकरगंज से घंटाघर तक शटल सेवा चलाए जाने के विरोध में ई-रिक्शा चालक सड़क पर उतरे। किदवई नगर से घंटाघर तक ई-रिक्शा संचालन की मांग पर चालकों ने बाकरगंज चौराहा जाम कर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर एसीपी बाबूपुरवा, एसीपी ट्रैफिक, बाबूपुरवा पुलिस समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा। एसीपी ट्रैफिक ने लिखित रूप से समस्याएं मांग कर उसके निदान का आश्वासन दिया, जिसके बाद ई-रिक्शा चालकों ने जाम खोला। इस दौरान पुलिसकर्मियों की ई-रिक्शा चालकों से झड़प भी हुई।

घंटाघर चौराहे को ई-रिक्शा फ्री जोन करने के लिए बीते शनिवार को ट्रैफिक पुलिस ने बाकरगंज से घंटाघर तक शटल सेवा शुरू की थी। एडीसीपी ट्रैफिक शिवा सिंह व एसीपी ट्रैफिक सृष्टि सिंह ने 45 टेंपों में घंटाघर सेवा का लोगो लगाकर शटल सेवा की शुरुआत की थी। बताया था कि घंटाघर को ई-रिक्शा फ्री जोन बनाने के लिए यशोदा नगर, नौबस्ता, किदवई नगर से आकर घंटाघर की ओर जाने वाले ई-रिक्शा बाकरगंज चौराहे तक आएंगे। इसके बाद शटल सेवा में लगी टेंपों से राहगीर घंटाघर की ओर जाएंगे और वापस आएंगे। घंटाघर चौराहे पर ई-रिक्शा पर रोक लगने के बाद सोमवार सुबह सैकड़ों की संख्या में ई-रिक्शा चालकों ने बाकरगंज चौराहे पर रिक्शा लगाकर जाम कर दिया। रिक्शा चालकों ने किदवई नगर से घंटाघर तक ई-रिक्शा संचालन की मांग की। ई-रिक्शा चालक सैय्यद शाबान, एबाद हसन, नरेंद्र कुमार, सुरेश, महताब आलम, निखिल कुमार, मनीष गुप्ता ने आरोप लगाया कि घंटाघर से किदवई नगर आनी वाली सवारियां बाकरगंज चौराहे पर उतरने के बाद उचित दाम देने से आनाकानी कर रहीं हैं। नारेबाजी करते हुए उन्होंने कहा कि केवल ई-रिक्शा चालकों पर सख्ती की जा रही है, जो न्यायसंगत नहीं है। किदवई नगर से घंटाघर वाले रूट पर भारी संख्या में सवारियों का आवागमन होता है। रूट बंद करने से धंधा चौपट हो रहा है। आक्रोशित चालकों ने कहा कि अगर पाबंदी नहीं हटाई गई तो सभी चालक ई-रिक्शा वापस करने को बाध्य होंगे। एसीपी बाबूपुरवा अमरनाथ सिंह, एसीपी ट्रैफिक सृष्टि सिंह समेत बाबूपुरवा, किदवई नगर, नौबस्ता, गोविंद नगर पुलिस मौके पर पहुंची। एसीपी ट्रैफिक ने ई-रिक्शा चालकों को लिखित समस्या देने पर निराकरण का आश्वासन दिया।

### बाकरगंज में नहीं छोड़ी सवारी तो होगी कार्रवाई

आक्रोशित ई-रिक्शा चालकों ने एसीपी सृष्टि सिंह से बताया कि टेंपो चालक घंटाघर से सवारियां लेकर किदवई नगर व नौबस्ता की ओर जा रहे हैं, जिस कारण उनका धंधा पूरी तरह से चौपट हो रहा है। साथ ही ई-रिक्शा के अलावा अन्य सवारी वाहन मार्ग पर चलने का आरोप लगाया। जिस पर एसीपी ने बताया कि सिर्फ शटल सेवा का लोगो लगे वाहन ही घंटाघर तक जाएंगे। शटल सेवा वाले वाहनों को बाकरगंज में सवारियां उतारने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर टेंपो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। घंटाघर से किदवई नगर की ओर सवारियां बढ़ने पर और टेंपो शटल सेवा में शामिल किए जाएंगे।

## अब आरटीई का पत्र अभिभावक भी ले सकेंगे

**कानपुर।** आरटीई के तहत निजी स्कूल अब बच्चे के प्रवेश के लिए झूठ नहीं बोल सकेंगे। स्कूलों को जारी किए जाने वाले पत्रों को अभिभावकों को भी दिया जाएगा। इसके लिए खंड शिक्षा अधिकारियों और बेसिक विभाग के कर्मचारियों को आदेश दिया गया है।

पिछले सत्र में विभाग से प्रवेश के पत्र न पहुंचने के झूठ के चलते अभिभावकों को काफी परेशानी उठानी पड़ी थी। आरटीई के तहत पिछले सत्र में ऐसे 17 निजी स्कूल सामने आए थे जिन्होंने प्रवेश संबंधी विभाग के पत्र को स्कूल न पहुंचने का झूठ बोला था। इसके चलते अभिभावकों को दौड़भाग करनी पड़ रही थी।

इस समस्या के समाधान के लिए इस बार विभाग की ओर से हल निकाला गया है। निजी स्कूल यदि अभिभावकों से यह बात कहते हैं कि उनके यहां पर पत्र नहीं आया तो अभिभावक खुद खंड शिक्षा अधिकारी या बेसिक शिक्षा विभाग से पत्र की प्रतिलिपि ले सकते हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि आरटीई से जुड़े जिले के सभी अधिकारियों को यह आदेश दिया गया है कि वे अभिभावकों को पत्र की प्रतिलिपि प्रदान करें। इसके अलावा अभिभावकों से स्कूल के प्रति शिकायत भी दर्ज कराई जाएगी।

# दो घरों का ताला तोड़कर चोरी

चकेरी थानाक्षेत्र की घटना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



खुली पड़ी अलमारी।

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में चोरों ने दो बंद घरों को निशाना बनाकर लाखों का माल उड़ा दिया। पहली चोरी एयरफोर्स कर्मी के घर हुई तो दूसरी में प्राइवेट कर्मी को निशाना बनाया। दोनों घरों से चोरों ने करीब 13 लाख रुपये से ज्यादा के नकदी जेवरात पार कर दिये। पुलिस ने घटनास्थल की जांच के साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी चेक किए।

गांधी ग्राम निवासी संतोष कुमार अग्रवाल एयरफोर्स में ग्वालियर में तैनात हैं। परिवार में पत्नी भारती अग्रवाल व दो बेटे हैं। संतोष कुमार ने पुलिस को बताया कि घर पर किराएदार विजय शर्मा का परिवार भी रहता है। पत्नी बेटे के पास पुणे गई हुई हैं। विजय परिवार के साथ अपनी मां की मौत होने पर दो मार्च को फतेहपुर गए थे, घर पर ताला लगा हुआ था। रविवार को जब विजय वापस घर आया तो अंदर सामान फैला हुआ पड़ा था, जिस पर फोन कर घटना की जानकारी उन्हें दी। जिस पर वह सोमवार को वापस घर आए। चोर गेट के ऊपर खाली जगह से घर में घुसे और अलमारी व बेड के लॉकर तोड़कर 70 हजार रुपये नकदी समेत लाखों रुपये कीमत के जेवरात चोरी कर ले गए। साथ ही विजय के कमरे का भी ताला तोड़कर हजारों रुपये कीमत के जेवरात चोरी कर लिए। इसके बाद चोरों ने प्राइवेट नौकरी करने वाले हरि ओम गुप्ता के घर को निशाना बनाया। वह अपनी पत्नी माया गुप्ता के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि पत्नी व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ एक मार्च को जयपुर खाटू श्याम के दर्शन करने गए थे। सोमवार को जब वह घर वापस आये तो सामान फैला पड़ा हुआ था। चोर छत के रास्ते से घुसे थे। इसके बाद अलमारी में रखे 70 हजार रुपये नकदी समेत ढाई लाख रुपये के जेवरात चोरी कर ले गए। पीड़ितों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर सीसीटीवी चेक किए। इस संबंध में चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि पीड़ितों की तहरीर पर मामला दर्ज किया है।

### चोर गिरफ्तार, तिजोरी और नकदी बरामद



दुर्योधन पासी।

**कानपुर।** कलक्टरगंज थानाक्षेत्र में रविवार को शातिर चोर ने दुकान का ताला तोड़कर तिजोरी और नकदी चोरी कर ली थी। कलक्टरगंज पुलिस ने शातिर चोर दुर्योधन पासी निवासी कौशांबी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चोरी की गई तिजोरी और नकदी बरामद हुई है। कलक्टरगंज स्थित गुरुप्रसाद का हाता निवासी व्यापारी गोविंद राठौर ने पुलिस को बताया कि उसकी दुकान कलक्टरगंज गुड़ सिंघाडा मंडी मैदान में है। बताया कि तीन मार्च को वह अपनी दुकान को दोपहर में करीब 12:30 बजे बन्द करके घर गए थे। बताया कि शाम साढ़े पांच बजे दुकान में वापस आए तो शटर का ताला टूटा पड़ा था। दुकान के अन्दर रखी हुई तिजोरी जिसमें करीब 10-12 हजार रुपये थे, गायब थी। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पीड़ित व्यापारी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। कलक्टरगंज प्रभारी निरीक्षक ललित कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर चोर को तिजोरी और तकरीबन 10,850 रुपये नकदी के साथ गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक फैजान खान, कां सौरभ कुमार व बहादुर सिंह शामिल रहे। उन्होंने बताया कि आरोपी पर कौशांबी जिले से बलवा, मारपीट, धमकी के मुकदमे दर्ज हैं।





कर्मचारियों से हाइड्रोलिक मशीन के बारे में जानकारी लेते टीम के सदस्य।

# फिर मरम्मत होगी इकलौती हाइड्रोलिक मशीन की

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पिछले वर्ष मरम्मत में आया था 30 लाख का खर्च
- सात करोड़ की मशीन नौ साल से धूल फांक रही

**अमृच विचार।** दमकल विभाग के पास पिछले नौ वर्ष से खड़ी सात करोड़ की हाइड्रोलिक प्लेटफार्म मशीन सफेद हाथी साबित हो रही है। 2015 में शहर को मिली हाइड्रोलिक 2019 तक ही चल पाई। इसके बाद दो बार दमकल विभाग इसकी मरम्मत करा चुका है। जिसमें लाखों का खर्च आया। लेकिन वह रुपये भी बेकार चले गए। अब एक बार फिर से विभाग ने लखनऊ में हाइड्रोलिक को ठीक कराने के लिए पत्राचार किया है। टीम ने इसका निरीक्षण किया है, अब तीसरी बार इसकी मरम्मत की जाएगी।

टीम के सदस्यों का कहना था कि खड़े-खड़े यह बेकार हो रही है। इसे रोज थोड़ा बहुत मूव कराना जरूरी है। पिछले वर्ष मार्च में जब बांसमंडी की इमारतों में आग लगी थी तो लखनऊ, आगरा, प्रयागराज से हाइड्रोलिक प्लेटफार्म गाड़ी मंगाई गई थीं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष जुलाई में हाइड्रोलिक मशीन को लखनऊ भेजकर ठीक कराया गया था, करीब 30 लाख रुपये खर्च हुए थे लेकिन वह हफ्ते दस दिन ही चल सकी थी। इसके बाद फिर से पत्राचार कर इसे ठीक कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

### 2015 में इटली से आई थी

इटली से आई हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म को सात करोड़ रुपये में 16 जनवरी 2015 को अग्निशमन विभाग ने शहर के लिए मंगाया था। इसे फजलगंज फायर स्टेशन में रखा गया था। इसकी सीढ़ी बूम की मदद से 135 फुट ऊंचाई तक जाकर आग बुझाई जा सकती है और ऊंचाई पर फंसे लोगों को निकाला जा सकता है। आखिरी बार इसका प्रयोग वर्ष 2019 में किया गया था।

# रीजेंसी हेल्थ ने 20 चौराहे गोद लिए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- तय चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाएगा
- ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान में हाथ बढ़ाया





पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार को सहमति प्रदान करते रीजेंसी हेल्थ के निदेशक डॉ अतुल कपूर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने सम्भ्रांत नागरिकों से ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान में जुड़कर महत्वपूर्ण चौराहों और तिराहों को गोद लेकर सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की थी। जे के ग्रुप के बाद अब रीजेंसी हेल्थ ने आगे आकर सामाजिक जिम्मेदारी के तहत हाथ आगे बढ़ाए हैं और 20 चौराहों को गोद लिया है।

सोमवार को रीजेंसी हेल्थ के निदेशक डॉ. अतुल कपूर ने पुलिस कमिश्नर से शिष्टाचार भेंट की। रीजेंसी हेल्थ की तरफ से प्रथम चरण में 20 चौराहों को गोद लेने का जानकारी दी। ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत कैमरों की स्थापना के लिए गोद लिए हुए चौराहों की नामावली सूची के साथ सहमति पत्र प्रदान किया गया है। पुलिस कमिश्नर ने त्रिनेत्र एंबेसडर डॉ अतुल कपूर की प्रशंसा करते हुए पुलिस और नगर निगम की ओर से धन्यवाद किया।

उन्होंने बताया कि रीजेंसी हेल्थ द्वारा विभिन्न सामाजिक कार्यों के माध्यम से शहरवासियों एवं समाज की सेवा की जा रही है। इससे पहले जेके ग्रुप के निदेशक अभिषेक सिंघानिया ने 15 चौराहों को गोद लेकर कैमरे लगवाने का आश्वासन दिया था।

## खिड़की तोड़ नकदी और माल पार

**कानपुर।** जूही क्षेत्र के छंगामल हाते स्थित मोबाइल शॉप से चोर ने खिड़की तोड़ मोबाइल व नकदी पार कर दी। चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।

जूही निवासी पवन किशोर विश्वकर्मा की घर पर ही मोबाइल एसेसरीज व रिपेयरिंग शॉप है। उन्होंने बताया कि रविवार तड़के करीब चार बजे एक चोर दुकान के बाहर लगी खिड़की को तोड़ कर अंदर घुसा और आठ हजार की नकदी व करीब एक दर्जन मोबाइल चोरी कर ले गया। जूही इंस्पेक्टर ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर चोर की तलाश की जा रही है।

# मेडिकल लिट्रेचर के शब्द लिखे मिले कंकालों पर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**04** नरकंकाल बरामद हुए थे बर्रा से

- पोस्टमार्टम होने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली
- बर्रा के खाली प्लॉट में पड़े मिले थे नरकंकाल

**अमृत विचार।** बर्रा थानाक्षेत्र में खाली पड़े प्लॉट में मिले मानव अवशेषों, नरकंकालों का पोस्टमार्टम किया गया। जिससे यह तथ्य सामने आया है कि हड्डियों पर मेडिकल लिट्रेचर के शब्द लिखे मिले हैं। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों का एक अनुमान यह भी है कि अवशेषों का मेडिकल छात्रों ने कहीं उपयोग किया होगा। इसके बाद फेंक दिया गया होगा। हड्डियों पर लगे सिंदूर से लोग तंत्र-मंत्र की बात कह रहे हैं। कुल मिलाकर पुलिस अभी कुछ तय नहीं कर सकी है।

बर्रा के दामोदर नगर स्थित वैष्णो माता मंदिर के पास विकास राजपूत के खाली प्लॉट में बुधवार को एक बोरा पड़ा मिला था। बर्रा पुलिस ने बोरा खोलकर देखा तो चार नरमुंड व मानव शरीर के अन्य अवशेष मिले थे। रविवार को डॉ. एसपी वर्मा ने अवशेषों का पोस्टमार्टम किया। अवशेषों पर मेडिकल लिट्रेचर के शब्द लिखे हैं। जिससे विशेषज्ञ अनुमान लगा रहे हैं कि यह अवशेष किसी मेडिकल छात्र या कॉलेज के पास रहे होंगे। आमतौर पर अस्थि विज्ञान पढ़ते समय मेडिकल छात्र हड्डियों पर उनके वैज्ञानिक नाम लिख लेते हैं। करीब ढाई घंटे तक डॉक्टर हड्डियों की मदद से पूरा कंकाल बनाने की कोशिश करते रहे लेकिन पूरी हड्डियां न होने के चलते ढांचा स्पष्ट नहीं बन सका। डॉक्टर के अनुसार करीब 300 हड्डियां मिली हैं। जबकि मानव शरीर में हड्डियों की संख्या 206 होती है। इससे अनुमान है कि अवशेष एक से अधिक मानव शरीर के हैं। अब अवशेषों को मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। जहां एनाटामी, रेडियोलाजी, डेंटल, पैथालॉजिस्ट और फोरेंसिक विशेषज्ञ विभिन्न परीक्षणों के बाद मानव अवशेष के लिंग व आयु की गणना करेंगे। इस सबंध में एसीपी नौबस्ता ने बताया कि मूल रिपोर्ट आने के बाद स्थिति पता चलेगी। पुलिस इलाकाई लोगों से पूछताछ कर रही है। इलाके में कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

## नदी में मछली पकड़ रहे लोग पकड़े गए

**कानपुर।** गंगा बैराज में अवैध रूप से नदी में जाल डालकर मछली पकड़ रहे तीन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज जेल भेज दिया है।

कोहना पुलिस ने बताया कि रविवार को सूचना मिली कि गंगा बैराज के चेकडैम के किनारे तीन लोग जाल डालकर अवैध रूप से मछली पकड़ रहे थे। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर तीन आरोपियों को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम नवाबगंज निवासी ओम प्रकाश, ग्वालटोली खलासी लाइन निवासी रामू कश्यप, कोहना पुराना कानपुर निवासी आकाश राजपूत बताया। पुलिस को उनके पास से 12 किलोग्राम मछली, जाल व अन्य सामान मिला है।

# औद्योगिक मांग से बदले जाएंगे कौशल निखारने के तरीके

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कौशल विकास मिशन बदल सकता है कोर्स का प्रारूप
- औद्योगिक इकाइयों में हो रहा सर्वे, अप्रैल से लागू

**अमृत विचार।** कौशल विकास मिशन के तहत चलने वाले कोर्स व सेक्टर में नए सत्र से परिवर्तन हो सकता है। स्किल को निखारने के तरीकों में भी बदलाव की तैयारी चल रही है। इसकी वजह पिछले तीन सालों में औद्योगिक इकाइयों में तेजी से तकनीक में होने वाले बदलाव को माना जा रहा है। अधिकारी औद्योगिक इकाइयों का सर्वे कर उनका फीडबैक ले रहे हैं। अप्रैल से कोर्स में परिवर्तन की संभावना है।

जिले में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की ओर से 21 केंद्रों में 13 सेक्टर में कोर्स कराए जाते हैं। इस सत्र में 7700 सीटों पर युवा कोर्स कर रहे हैं।

कोराना काल के बाद से औद्योगिक क्षेत्रों में तकनीक में बदलाव को देखते हुए अब नए सत्र से स्किल को बेहतर करने के लिए प्रशिक्षण को अपडेट करने की तैयारी चल रही है। जिला कौशल प्रबंधक संजय सिंह ने बताया कि जिले से डिस्ट्रिक स्किल डेवलेप्मेंट प्लान मार्च के आखिरी सप्ताह तक भेजा जाएगा। उद्योग की मांग के अनुसार कुछ नए कोर्स डिजाइन किए जा रहे हैं।

### पारंपरिक तरीके बदलेंगे

नए सत्र से युवाओं को ऑटोमोबाइल का प्रशिक्षण लेते हुए अत्याधुनिक दोपहिया वाहन को समझने का कोर्स भी शामिल हो सकता है। इसके अलावा अपैरल में अत्याधुनिक मशीन से सिलाई सिखाई जा सकती है। ब्यूटी और वेलनेस सेक्टर में भी अत्याधुनिक मशीनों पर कार्य करने का प्रशिक्षण शामिल किया जा सकता है। निर्माण क्षेत्र में भारी मशीनों के इस्तेमाल को भी कोर्स में शामिल किया जा सकता है।

**सेहत की बात** — मौसम बदलने से वायरल फीवर और गले का संक्रमण लोगों पर हावी

# बुखार उतर तो जा रहा पर नहीं खत्म हो रही खांसी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मौसम में हो रहे बदलाव के कारण लोग गले में संक्रमण और वायरल बुखार की चपेट में आ रहे हैं। मरीजों का बुखार सप्ताह भर बाद उतर तो जा रहा है, लेकिन कमजोरी बनी हुई है। बुखार ठीक होने के बाद भी खांसी मरीजों का पीछा नहीं छोड़ रही है।

हैलट अस्पताल के मेडिसिन विभाग की ओपीडी में सोमवार को 500 से अधिक मरीज इलाज कराने को पहुंचे। इनमें से करीब 180 मरीज गले में खराश, चुभन, दर्द, खाना खाने में गले में दर्द होना, बुखार, खांसी, जुकाम, सीने में दर्द, जकड़न, नाक बंद होना की समस्या से ग्रस्त रहे।

सांस लेने में दिक्कत के करीब 20 मरीज पहुंचे। पुराने 90 मरीजों में से 30 मरीज ऐसे पहुंचे, जिनका बुखार तो ठीक हो गया लेकिन 10 से 15 बीतने पर भी खांसी नहीं जा रही है।

मेडिसिन विभाग के प्रो. जेएस कुशवाहा ने बताया कि मौसम में बदलाव की वजह से वायरल संक्रमण हावी है। बुखार ठीक होने के बाद खांसी बनी रहने की समस्या कई मरीजों में देखी जा रही है।

### बुखार, खांसी से परेशान

**केस 01** नमक फैक्ट्री निवासी मोना ने बताया कि गले में दर्द होने के बाद बुखार आया और उसके बाद खांसी आने लगी। दवा से बुखार व गले में दर्द तो ठीक हो गया, लेकिन खांसी की समस्या बनी हुई है। इस कारण सिर में दर्द भी होने लग रहा है।

### बार-बार चढ़ रहा बुखार

**केस 02** कल्याणपुर आवास-विकास निवासी अमित सिंह ने बताया कि पहले जुकाम हुआ फिर उसके बाद बुखार आया। दवा खाने के बाद बुखार उतर तो जा रहा है, लेकिन कुछ घंटों बाद फिर से बुखार चढ़ रहा है। गले में दर्द है और खांसी भी नहीं जा रही है।



हैलट अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

### ब्रेन हेमरेज के आठ मरीज हुए भर्ती

मौसम में हो रहे बदलाव के कारण सिर में तेज दर्द, चक्कर व बेहोशी के भी मरीज हैलट ओपीडी से लेकर इमरजेंसी तक में इलाज के लिए आ रहे हैं। इमरजेंसी में सोमवार को ब्रेन हेमरेज के आठ मरीजों को भर्ती करना पड़ा। सांस लेने में दिक्कत और शरीर व मस्तिष्क में ऑक्सीजन की कमी होने के कारण मरीजों को ब्रेन हेमरेज की समस्या हो रही है। डॉ.जेएस कुशवाहा ने बताया कि अचानक से सिर में गंभीर दर्द, निगलने में कठिनाई, शरीर का संतुलन या समन्वय न बन पाना, भ्रम या चीजों को समझने में कठिनाई, सुस्ती या बेहोशी आदि होने पर सतर्क रहने की जरूरत है। यह लक्षण ब्रेन हेमरेज के हैं।

## जेसीबी चालक को पीटकर किया घायल

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में रामादेवी चौराहे पर जेसीबी से काम करते समय गंदे पानी की छीटें पड़ने से विवाद हो गया। आरोपियों ने नगर निगम के जेसीबी चालक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है।

जूही परमपुरवा निवासी सूरज कुमार नगर निगम में संविदा पर जेसीबी चालक है। उसके अनुसार सोमवार दोपहर वह रामादेवी चौराहे पर नाले के निर्माण के लिए खुदाई कर रहा था। इसी दौरान गंदे पानी की छींटे पास में खड़े युवक के पड़ गईं। जिस पर आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर सूरज को मारापीटा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर युवक का मेडिकल कराकर मामला दर्ज किया गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैं अजीजुल हक पुत्र समीउल्लाह सिद्दीकी मेरे फ्लैट नं. 105 प्रथम तल परिसर सं. 14/138, 14/143, 14/144, 14/144ए. व 14/144 बी, चक नं. 14 चुन्नीगंज कानपुर का निष्पादन दिनांक 29/06/2010 को बहीं सं. 1 जिल्द सं. 5172 पृष्ठ सं. 399 से 436 पर क्रमांक 2143 आत्माराम खत्री द्वारा क्रय किया गया है जिसका मूल बैनामा कहीं खो गया है जिसका उपयोग अवैधानिक माना जायेगा।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं SANJAY LOHIA पुत्र RAJENDRA KUMAR LOHIA **निवासी- 1061, बाधमण्डी खैराबाद सुलतानपुर।** कुछ अभिलेखों में मेरा नाम SANJAY LOHIYA है। जिसे SANJAY LOHIA के नाम से जाना और समझा जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि मैनें अपना नाम KHURSHID BANO JEELANI से बदलकर KHURSHID AHMAD रख लिया है अब से मेरे सभी अभिलेखों में इसी नाम को लिखा पढ़ा व समझा जाये। KHURSHID AHMAD D/O MISQEEN ALI, 55,ELDECO GREENS, GOMTI NAGAR, LUCKNOW, 226010, U.P.

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति राम सुंदर भारतीय जीवन बीमा की पॉलिसी संख्या 213963223 के नामित रूप में रामावती अंकित हो गया है जबकि आधार व अन्य अभिलेख में मेरा नाम मायावती है। मैं मायावती व रामावती दोनों ही नाम से जानी जाती हूं। अतः मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाए। **- मायावती रामावती पत्नी स्व0 राम सुंदर, निवासी- ग्राम- सेमरहवा, पोस्ट - राजापुर परसौरा, जिला- गोंडा**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट सं0 T0275197 में मेरा नाम TAUQIR S/O TAUFAIK दर्ज है जो कि गलत है, मेरे प्रमाणपत्र आधार व पैन कार्ड में मेरा नाम TOQEER ALAM S/O TAUFEEK KHAN दर्ज है जोकि सही है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाय। **-तौकीर आलम पुत्र तौफीक खान नि0- ग्रा0 दक्खिन गांव धनेशा राजपूत तहसील मुसाफ़िरखाना जिला अमेठी।**

आज का मौसम
अगले पांच दिन हल्के बादल छाए रहने के आसार।

25.2° अधिकतम तापमान | 16.6° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06 : 28 | सूर्यास्त 06 : 12

# सीएसजेएमयू को यूजीसी से मिला श्रेणी-1 का दर्जा

## देश के सर्वोच्च शिक्षण संस्थानों में शामिल हुआ विश्वविद्यालय, नैक ए प्लस प्लस के बाद दूसरी बड़ी उपलब्धि हासिल की

गर्व के पल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ओर से छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर (सीएसजेएमयू) को कैटेगरी 1 में लिस्टेड किया गया है। कैटेगरी 1 विश्वविद्यालय का दर्जा मिलने के बाद सीएसजेएमयू देश के सर्वोच्च विश्वविद्यालयों में शामिल हो गया है। नैक ए प्लस प्लस हासिल करने के बाद विश्वविद्यालय की यह दूसरी बड़ी उपलब्धि है। इसका श्रेय कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कुलाधिपति आंनदीबेन पटेल को दिया है।

यूजीसी की ओर से सोमवार को कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक को पत्र के जरिये श्रेणीकरण के बारे में सूचना दी गई। यूजीसी सचिव मनीष आर जोशी की ओर से भेजे पत्र में कहा गया है कि 13 फरवरी 2024 को आयोजित 577वीं बैठक में सीएसजेएमयू कानपुर से प्राप्त प्रस्ताव की समीक्षा के बाद यूजीसी की ओर से इस विश्वविद्यालय को श्रेणी- 1 विश्वविद्यालय का दर्जा देने का निर्णय लिया गया है। अब विश्वविद्यालय और बेहतर अकादमिक वातावरण को तैयार करने के लिए आवश्यक कदम उठा सकेगा। इसके साथ ही श्रेणी- 1 विश्वविद्यालयों के हितों का लाभ उठाने का अवसर मिलेगा।




### देश-विदेश से आ रहीं शुभकामनाएं

- सीएसजेएमयू को पुरातन छात्र-छात्राओं के साथ, देश-विदेश से बधाइयां मिलनी शुरु हो गयी हैं। जनप्रतिनिधियों के साथ विश्वविद्यालयों के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों ने कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक समेत सभी अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

### वैश्विक पटल पर दिखेगा असर

- श्रेणी- 1 विश्वविद्यालय का दर्जा मिलने के बाद सीएसजेएमयू अकादमिक जगत के वैश्विक पटल पर उभर सकेगा। अब विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ बिना किसी बाधा के बेहतर अकादमिक संबंध, शोध के नए अवसर, साझा अनुसंधान के प्रोजेक्ट समेत ऑनलाइन पाठ्यक्रम से लेकर विषयों में स्वायत्तता के तहत लाभ उठा सकेगा।

### उच्च शिक्षा मंत्री ने दी बधाई

- प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने भी विश्वविद्यालय को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मूल्यांकनों में रैंकिंग उन्नयन करना और उपलब्धिपरक ग्रेड प्राप्त करना प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। निरंतर किए गए प्रयासों से ही विश्वविद्यालय को बेहतर श्रेणी मिलती है, जिसका सीधा लाभ उस विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को हासिल होता है। किसी भी क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार के लिए मूल्यांकन महत्वपूर्ण है। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय की यह उपलब्धि अन्य विश्वविद्यालयों के लिए प्रेरक होगी।

### विश्वविद्यालय के लिए नए रास्ते खुलेंगे


प्रो . विनय पाठक।

- कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने कहा कि इससे विश्वविद्यालय के लिए नए रास्ते खुलेंगे। खासतौर पर विश्वविद्यालय नए एमओयू कर सकेगा। विश्व के अन्य देशों के छात्रों के लिए भी शिक्षा के दरवाजे खुल सकेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रेड-1 मिलने से विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को नए आयाम हासिल हो सकेंगे। सबसे ज्यादा लाभ यहां के विद्यार्थियों को हासिल हो सकेगा। शोध कार्यों में भी इजाफा संभव हो सकेगा।

### डिप्टी सीएम बोले, हर्ष का विषय

- विश्वविद्यालय को मिली नई उपलब्धि पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने भी कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि 'यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने श्रेणी-1 विश्वविद्यालयों की सूची में शामिल किया है। नैक में ए प्लस प्लस ग्रेड हासिल करने के बाद यह सीएसजेएमयू की सफलता के शिखर की ओर एक और नई छलांग है। मैं कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक जी और उनकी पूरी टीम को देश के शीर्षस्थ विश्वविद्यालयों में सीएसजेएमयू को स्थान दिलाने के लिए बधाई देता हूं।'

हेलो डाक्टर
बढ़ती उम्र में कैसे रखें दिल का ख्याल जानिए एक्सपर्ट से!
बी0पी0, शुगर, कोलेस्ट्रॉल एवं दिल से सम्बन्धित समस्याओं के इलाज और बेहतर उपचार के लिए नारायना मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेन्टर के जनरल मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डा0 कुणाल सहाय से करें सवाल

दिनांक 05 मार्च दिन मंगलवार समय दोपहर 11 से 01 बजे।
मो.नं.: 9219805701

# नगर आयुक्त का छापा, 32 अफसर और कर्मी आफिस से गायब मिले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन के औचक निरीक्षण में नगर निगम मुख्यालय के कई अधिकारी एक बार फिर गायब मिले। मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी समेत स्मार्ट सिटी कार्यालय में भी कर्मचारी और अधिकारी समय से ऑफिस में नहीं थे। निरीक्षण अनुपस्थित मिले 13 अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोका गया है। कार्यालय से गायब 19 कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वरिष्ठ लेखा लिपिक संतोष सैनी सीट पर बैठे मोबाइल में वीडियो देख रहे थे। नगर आयुक्त ने उन पर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने मुख्यालय में स्थित केयर टेकर विभाग से निरीक्षण करना शुरू किया। यहां केयर टेकर रमेश अवस्थी सीट पर नहीं मिले। इसके बाद नगर आयुक्त स्वास्थ्य विभाग में पहुंचे, तो वहां मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. संध्या रानी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. चंद्रशेखर अनुपस्थित मिले। मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी भी ऑफिस में नहीं थे। निरीक्षण के बाद नगर आयुक्त ने सभी अधिकारियों को सख्त आदेश दिए कि अपने-अपने कार्यालय में समय से उपस्थित रहें। अधीनस्थ कर्मचारियों की उपस्थिति प्रतिदिन चेक करें। अगली बार निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित कर्मचारियों के संबंध में विभागाध्यक्ष और विभागीय अधिकारी से जवाब तलब किया जाएगा।


निरीक्षण करते नगर आयुक्त। अमृत विचार

### ये अधिकारी, कर्मी मिले अनुपस्थित

- राहुल अवस्थी, आशुतोष विक्रम सिंह (प्रोजेक्ट सेल), सुनील शुक्ला, वरिष्ठ लिपिक विधि, भूपिन्दर सिंह, वरिष्ठ लिपिक नक्शा, उपासना बाजपेई, कोमल शुक्ला, सुचित अग्रवाल, दिव्यांशु कश्यप, मनोज सभनानी (सभी स्मार्ट सिटी)

# आज यहां रहेगा बिजली का संकट

**कानपुर।** मरम्मत कार्य के कारण मंगलवार को कई क्षेत्रों में बिजली काटी जाएगी। इनमें से कई क्षेत्रों में बिजली दो से तीन घंटे और कुछ क्षेत्र में बिजली पांच से छह घंटे तक गुल रहेगी। केस्को की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार विष्णुपुरी, वीएसएसडी कॉलेज मार्केट क्षेत्र, मौनीघाट, गंगा बैराज, मुस्कान गेस्ट हाउस और उसके आसपास, हनुमंत विहार, संजय गांधी नगर, नारायनपुरी, दुर्गा विहार, राजीव विहार, टेलीफोन एक्सचेंज में बिजली काटी जाएगी। बिनगवां औंध गांव, केटल कॉलोनी, केंद्रांचल कॉलोनी, नौबस्ता के व आई ब्लाक, विराट नगर, उदय नगर, आरबीआई कॉलोनी, पोखरपुर, शास्त्री नगर सेंट्रल पार्क, विजय नगर, डबल पुलिया, दस दुकान, चैन फैक्ट्री, नवशीलधाम, गुलमोहर दयानंद विहार, न्यू आजाद नगर, इंद्रा नगर, रतनपुर आई,ओ,सी, ई ब्लाक व शिवाजी नगर में भी बिजली का संकट रहेगा।

# होटल मैनेजर को जेल अश्लील चैट वायरल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोविंद नगर स्थित रॉयल गैलेक्सी होटल में महिला कर्मचारी से रेप के आरोपी मैनेजर को सोमवार को पुलिस ने जेल भेज दिया। आरोप है कि होटल मैनेजर बीते दो माह से काम करने वाली सफाई कर्मचारी से अश्लीलता करता था जिसकी जानकारी सोमवार को पीड़िता व होटल मैनेजर के बीच हुई वाट्सएप चैट से सामने आई। सोमवार को आरोपी के वाट्सएप चैट सोशल मीडिया पर वायरल हुए। हालांकि अमृत विचार इस वायरल चैट की पुष्टि नहीं करता है।


विशाल वर्मा।

गोविंद नगर स्थित होटल रॉयल गैलेक्सी में काम करने वाली महिला कर्मचारी ने होटल मैनेजर विशाल वर्मा पर दो माह से अश्लीलता करने का आरोप लगाया था। पीड़िता का कहना था कि विरोध करने पर विशाल नौकरी से निकालने की धमकी देता था। पीड़िता की शिकायत पर गोविंद नगर पुलिस ने आरोपी मैनेजर विशाल के खिलाफ रेप की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। सोमवार को पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। वहीं सोशल मीडिया पर एक अश्लील चैट वायरल हुई जिसमें महिला कर्मचारी मैनेजर से व्हाट्सएप पर उसको परेशान करने व अश्लीलता करने का विरोध कर रही है। मैनेजर अपने कृत्य पर माफी मांग रहा है। गोविंद नगर इंस्पेक्टर प्रशांत मिश्र ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## एक नजर

### व्यापारियों के साथ बैठक डीसीपी का स्वागत

**कानपुर।** ऑपरेशन त्रिनेत्र की मदद से फीलखाना क्षेत्र से अपहृत बच्चे कार्तिक को सकुशल बरामद कर मां को सुपुर्द किया गया। इस मुहिम को और बेहतर करने के लिए व्यापारियों से ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत हर घर चौराहों-तिराहों पर उच्च कोटि के कैमरे लगवाने की अपील की गई। इस पर नवीन मार्केट के व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने व्यापारियों को सुरक्षा के लिए सहयोग करने के लिए कहा। एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह रहीं। व्यापारियों ने अपहृत बच्चे को बरामद करने पर सराहना करते हुए माला पहनाकर पुलिसवालों का स्वागत किया।

### किसानों को मुआवजा दिया जाए

**कानपुर।** भोजपुरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गहमरी ने कहा कि दो दिन हुई बारिश व ओलावृष्टि से गेहूं, सरसों, चना व अरहर की फसल को नुकसान हुआ है। सबसे ज्यादा नुकसान उन फसलों को हुआ है, जिनमें फूल लग रहे हैं। कई जगह खेतों में फसलें जमीन पर गिर गईं हैं। जिससे किसानों को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने इस संकट के समय में केंद्र व राज्य सरकार से मांग की है कि किसानों के नुकसान का मुआवजा देकर उन्हें राहत दी जाए।

### सिलेंडर से रेस्टोरेंट में लगी आग

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के श्यामनगर क्षेत्र में स्थित देशी वाइब्स रेस्टोरेंट में एलपीजी सिलेंडर में आग लग गई। रेस्टोरेंट मालिक ने सूचना मिनी कंट्रोल रूम में दी। सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि उन्होंने जाजमऊ और मीरपुर से दमकल की दो गाड़ियों को घटनास्थल पर रवाना किया। एफएस जाजमऊ यूनिट ने थोड़ी देर में आग बुझा दी। किसी प्रकार की कोई जनहानि अथवा इंजरी नहीं है। सिलेंडर ब्लास्ट होने की सूचना असत्य है।

# सोना लेकर चंपत संपत का गैर जमानती वारंट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बजरिया थानाक्षेत्र के बेकनगंज इलाके से सराफा कारोबारियों का 20 किलो सोना और करोड़ों की नकदी लेकर भागने वाले सोना कारीगर संपत राव लवेटे के खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी हो गया है।

बेकनगंज सर्राफा बाजार में सोने के पुराने आभूषणों को गलाने के लिए यहां के तमाम कारोबारी पिछले 25 से 30 वर्षों से संपत राव लवेटे नाम के कारीगर को अपना सोना देते थे। संपत मूलरूप से महाराष्ट्र के सांगली जनपद का रहने वाला है। वह परिवार के साथ बिरहाना रोड में नील वाली गली में किराए का मकान लेकर रह रहा था। संपत के साथ महेश मस्के के नाम का एक अन्य व्यक्ति भी रहता था। चार माह पूर्व कारोबारियों का 20 किलो सोना व एक करोड़ से ज्यादा की नकदी लेकर दोनों फरार हो गए थे। डीसीपी क्राइम रहे सलमान ताज पाटिल ने महेश मस्के को कुछ माल के साथ गिरफ्तार कर लिया था लेकिन संपत पुलिस के हाथ नहीं आया था। महेश मस्के को जेल भेज दिया गया था।


फरार संपत राव लवेटे। अमृत विचार

बजरिया इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने बताया कि संपत राव लवेटे के खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी हो गया है। अब पुलिस की एक टीम जल्द उसकी तलाश में फिर महाराष्ट्र भेजी जाएगी।

# वृद्धा को जलाकर मारने में दंपत्ति को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मकान के लालच में वृद्धा को मिट्टी का तेल डालकर फूंकने के दोषी दंपत्ति को जिला एवं सत्र न्यायाधीश (डीजे) द्वितीय की कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। 25-25 हजार जुर्माना भी लगाया। वर्ष 2018 में वृद्धा के भतीजे ने दंपत्ति के खिलाफ बिधनू थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

बिधनू थानाक्षेत्र के गोपाल नगर निवासी सियादुलारी, पति राम किशन की मौत के बाद घर में अकेली रहती थीं। सियादुलारी की कोई संतान नहीं थी। उनके दूर के रिश्तेदार रमेश विश्वकर्मा परिवार के साथ उनके मकान में रहते थे। चार अक्टूबर 2018 को सियादुलारी का शव उनके कमरे में जला मिला था। कमरे में चारों ओर मिट्टी का तेल फैला पड़ा था। भतीजे संतोष कुमार ने रमेश विश्वकर्मा व उसकी पत्नी जयदेवी के खिलाफ बिधनू थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। संतोष ने बताया था कि रमेश चाची सियादुलारी को पेंशन का झांसा देकर कचहरी ले गया था, जहां उसने मकान की रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली थी। जानकारी होने पर चाची ने रजिस्ट्री निरस्तीकरण का मुकदमा दाखिल किया था। जिसके बाद से रमेश सियादुलारी से रंजिश मानता था और मुकदमा वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी देता था। मामला डीजे द्वितीय प्रदीप कुमार सिंह की कोर्ट में विचाराधीन था। एडीजीसी अपराध रविंद्र अवस्थी व एडीजीसी ओमकार नाथ वर्मा ने बताया कि कोर्ट ने रमेश व उसकी पत्नी जयदेवी को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास व 25-25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।



### पुलिस से की थी शिकायत, नहीं की सुनवाई

- संतोष ने बताया था कि मुकदमा वापस न लेने पर रमेश अक्सर चाची को धमकी देता था। चाची ने पुलिस से रमेश की शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी।

### एक दिन पहले पड़ोसी को दी थी जानकारी

- मामले में गवाह पड़ोसी कोकिला देवी ने कोर्ट में बताया कि वह सियादुलारी के घर के बगल में रहती थीं। घटना से एक दिन पूर्व तीन अक्टूबर की शाम वह सियादुलारी के पास बैठी थीं। तब उन्होंने रमेश व उसकी पत्नी जयदेवी द्वारा मकान पर कब्जा करने की जानकारी दी थी।

**25** 25 हजार रुपये का जुर्माना भी डीजे द्वितीय की कोर्ट ने लगाया

**2018** में बिधनू थाने में दर्ज कराई थी रिपोर्ट

टेककृति | देश-विदेश के 15 सौ से अधिक कॉलेज होंगे शामिल, 'द कॉस्मिक नेक्सस' रहेगी थीम

# आईआईटी में 14 से एशिया का सबसे बड़ा टेक फेस्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एशिया के सबसे बड़े टेक फेस्ट 'टेककृति' का आयोजन 14 से 17 मार्च तक आईआईटी कानपुर में होगा। इसमें देश-विदेश के 15 सौ से अधिक कॉलेज शामिल होंगे। तीस हजार से अधिक युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन की थीम इस बार 'द कॉस्मिक नेक्सस' रखी गई है। इस बार विभिन्न प्रतियोगिताओं में 55 लाख से अधिक का संयुक्त इनाम रखा गया है।

आईआईटी कानपुर में टेक कृति की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समारोह में चार दिनों तक नवाचार, प्रौद्योगिकी, उद्यमशीलता के नए आयामों के साथ रोजगार और इंटर्नशिप की संभावनाएं भी खुलेंगी। टेक फेस्ट में रोबोगेम्स, टेक ऑफ, सॉफ्टवेयर कॉर्नर, मंदाकिनी, मॉडल यूनाइटेड नेशंस, फिनटेक, ईसीडीसी, डिजाइन और टेक्नोवेशन सहित विभिन्न डोमेन में प्रतियोगिताएं होंगी। मास्टरकार्ड, ऑटोडेस्क, स्टॉकग्रो, अल्टेयर जैसी कंपनियों के उद्योग विशेषज्ञों की ओर से कार्यशालाएं भी होंगी।

आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो एस. गणेश ने बताया कि टेककृति दशकों से तकनीकी और उद्यमशीलता की उत्कृष्टता का गढ़ रहा है। यह फेस्ट उद्यमियों और तकनीकी उत्साही लोगों सहित शिरकत करने वाले छात्रों के लिए जुड़ने, सीखने और आगे बढ़ने का अनोखा अवसर होगा। टेककृति भविष्य के इंजीनियरों और विज्ञान के प्रति उत्साही लोगों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति का प्रदर्शन करने के लिए गूगल, रोबोटिक्स, ड्रोन और ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी के साथ लॉट जैसे महत्वपूर्ण डोमेन पर कार्यशालाओं की मेजबानी करेगा। टेककृति में प्रदर्शनियां, स्टार्टअप और विचार मंथन भी होगा।







**55** लाख से अधिक का संयुक्त इनाम रखा गया है

**1500** से अधिक देश-विदेश के कॉलेज इसमें शामिल होंगे

### ऑटो एक्सपो भी लगाई जाएगी

- समारोह में इस बार एक ऑटो एक्सपो भी लगेगी। इसमें फरारी और अन्य कारों के साथ-साथ सॉफ्टबैंक रोबोटिक्स की ओर से एनएओ, एक ह्यूमनॉइड रोबोट को भी शामिल किया गया है। समारोह में धमाकेदार डीजे नाइट्स और स्टैंड-अप कॉमेडी एक्ट्स भी आकर्षण का केंद्र होगा।

### 24 प्रतियोगिताएं होंगी

- समारोह में 24 मुख्य प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया है। इनमें रोबोट की लड़ाई प्रमुख है। इस इवेंट में भविष्य की तकनीक का प्रदर्शन युवाओं की ओर से किया जाएगा। कोडिंग के माध्यम से भी टीमें आपस में प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

# लिपिक को फंसाया गया, निष्पक्ष जांच हो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कन्नौज में बेसिक शिक्षा विभाग के वरिष्ठ लिपिक को एंटी करप्शन टीम के पकड़े जाने के मामले पर सोमवार को कर्मचारी नेताओं ने एडी बेसिक को ज्ञापन दिया। कर्मचारी नेताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन लोगों ने कर्मचारी के खिलाफ साजिश की बात कही है।

ज्ञापन देने वालों में उप्र बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष तापस कुमार मिश्रा ने कहा कि एंटी करप्शन टीम की ओर से वरिष्ठ लिपिक को गलत तरह से फंसाया गया है। घटना का वीडियो इस बात को भी साफ करता है कि लिपिक की ओर से रुपये को न लिए जाने पर उसके साथ मारपीट की गई। ज्ञापन से पहले कर्मचारी नेताओं ने एडी बेसिक कार्यालय में एक बैठक भी की। बैठक में कर्मचारी नेताओं ने कहा कि प्रदेश के सभी बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यालयों में आगन्तुक पंजिका रखी जाए। इस पंजिका में कार्यालय आने वाले लोगों की पूरी जानकारी लिखी जानी चाहिए। कार्यालय के सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरा लगवाया जाये। प्रांतीय महामन्त्री शहाब सरताज, प्रांतीय उपाध्यक्ष सुधीर मिश्रा, इंद्रमणि मिश्रा, मंडल अध्यक्ष कानपुर मंडलन मो परवेज आलम, सुखेन्द्र यादव मौजूद रहे।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

# जिले में 10 लाख लोग हैं मोटापे से ग्रसित

## अनियमित दिनचर्या, गलत खानपान व तनाव इसकी वजह, मोटे लोगों में शुगर का खतरा सात गुना अधिक

**विश्व मोटापा दिवस**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अनियमित दिनचर्या, आरामदायक जीवन, गलत खानपान, शारीरिक श्रम न करना, तनाव व पर्याप्त नींद न लेना मोटापे की मुख्य वजह हैं। 50 लाख से अधिक आबादी वाले कानपुर में लगभग 10 लाख लोग मोटापे से ग्रस्त हैं। कुछ लोगों में मोटापे का कारण आनुवांशिक भी होता है। मोटे लोगों में अन्य लोगों की अपेक्षा शुगर का खतरा सात गुना अधिक होता है। यह जानकारी कानपुर आईएमए अध्यक्ष डॉ.नंदिनी रस्तोगी ने दी।

परेड स्थित आईएमए भवन सेवा के मंदिर में सोमवार को विश्व मोटापा दिवस पर प्रेसवार्ता में आईएमए सचिव डॉ.कुणाल सहाय ने बताया कि पुराने जमाने में मोटापे को समृद्ध परिवार से जोड़कर देखा जाता था, लेकिन आज इसे बीमारियों, गलत खानपान और जीवनशैली से जोड़कर देखा जाता है। समय रहते कंट्रोल न किया जाए तो इसके चलते दूसरी बीमारियां होने की आशंका बढ़ जाती है। लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष चार मार्च को वर्ल्ड ओबेसिटी डे यानी विश्व मोटापा दिवस मनाया जाता है। मोटापा कम होने से शुगर, बीपी, यूरिक एसिड, जोड़ों की तकलीफ, कोलेस्ट्रॉल व दिल की बीमारी से भी बचा जा सकता है। अध्यक्ष डॉ.नंदिनी रस्तोगी ने बताया कि मोटापे को बीएमआई की मदद से नापा जाता है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक 18-25 बीएमआई आने पर व्यक्ति स्वस्थ माना जाता है। 25-30 आने पर ओवरवेट और 30 से अधिक बीएमआई होने पर ओबीएस की श्रेणी में आते हैं। आरामदायक जीवन जीने और शारीरिक श्रम न करने से शरीर में कैलोरी व वसा की मात्रा बढ़ती है और व्यक्ति मोटापे की चपेट में आता है।



मोटापे से बचने की जानकारी देते डॉ.रघुवीर माथुर, डॉ.पीयूष मिश्रा, आईएमए सचिव डॉ.कुणाल सहाय व अध्यक्ष डॉ.नंदिनी रस्तोगी। अमृत विचार

### रोज पांच नए मरीज पहुंच रहे अस्पताल

गैस्ट्रो फिजिशियन डॉ. पीयूष मिश्रा ने बताया कि हॉस्पिटल में मोटापे के प्रतिदिन पांच नए मरीज आ रहे हैं। मोटापा को कम करने के लिए वर्तमान में एंडोस्कोपिक विधि से बेरियाट्रिक सर्जरी की जा रही है। जो लोग चाहकर भी अपनी डाइट पर नियंत्रण नहीं रख पाते हैं उनके लिए गैस्ट्रिक बैलून मोटापा कम करने का आसान तरीका है। परफेक्ट प्वाइंट के संचालक डॉ.रघुवीर माथुर ने बताया कि कुछ दवा, व्यायाम, योग व प्रोसीजर के द्वारा भी मोटापे को कम किया जा सकता है।



डॉक्टर अरुण आर्या, डा. राखी, डा. प्रतिभा ने जानकारी दी। अमृत विचार

## मोटापे से बच्चों में शुगर व लिवर के रोग

**कानपुर।** भारतीय बाल रोग अकादमी ने सोमवार को विश्व मोटापा दिवस पर हैलट के बाल रोग विभाग के सभागार में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। खलासी लाइन स्थित ऐलन हाउस स्कूल, छोटी गुटैया, रामा मेडिकल कॉलेज, नारायना मेडिकल कॉलेज में भी मोटापा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम हुए।

ऐलन हाउस व छोटी गुटैया में करीब 80 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ.अरुण कुमार आर्या ने बताया कि बच्चों में मोटापा एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। समय रहते नियंत्रण नहीं करने पर डायबिटीज, लिवर व कोलेस्ट्रॉल की समस्या कम उम्र में ही होने लगती है। बाल रोग अकादमी के अध्यक्ष डॉ. यशवंत राव ने बताया कि पहले बच्चे घर के बाहर खेलकूद करते थे, लेकिन अब मोबाइल में ही गेम खेलते हैं। जीवनशैली सही नहीं होने से मोटापा एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। इस दौरान डॉ. राखी जैन, डॉ. प्रतिभा, डॉ. राज तिलक, डॉ.निधिका पाण्डेय, डॉ. वीएन त्रिपाठी, डॉ.प्रशांत प्रियदर्शी आदि मौजूद रहे।

## माहे शाबान में माहे रमजान की तैयारियां तेज

**कानपुर।** इन दिनों माहे शाबान चल रहा है। माहे शाबान के आखिरी हफ्ते में माहे रमजान शुरू होगा जिसकी तैयारियों ने गति पकड़ ली है। शहर की सभी मस्जिदों में सफाई और रंगाई व पुताई का काम चालू है। नई-नई तसबीह, जानमाज और कालीनें भी खरीदी जा रही हैं।

माहे रमजान को कुछ दिन शेष बचे हैं। जिसकी तैयारियां जोरशोर से शुरू हो गईं हैं। मस्जिद हो या बाजार हर तरफ तैयारियों का माहौल है। एक तरफ मस्जिदों में रंगाई-पुताई और सफाई का काम शुरू है। वहीं रमजान का बाजार भी सजने लगा है।

ऑल इंडिया शिया युवा यूनिट के महासचिव नायाब आलम ने बताया कि अल्लाह ने मुसलमानों पर रोजे इसलिए फर्ज फरमाए हैं, जिससे अपने अंदर तकवा परहेजगारी पैदा कर सके। रमजान में हर नेक और बुरे काम का बदला 70 गुना अधिक होता है। अल्लाह रमजान में हर इंसान को मौका देता है कि वह अपने बुरे कामों से तौबा करे और अच्छे काम करने की ऐहेद करें। उन्होंने बताया कि कुछ लोग तो रमजान के दो-तीन दिन पहले से ही रोजे रखना शुरू कर देते हैं।


सब्जी विक्रेताओं की चकेरी थाना प्रभारी से नोकझोंक हुई। अमृत विचार

# वसूली, मारपीट पर सब्जी विक्रेता भड़के

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुलिस ने सब्जी व फल विक्रेताओं को कराया शांत

**अमृत विचार।** रामादेवी चौराहे पर अरसे से राहगीरों के लिए कोढ़ बनी सब्जी मंडी को कमिश्नरेट पुलिस ने फ्लाईओवर के नीचे शिफ्ट करा दिया था। सोमवार को सब्जी विक्रेताओं ने इलाके के दबंगों पर वसूली और मारपीट का आरोप लगाकर जमकर हंगामा काटा। पुलिस से उन लोगों की काफी नोकझोंक हुई। काफी मान मनौव्वल के बाद कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया गया।

सब्जी विक्रेताओं का कहना था कि फ्लाईओवर के नीचे मंडी शिफ्ट होने के बाद सफीपुर के दबंग लोग यहां आकर मारपीट करते हैं, साथ ही अवैध वसूली मांगते हैं। सोमवार को भी आरोपियों ने मारपीट की जिस पर सब्जी विक्रेता हंगामा करने लगे और मामले की शिकायत चकेरी थाने में की।

मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें शांत कराया। इस संबंध में चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि वसूली और मारपीट करने पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।


शिविर में रक्तदान करते रक्तदानी। अमृत विचार

## शिविर में 159 यूनिट रक्तदान

**कानपुर।** संकल्प सेवा समिति व जिला गंगा सुरक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस, गंगा बैराज में आईएमए ब्लड बैंक तथा मधुलोक ब्लड बैंक के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कुल 159 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर में मुख्य अतिथि डीएफओ दिव्या ने फीता काटकर उदघाटन किया। उन्होंने रक्तदान भी किया। संस्था के संरक्षक अनिल सिंह तथा संस्था के सदस्यों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर प्रोत्साहित किया। रक्तदान करने वालों में पुनीत द्विवेदी, विमल सेंगर, नीरज चौहान, योगेंद्र चौहान, रजनेश चौहान, सुधीर अरोड़ा, सौरभ चंदेल, हर्ष आदि रहे। महिलाओं ने भी बढ़ कर हिस्सा लिया। संस्था के अध्यक्ष सन्तोष सिंह चौहान ने बताया कि 159 वां रक्तदान शिविर था। उमेश निगम, राकेश गुप्ता आदि ने सहभागिता की।

# महिलाएं बोलीं, तीसरी बार भी बनवाएंगे मोदी की सरकार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** तीसरी बार भी भारत में प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी को ही देखना चाहेंगे, क्योंकि 2014 से निरंतर वह महिलाओं के हित में कार्य कर रहे हैं। 2014 से पहले जितनी भी सरकारें आईं, उन्होंने कभी भी महिलाओं के विषय में इतना नहीं सोचा था। यह बातें नारी शक्ति वंदन दौड़ में शामिल महिलाओं ने कहीं। अबकी बार 400 के पार मोदी सरकार आदि नारे भी लगाए।

सिविल लाइंस स्थित एमजी कॉलेज के बाहर सोमवार को महिला मोर्चा कानपुर उत्तर की पदाधिकारी समेत कई महिलाएं व युवतियां एकत्र हुईं। उसके बाद नारी शक्ति वंदन मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन को जिला अध्यक्ष दीपू पाण्डेय ने झंडी दिखा कर रवाना किया। महिलाओं ने कहा कि पहले महिलाएं अपने आप को सुरक्षित नहीं समझती थीं। आज सभी महिलाएं स्वतंत्र व सुरक्षित महसूस करती हैं। महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। पीएम आवास योजना के अंतर्गत महिलाओं और बेटियों को संयुक्त भागीदारी का हक दिया गया। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहेंगे। मैराथन दौड़ में भागीदारी कर रहीं महिलाओं को महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोज सिंह ने मेडल पहना कर सम्मानित किया। इधर, भाजपा दक्षिण महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने श्याम नगर स्थित राष्ट्रीय पब्लिक स्कूल से मैराथन दौड़ का आयोजन किया। दौड़ में स्वयं सहायता समूह, एनजीओ की महिलाओं व कई विद्यालयों की छात्राओं ने भागीदारी की। मैराथन दौड़ में प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय महामंत्री जयंती वर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी, लक्ष्मी श्रीवास्तव, स्नेहलता दीक्षित, शोभा शुक्ला, सीमा तिवारी, गुंजन शर्मा, सुधा सिंह ,लवली सक्सेना, अनीता , रीता शास्त्री, आशा तोमर, ऊषा किरण सिंह, लक्ष्मी शुक्ला, आशा पांडेय, ममता यादव, प्रियंका सिंह, शीलू त्रिपाठी, सोनिया श्रीवास्तव, बेबी शुक्ला, शुभ्रा अवस्थी, सोनी जायसवाल, मीरा त्रिवेदी, भारती सिंह, सुधा सिंह समेत आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

- नारी शक्ति वंदन मैराथन रन फॉर मोदी का आयोजन


नारी शक्ति वंदन मैराथन में शामिल महिलाएं , युवतियां व भाजपाई। अमृत विचार


श्याम नगर में मैराथन दौड़ में शामिल छात्र-छात्राएं व भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

# मनमोहक प्रस्तुतियों से बच्चों ने मनमोहा

**कानपुर।** गार्डेनिया पब्लिक स्कूल के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव जेनेसिस-2024 के पहले दिन सीएसए विवि प्रांगण में बच्चों ने जमकर धमाल किया। विद्यालय के मुख्य निदेशक सौरभ द्विवेदी व निदेशिका नीलम द्विवेदी ने अतिथियों का स्वागत किया। पीजी के बच्चों ने जंगल-जगल बात चली है...गीत पर मनमोहा। लोकनृत्य का परिचय देता हैरिटेज हारमोनी, केरल नृत्य शैली पर कान्तारा, लयबद्ध योगा, बेटी बचाओ, पिता-पुत्री के मार्मिक प्रेम की प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया। भारत का कीर्तिमान चंद्रयान-3, रामायण, शिव महिमा का बखान करता शिवनृत्य पर प्रांगण तालियों से गूंज उठा।


स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने धमाल मचाया। अमृत विचार

## सपा, बसपा, कांग्रेस मुस्लिमों को डराते

**कानपुर।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के तत्वाधान में चमनगंज के एक गेस्ट हाउस में कौमी चौपाल का आयोजन किया गया। अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर वासित अली ने मुस्लिम समुदाय को संबोधित करते हुए कहा मुस्लिम समुदाय को सपा बसपा, कांग्रेस ने मोदी-योगी से डरा कर रखा जबकि मुस्लिम समुदाय सिर्फ अल्लाह से डरता है। मुस्लिम समुदाय ने चुनावों में भाजपा को हराने वाले दलों को मतदान किया, उसके बाद भी भाजपा ने योजनाओं का लाभ मुस्लिम समाज को बराबर हक से दिया।

# पेट्रोल डाल कार में लगाई आग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- श्यामनगर चौकी पुलिस मामले को दबाए रही

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में रविवार देर रात श्यामनगर में एक रेस्टोरेंट के बाहर खड़ी कार में नकाबपोश ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। घटना वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। श्यामनगर चौकी पुलिस घटना को दबाए रही। कई घंटे बाद भी जानकारी से इन्कार किया।

श्यामनगर हाउसिंग सोसायटी रामपुर निवासी अनूप कुमार शुक्ला ने पुलिस को बताया कि प्रथम तल में उनका दीपक स्टूडियो है। नीचे उनके भतीजे रेस्टोरेंट का संचालन करते हैं। इसके बाहर उन्होंने प्लास्टिक शेड लगवा रखा है। जिसके नीचे कार खड़ी होती हैं। इसके आगे करीब ढाई फीट ऊंची रेलिंग नुमा ग्रिल नुमा दरवाजे हैं। उन्होंने बताया कि रविवार रात करीब 11:45 बजे वह अपनी कार खड़ी कर ऊपर घर चले गए। इसके बाद उनकी कार में आग लगने से तेज रोशनी हुई। यह देख खाना खा रहे रेस्टोरेंट के कर्मचारी बाहर की ओर भागे। आनन फानन में सबमर्सिबल पंप, अग्निरोधी यंत्र आदि की मदद से कार में लगी आग पर काबू पाया। इसके बाद पुलिस को सूचना देने के साथ सीसीटीवी फुटेज देखे। जिसमें स्कूटी से उतरकर एक युवक लोहे का ग्रिल गेट खोलकर रात 12:18 बजे अंदर घुसा। उसने प्लास्टिक की बोतल से पेट्रोल कार पर डालने के बाद आग लगा दी। फिर वह 12:23 बजे भाग निकला। आरोपी स्कूटी चलाकर साथी को बैठाकर बाईपास की ओर भाग निकला। वहीं श्यामनगर चौकी प्रभारी विपिन सिंह बघेल ने घटना से अनिभज्ञता जताई है।

**जनसमस्या** हटिया होली मेला महोत्सव कमेटी का प्रतिनिधिमंडल डीएम, पुलिस कमिश्नर से मिला

# ऐतिहासिक होली मेला पार्क के चारों तरफ अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- व्यवस्थाओं, समस्याओं पर अधिकारियों से चर्चा, पार्क से अतिक्रमण हटवाने की मांग
- 30 मार्च को होगा मेला जुलूस के रूट की साफ सफाई, मरम्मत की मांग

**अमृत विचार।** ऐतिहासिक होली मेला (गंगा मेला) की व्यवस्थाओं, समस्याओं और सुरक्षा के लिए सोमवार को कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल डीएम राकेश कुमार सिंह, पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मिला। पदाधिकारियों ने मेला पार्क के पास अतिक्रमण की प्रमुख समस्या बताई। डीएम ने नगर आयुक्त को समस्या के समाधान के लिए आदेशित किया।

कानपुर हटिया होली मेला महोत्सव कमेटी का प्रतिनिधिमंडल संरक्षक मूलचंद्र सेठ के नेतृत्व में दोनों अधिकारियों से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने बताया इस बार 30 मार्च को होली मेला मनाया जाएगा और समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा। बताया कि हटिया के ऐतिहासिक रज्जन बाबू पार्क के चारों तरफ अतिक्रमण है। अनेक कब्जेदार जमे हैं। जिससे मेले के आयोजन में दिक्कतें हो सकती हैं। अतिक्रमण हटवाया जाए। 24 मार्च तक समस्याओं का समाधान हो जाए तो सहुलियत होगी। हमेशा की तरह पार्क का रंग-रोगन हो और टूटी लाइटें ठीक कराई जाएं। पार्क की जालियों की मरम्मत, क्षतिग्रस्त पथ वे का निर्माण कराया जाए। जनरलगंज जैन मंदिर चौराहा से लाठी मोहाल तिराहा तक की सड़कों का पैचवर्क कराया जाए। जुलूस मार्ग की टूटी सड़कों का पैचवर्क भी जरूरी है। इस मौके पर संरक्षक के साथ महोत्सव कमेटी के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र विश्नोई, महामंत्री विनय सिंह, अधिवक्ता संतोष बाजपेई मौजूद रहे।


रज्जन बाबू पार्क हटिया के चारों तरफ कब्जा। अमृत विचार

### इन मार्गों से निकलेगा रंग का ठेला

रंग का ठेला हटिया रज्जन बाबू पार्क से शुरू होकर जनरलगंज बाजार, मनीराम बगिया, चौक, टोपी बाजार, कोतवालेश्वर मंदिर चौक, चौक सर्राफा, बीच वाला मंदिर मेस्टन रोड, कोतवाली चौराहा, संगमलाल मंदिर, कमला टॉवर, फीलखाना, बिरहाना रोड, नयागंज चौराहा, लाठी मोहाल, जनरलगंज बाजार होते हुए वापस रज्जन बाबू पार्क में पूर्ण विश्राम होगा।

### 24 से 30 मार्च तक बाजार रहेगा बंद

महोत्सव कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस कमिश्नर को बताया कि 24 से 30 मार्च तक थोक बाजार जनरलगंज, नयागंज, बिरहाना रोड, कुली बाजार, हटिया बंद रहेगी। इस बंदी के दौरान बाजारों में गश्त के लिए स्पेशल पिकेट लगाई जाए। जिससे चोरी की घटनाएं न हों। 30 मार्च को रंग ठेला जुलूस की सुरक्षा के साथ रज्जन बाबू पार्क में पुलिस बल तैनात रहे। इसी दिन शाम बाल मेला की विधिवत सुरक्षा व्यवस्था रहे। इसके अलावा शिलालेख पर पुष्पांजलि करके तिरंगा फहराया जाता है, इस अवसर पर होम गार्ड राष्ट्रीय धुन बजाते हैं। इसकी व्यवस्था कराई जाए।

## अवसाद में छात्रा ने फांसी लगाई

**कानपुर।** कोरोना काल से अवसादग्रस्त बीएससी की छात्रा ने सूने घर में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मां के वापस लौटने पर दरवाजा न खुलने पर पड़ोसी के घर से जाकर देखा तो शव फंदे से लटक रहा था। नौबस्ता पुलिस ने छात्रा के मोबाइल को जब्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

नौबस्ता के आवास विकास निवासी बुक स्टाल संचालक राकेश यादव ने बताया कि कोरोना काल से बेटी कोमल अवसाद में चल रही थी। सोमवार को उनकी पत्नी दुकान पर खाना देने के लिए निकलीं तो बेटी ने मकान के पहली मंजिल पर बने कमरे में साड़ी के सहारे पंखे के कुंडे में लटक कर आत्महत्या कर ली। पत्नी वापस लौटीं तो दरवाजा न खुलने पर पड़ोस के मकान के सहारे अंदर जाकर देखा तो कोमल फंदे पर लटकती मिली।

समाचार पत्र पंजीयन (केन्द्रीय), कानून 1956 आठवें नियम के अन्तर्गत अपेक्षित 'अमृत विचार' कानपुर नामक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र से संबंधित स्वामित्व और अन्य बातों का ब्यौरा

**प्रपत्र-4**

| | |
|---|---|
| 1. प्रकाशन का स्थान | : लखनऊ |
| 2. प्रकाशन की अवधि | : दैनिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : शंभू दयाल वाजपेयी |
| क्या भारत के नागरिक हैं | : हां |
| पता | : 116, आवास विकास, सिविल लाइन्स,बरेली |
| 4. प्रकाशक का नाम | : शंभू दयाल वाजपेयी |
| क्या भारत के नागरिक हैं | : हां |
| पता | : 14/76- एल सिविल लाइन्स कानपुर नगर, उ0प्र0- 208001 |
| 5. सम्पादक का नाम | : शंभू दयाल वाजपेयी |
| क्या भारत के नागरिक हैं | : हां |
| पता | : 116, आवास विकास, सिविल लाइन्स,बरेली |
| 6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | : रुहेलखंड इंण्टरप्राइजेज बरेली |

मैं शंभू दयाल वाजपेयी एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार दिए गए विवरण सत्य हैं।

तारीख: 5 मार्च, 2024

हस्ताक्षर
शंभू दयाल वाजपेयी
मुद्रक/प्रकाशक

## 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रदेश में सबसे कम मतदान वाली सीटों में दूसरे पायदान पर था शहर

# ...अबकी बार वोट नहीं डालने वालों को हराना है

मनोज त्रिपाठी, कानपुर


**अमृत विचार।** निर्वाचन आयोग ने 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रदेश में सबसे कम मतदान वाली जिन 10 सीटों पर मताधिकार प्रोत्साहन की 'रोल फार पोल' और 'वोटर टर्नआउट' कार्ययोजना बनाई है, उनमें कानपुर शहर दूसरे नंबर पर है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रदेश में औसतन 59.11 प्रतिशत मतदान हुआ था। इसके मुकाबले कानपुर में 51.40 प्रतिशत वोट ही पड़े थे। आयोग ने कम मतदान का विश्लेषण बूथ स्तर पर करके वहां के मतदाताओं को मतदान के लिए मनाने का फैसला लिया है। ऐसे क्षेत्रों में जागरूकता एक्सप्रेस वैन भी भेजी जाएंगी।

शहर में लोकसभा, विधानसभा या नगर निगम कोई भी चुनाव हो, मतदान नहीं करने वालों का प्रतिशत हर चुनाव में बड़ा हिस्सा रहता है। मतदान बढ़ाने की तमाम कोशिशों के बावजूद जीतने और हारने वालों से ज्यादा वोट उनके होते हैं, जो मताधिकार का इस्तेमाल ही नहीं करते। यह हाल तब है, जब मतदाता को लोकतंत्र का नायक माना जाता है। कहा जाता है कि जितना ज्यादा मतदान होगा, लोकतंत्र उतना ज्यादा मजबूत होगा। इससे साफ है कि वोट नहीं देने वाले अप्रत्यक्ष रूप से अयोग्य उम्मीदवारों की मदद ही करते हैं।



### जनता बोली, इन कामों से बढ़ेगा मतदान

- 18 वर्ष आयु पूरी होने पर स्कूल-कालेज में ही मतदाता बना दिया जाना चाहिए
- घर-घर सूची में नाम जांचने और मौके पर मतदाता बनाने का अभियान चले।
- आधार नंबर से जुड़ी पर्ची का मैसेज भेजा जाए, उसके आधार पर वोट पड़े।
- मतदान केंद्रों में टोकन सिस्टम लागू हो ताकि लोग आसानी से वोट दे सकें
- डिजिटल इंडिया में वोट देने के लिए भी ऑनलाइन व्यवस्था की जानी चाहिए।
- मतदान नहीं करने वालों को कुछ सुविधाओं से तत्काल वंचित करना चाहिए




### कोउ नृप होय हमहिं का हानी...

- मतदान नहीं करने वाले अधिकतर लोगों का मानना रहता है कि सरकार चाहे किसी भी दल की बने उनकी स्थिति-परिस्थिति में कोई खास बदलाव आने वाला नहीं है। हालांकि पिछले कुछ समय से यह स्थिति बदली है।

### प्रत्याशी से नापसंदगी, पार्टियों और मुद्दों के प्रति उदासीनता

- एक सर्वे के मुताबिक अधिकतर पढ़े-लिखे लोगों में मतदान के प्रति लापरवाही का मूल कारण जनप्रतिनिधि से निराशा या नापसंदगी रहती है, जिसके चलते किसी भी प्रत्याशी को योग्य नहीं मानते हैं। इसके साथ ही चुनाव अभियान के मुद्दों से बेरुखी अथवा राजनीतिक दलों का सत्ता के लिए ही सब कुछ करने वाला रवैया भी मतदान में उदासीनता का कारण रहता है।

- लगभग आधे मतदाता चुनावी प्रक्रिया में तमाशबीन रहते, दिलचस्पी लेते, पर संलग्न नहीं होते

### समस्याएं-कारण यह भी हैं

- मतदाताओं की बढ़ती संख्या के अनुरूप मतदान केंद्रों की संख्या नहीं बढ़ी है।
- शहरी मतदाता लाइन से बचने और छुट्टी मनाने जैसे कारणों से वोट नहीं डालते।
- लोग चुनावी वादे पूरे करने की गारंटी, मुद्दों और समस्याओं का हल चाहते हैं।

### वोट नहीं देने वाले ही सरकार को सबसे ज्यादा कोसते

- जो लोग वोट नहीं देते हैं, उनको सरकार से सवाल करने का भी हक नहीं है। लेकिन देखा यह जाता है कि जो लोग वोट नहीं देते हैं, वही सरकार और नेताओं पर ज्यादा टीका-टिप्पणी करते रहते हैं।

### 'अनसुने तीसरे' बदल सकते चुनाव परिणाम

- वोट न देने वालों को 'अनसुने तीसरे' के रूप में जाना जाता है। अगर इनके वोट मतदान प्रक्रिया में आएं तो बहुत संभव है कि चुनाव का नतीजा भी बदल सकता है।

### मताधिकार के ये आंकड़े कुछ कहते हैं

| 54.40% | 53.95% | 41.87% |
|---|---|---|
| लोगों ने किया 2022 के विधान सभा में मताधिकार | वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में वोट डाले गए थे | मतदान 2023 के नगर निगम चुनाव में हुआ था |

# अकबरपुर से ब्राह्मण तो कानपुर सीट पर अल्पसंख्यक प्रत्याशी !

### बसपा फेंट रही पत्ते

**कानपुर।** भाजपा प्रत्याशियों की घोषणा के बाद बहुजन समाज पार्टी भी अब प्रदेश की लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नाम फाइनल करने की कवायद में जुट गई है। पहली सूची में उन सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा करने का दबाव है, जहां भाजपा और समाजवादी पार्टी दोनों अपने प्रत्याशी घोषित कर चुकी हैं। अकबरपुर सीट भी इनमें से एक है, पार्टी इस सीट पर जातीय गणित का हिसाब-किताब लगाकर इस बार ब्राह्मण प्रत्याशी उतारने के विकल्प पर गंभीरता से विचार कर रही है। अकबरपुर लोकसभा सीट वर्ष 2019 के चुनाव में सपा से हुए गठबंधन के बाद बसपा के हिस्से में आई थी। पार्टी ने निशा सचान को टिकट देकर मैदान में उतारा था। लेकिन उन्हें भाजपा के देवेंद्र सिंह भोले के 57 .14 फीसदी मतों के मुकाबले 30 .09 प्रतिशत मत ही हासिल हुए थे। निशा सचान करीब पौने तीन लाख मतों से चुनाव हार गई थीं। कांग्रेस के टिकट पर उतरे राजाराम पाल 10 .85 फीसदी मत पाकर तीसरे नंबर पर रहे थे। इस बार राजाराम पाल सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी हैं। भाजपा भोले को टिकट दे चुकी है। ऐसे में बसपा अकबरपुर में ब्राह्मण प्रत्याशी पर दांव लगाने के मूड में है। वजह क्षेत्र में ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या करीब तीन लाख गिना जाना है।

### कानपुर में सपा के साथ कर सकती खेला

- सपा से गठबंधन के चलते 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने कानपुर लोकसभा सीट पर चुनाव नहीं लड़ा था। इससे पहले वर्ष 2014 के चुनाव में बसपा के सलीम अहमद ने 53,218 मत पाकर चौंका दिया था। इस बार भी बसपा प्रत्याशी की घोषणा में चौंका सकती है। सूत्रों के मुताबिक पार्टी ने सपा के एक अल्पसंख्यक नेता पर डोरे डाल रखे हैं। पार्टी की योजना इस नेता को बसपा में शामिल करके टिकट दिए जाने की है।

# 'महल के दरवाजे खड़े थे, अब बैठने को झोपड़ी मिली'

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवकुमार बेरिया और उनके समर्थकों की समाजवादी पार्टी में वापसी हो गई। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ में उन्हें पार्टी में शामिल किया। बेरिया सीसामऊ, बिल्हौर और रसूलाबाद से चार बार विधायक रहे हैं। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के करीबी गिने जाने वाले बेरिया अखिलेश से मतभेद के कारण 2022 में भाजपा में शामिल हो गए थे। बातचीत में उनका दर्द छलका। बोले, भाजपा ने कभी तरजीह नहीं दी। 'महल के दरवाजे पर खड़े थे, किसी ने नहीं सुनी, अब बैठने को अपनी झोपड़ी में जगह मिली'

बेरिया का कहना है कि भाजपा में शामिल होने के बाद किसी स्थानीय नेता तक ने फोन नहीं किया। बैठकों में बुलाना तो दूर की बात है। अखिलेश ने पार्टी में उनका योगदान बताते हुए सम्मान दिया है। इससे पहले वह भाजपा में रहते हुए अखिलेश यादव से दो बार मिले थे। एक बार तब जब नेताजी (मुलायम सिंह यादव) का निधन हुआ था तो बेरिया सैफई गए थे। दूसरी मुलाकात चार दिन पहले लखनऊ में हुई थी। सपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे शिवकुमार बेरिया को शिवपाल का करीबी माना जाता है। उपेक्षा से खिन्न होकर वह भाजपा में चले गए थे। लेकिन कभी सपा पर बयानी हल्ला नहीं बोला।


सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बेरिया को दिलाई सदस्यता। अमृत विचार

### अखिलेश कन्नौज से लड़े तो संभालेंगे रसूलाबाद का मोर्चा

- बेरिया की पहचान सपा में दलित चेहरा की रही है। वह रसूलाबाद (सु) से विधायक थे। यह सीट कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में आती है जहां से इस बार अखिलेश यादव का लड़ना लगभग तय माना जा रहा है। कन्नौज से 2019 में डिम्पल यादव की हार के कारणों में बेरिया फैक्टर भी चर्चा में आया था। उन्हें किसी कार्यक्रम में सुब्रत पाठक के साथ देखा गया था। इसे लेकर सपा में बेरिया विरोधियों ने अखिलेश के कान भर दिए थे। बेरिया की सपा में वापसी से कन्नौज लोकसभा सीट पर सपा प्रत्याशी को मजबूती मिलना तय माना जा रहा है।

# भाजपा नेताओं ने प्रोफाइल में लिखा 'मोदी का परिवार'

**कानपुर।** पटना में हुई इंडिया गठबंधन की रैली में राष्ट्रीय जनता दल नेता लालू प्रसाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर परिवार को लेकर निजी टिप्पणी की थी। भाजपाइयों ने इसे विवादित बयान बताते हुए जवाब में सोशल मीडिया के प्रोफाइल पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखने का अभियान छेड़ दिया है। भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, विधायक सुरेंद्र मैथानी, विधायक महेश त्रिवेदी समेत भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया के फेसबुक, एक्स, व्हाट्सएप अकाउंट पर पीएम मोदी के समर्थन में अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखकर पर पोस्ट करने की मुहिम शुरू कर दी है।

# ईवीएम को लेकर दूर कर रहे सारे भ्रम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मेरा वोट पड़ गया कि नहीं। ईवीएम की सीटी कब बजेगी, मतदान करने जाएं तो बूथ पर क्या ध्यान रखें। ऐसी अहम जानकारियों के साथ मतदाताओं को मतदान अवश्य करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शहर में 11 स्थानों पर मतदाताओं को ईवीएम से मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है।

स्टेट लेवल के ट्रेनर रुपेश सिंह ने बताया कि शहर में चुनाव मुख्यालय, तहसीलों और सभी एसीएम ऑफिस में मतदाताओं को ट्रेनर ईवीएम को लेकर जागरूक कर रहे हैं। ईवीएम से । मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया समझायी जा रही है। मतदाताओं को बैलट यूनिट, वीवी पैट, कंट्रोल यूनिट तीनों मशीनों के बारे में बताने के साथ मतदान केंद्र पर किन बातों का ध्यान रखें, कैसे मतदान करें, इसकी जानकारी और सभी भ्रमों को दूर करने के लिए मतदान का प्रैक्टिकल कराकर समझाया जाता है। इसके साथ ही मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।



ईवीएम मशीन से मतदान की जानकारी देते ट्रेनर। अमृत विचार

- शहर में 11 स्थानों पर मतदान प्रक्रिया समझाकर किया जा रहा जागरूक

# दिल्ली में डटे दावेदार पाठक ने भी मारी एंट्री

विशेष संवाददाता, अमृत विचार

**कानपुर।** भाजपा में कानपुर संसदीय क्षेत्र से दावेदारों की दिल्ली दौड़ तेज हो गयी है। अब तक दिल्ली में डेरा डाले टिकटार्थियों में एक और नाम और जुड़ गया है। यह नाम है, स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक का। माना जा रहा है कि विरोध, परस्पर विरोध और गुटबाजी में यदि पेच फंसा तो निर्विवाद दावेदार के रूप में अरुण पाठक की प्रत्याशिता पर विचार किया जा सकता है। दूसरी तरफ हैवीवेट ब्राह्मण नेताओं में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा का नाम भी पार्टी के भीतर चर्चा में है। दोनों के बीच कानपुर में होने वाले कार्यक्रमों में आने की होड़ सी लगी रहती है। टिकट घोषित होने में देरी के साथ ही दावेदारों की संख्या में इजाफा होता जा रहा है। मालिनी अवस्थी के नाम पर भी कानपुर में हलचल है तो सुरेंद्र मैथानी भी दिल्ली जाकर डट गए हैं। कहा जाता है कि यह नाम लखनऊ से भेजा गया है। बाकी सबके अपने-अपने समीकरण हैं।

कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की दस संसदीय क्षेत्रों पर भाजपा ने 2014 और 2019 के चुनाव में जातीय समीकरण साधते हुए प्रत्याशी उतारे थे। अबकी भी यही रणनीति बतायी जाती है। इसमें फतेहपुर, फर्रुखाबाद, बांदा से पिछड़ी जाति के प्रत्याशी तो कन्नौज, झांसी और कानपुर से ब्राह्मण प्रत्याशी, अकबरपुर और हमीरपुर से ठाकुर तथा इटावा और जालौन से अनुसूचित जाति के उम्मीदवार का गणित है। कानपुर छोड़कर बाकी नौ सीटों पर भाजपा ने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। समीकरण के मद्देनजर तो कानपुर से ब्राह्मण उतारा जाना चाहिए। पार्टी के लोगों को यही उम्मीद भी है।

लेकिन अपवाद स्वरूप विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का नाम लिया जा रहा है। पार्टी का एक खेमा कहता है कि महाना के दिल्ली में डटे होने के पीछे कानपुर में वर्चस्व की लड़ाई है। कानपुर में पचौरी बनाम महाना जगजाहिर है। यह बात नेतृत्व भी जानता है कि 2004 और 2009 के चुनाव में भाजपा गुटबाजी के चलते हार गयी थी। अबकी यूपी की सभी 80 सीटें जीतने के लक्ष्य के कारण पार्टी कोई जोखिम नहीं उठाएगी। ऐसे में पचौरी की मजबूत दावेदारी के बाद भी कोई नया चेहरा दिख जाए तो आश्चर्य नहीं होगा।


एमएलसी अरुण पाठक। अमृत विचार

- स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से दो बार एमएलसी चुने जा चुके अरुण पाठक
- कानपुर लोकसभा सीट पर सांसद पचौरी का पांव उखाड़ने में जुटे विरोधी

# मोदी कल करेंगे आधी आबादी को संबोधित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने मोर्चा, प्रकोष्ठ, विभागों के संयोजक व सह संयोजकों के साथ बैठक कर कार्यक्रमों पर चर्चा की। ग्रामीण जिलाध्यक्ष ने कहा कि छह मार्च को सुबह 10:30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से आधी आबादी को संबोधित करेंगे।

भाजपा दक्षिण जिले के सभी 13 मंडलों में महिला मोर्चा के मंडलवार कार्यक्रम होंगे। इनमें एक बड़ी एलईडी लगाई जाएगी, जिस पर पीएम का संबोधन सुना जाएगा। कार्यक्रम में स्वयंसेवी संस्था, एनजीओ, स्वयं सहायता समूह, महिला मोर्चा की बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक की महिला कार्यकर्ता भाग लेंगी। उन्होंने बूथ चलो बूथ जीतों, लाभार्थी संपर्क, नमो एप, पन्ना प्रमुख आभियान में जुटने को कहा। आठ मार्च को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पहले शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत महिला मोर्चा पांच मार्च को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पद यात्रा व बाइक रैली निकालेगा। जसविंदर सिंह, शिव शंकर सैनी, राम कुमार शुक्ला, प्रकाश वीर आर्य, भानु प्रताप शुक्ला, अशोक त्रिपाठी, रामजी मिश्रा, दिलीप सिंह, योगेंद्र सिंह, संजीव बेरी, अन्वेष शुक्ला, देवेंद्र गुप्ता व अमित बाजपेई रहे।



बैठक में कार्यक्रमों की तैयारी के संबंध में जानकारी देते जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह व मौजूद भाजपाई। अमृत विचार

# सपा की आयोग से मतदाता सूची में गड़बड़ी की शिकायत

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी ने चुनाव आयोग से मांग की है कि लोकसभा चुनाव की मतदाता सूची से नाम कटने पर हस्ताक्षर कराए जाएं तथा बूथ पर मतदान समाप्त होने के बाद अभिकर्ता को कितने वोट डाले गए इसकी संख्या लिखित में उपलब्ध करायी जाए।

मतदान प्रक्रिया को लेकर हुई बैठक में सपा नेताओं ने कहा कि अबकी किसी कीमत पर पोलिंग बूथों पर अनियमितताएं नहीं होने देंगे। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि चुनाव आयोग तथा सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को पत्र भेजकर बताया जा चुका है कि कानपुर की पांचों विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची में काफी संख्या में मतदाताओं के नाम के आगे डिलीटेड मोहर लगाकर नाम हटाने का संदेश दिया गया है। लेकिन इसके आगे किसी सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं है। सूची में डिलीटेड के आगे हस्ताक्षर कराया जाए तथा घरों पर आवास मलिक की अनुमति के बिना झंडे नहीं हटाए जाएं। प्रत्येक बूथ पर मतदान समाप्ति के बाद कितने मत पड़े, इसका फॉर्म 17 पर विवरण देने का प्रावधान है, लेकिन 2019 के चुनाव में अधिकांश बूथों पर यह विवरण नहीं दिया गया था। बैठक में प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू संजय सिंह बंटी सेंगर, महेंद्र सिंह बड़े ठाकुर, अर्पित त्रिवेदी, अनवर अली, पप्पू मिर्जा, मुमताज मंसूरी, गोविंद सिंह प्रधान उपस्थि रहे।

**चुनाव की तैयारी** | जिलाधिकारी का निरीक्षण, भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्जन प्लान बनाने के निर्देश

# ईवीएम स्ट्रांग रूम देखा, गल्ला मंडी में सफाई, लाइटें ठीक कराएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अभियान चलाकर मंडी परिसर में सफाई कराई जाए। स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत समय से पूरी कर ली जाए। इसके अलावा अन्य तैयारियां गंभीरता से पूरी की जाए। यह दिशा निर्देश सोमवार को डीएम राकेश कुमार सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत नवीन गल्ला मंडी नौबस्ता में निरीक्षण के दौरान दिए।

मतदान पार्टियों के प्रस्थान, ईवीएम स्ट्रांग रूम और मतगणना का काम नवीन गल्ला मंडी में ही होना है। इसके लिए आयोग के निर्देशानुसार तैयारियों के लिए डीएम ने अधिकारियों से कहा। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता से कहा कि तैयारियों का ब्लू प्रिंट पूर्व निर्वाचन की तर्ज पर तैयार कराएं। सचिव मंडी से कहा कि मंडी स्थल की सफाई गैंग लगाकर 10 दिनों में पूरी करें। मंडी परिसर में एक भी स्ट्रीट लाइट बंद नहीं रहनी चाहिए। डीसीपी ट्रैफिक से कहा कि पार्टियों की रवानी से एक दिन पहले भारी वाहनों के रूट डायवर्जन का प्लान बना लें। मतदान पार्टियों की रवानगी के लिए वाहनों की पार्किंग अलग-अलग लोकसभावार सुनिश्चित की जाए।


मंडी समिति में जिलाधिकारी रूट चार्ट देखते हुए। अमृत विचार

## अर्द्धसैनिक बल का मार्च, दिलाया सुरक्षा का एहसास

**कानपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए कमिश्नरेट पुलिस पूरी तरह से अलर्ट हो गई है। जोनवार एसीपी के नेतृत्व में आईटीबीपी जवानों के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया जा रहा है। चुनाव में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए अपराधियों पर शिकंजा कसा जाने लगा है। पश्चिम जोन के कल्याणपुर थानाक्षेत्र में रविवार को एसीपी अभिषेक पांडेय के नेतृत्व में जवानों ने क्षेत्र में पैदल मार्च किया था। सोमवार को सेंट्रल जोन में एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार, एसीपी स्वरूप नगर शिखर, एसीपी सीसामऊ के नेतृत्व में क्षेत्र भ्रमण किया गया। एसीपी कर्नलगंज के साथ सर्किल के सभी थानों की पुलिस और आईटीबीपी के जवान शामिल रहे। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि सेंट्रल जोन के सभी बूथों और मुख्य स्थानों पर पुलिस के साथ आईटीबीपी ने गश्त कर इलाके की जानकारी ली। इस दौरान हिस्ट्रीशीटरों के घरों की भी तलाशी कराई गई।

संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चंदर ने बताया कि लगातार सभी जोनों में लोकसभा चुनाव से पहले निगरानी की जा रही है। पुलिस की टीमें लगातार थानाक्षेत्रों में गश्त कर अराजक तत्वों की तलाश भी कर रही हैं। कमिश्नरेट के अति संवेदनशील और संवेदनशील बूथों की चेकिंग की जा रही है।


मार्च करते जवान। अमृत विचार

# पॉश बाजार में पल-पल रहती जाम की जकड़न

## आधी सड़क तक खड़े रहते वाहन, संकरे हो गए मुख्य मार्ग, फुटपाथों पर स्ट्रीट वेंडर्स का कब्जा, शौचालय कोसों दूर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**बेजार बाजार**



स्वरूपनगर में दिनभर रहता जाम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर की पॉश बाजार में शुमार स्वरूप नगर, आर्य नगर बाजार में पार्किंग की समस्या सबसे विकराल है। बाजार में आधी सड़क तक खरीदारों की गाड़ियां खड़ी रहती हैं, जिस कारण लोगों को पल-पल जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। शानदार होटल व रेस्टोरेंटों के लिए मशहूर इस बाजार में शाम को पैर रखने की जगह भी नहीं मिलती। 60 फिट चौड़े मुख्य मार्गों पर वाहनों की पार्किंग के कारण मार्ग सिकुड़ कर आधे रह जाते हैं। उच्चवर्गीय ग्राहकों की पसंद मानी जाने वाली इस बाजार में महिलाओं के लिए एक यूरिनल तक नहीं है।

करीब 60 वर्ष पुराना स्वरूप नगर, आर्यनगर बाजार की गिनती शहर के पॉश बाजारों में होती है। बाजार में 550 से अधिक दुकानें हैं। जिनमें दवा की दुकानें, ज्वैलरी, रेडीमेड गारमेंट शोरूम, होटल, रेस्टोरेंट, प्रतिष्ठित मिष्ठान की दुकानें हैं। स्वरूप नगर बाजार उच्चवर्गीय लोगों की बाजार मानी जाती है। शहर की पॉश बाजार होने के बावजूद मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है। बाजार में सबसे बड़ी दो प्रमुख समस्याएं पार्किंग व यूरिनल की हैं। बाजार में महिलाओं के लिए एक भी यूरिनल नहीं है। स्वरूप नगर पानी की टंकी के पास वर्षों पुराना यूरिनल बेकार हो चुका है। बाजार में पार्किंग के नाम पर कोई सुविधा नहीं है। मधुराज नर्सिंग होम के बगल वाली गली में पूरी रोड पर वाहनों की पार्किंग रहती है। मेडिकल स्टोर के सामने आधी-आधी सड़क तक वाहन खड़े रहते हैं, जिस कारण थोड़ी-थोड़ी देर में वाहनों की लंबी कतारें लग जाती है। चाट चौराहा से मॉर्डन बेकरी की ओर जाने वाली रोड के दोनों ओर के फुटपाथ व आर्य नगर चौकी के बगल में फुटपाथ अतिक्रमण के कारण पूरी तरह से गुम हो चुके हैं। फुटपाथ पर फल व स्ट्रीट वेंडर्स का कब्जा है। मॉर्डन बेकरी रोड पर ग्राहक सड़कों पर वाहनों को खड़ा कर खरीदारी को चले जाते हैं, जिस कारण दिन में कई बार वाहनों की लंबी कतारें लगती हैं। स्वरूप नगर, आर्य नगर व्यापार मंडल के चेयरमैन राजेंद्र शुक्ला ने बताया कि बाजार में शाम के समय होटलों व रेस्टोरेंट के किनारे वाहन खड़े हो जाते हैं, जिससे भीषण जाम लगता है। कई बार तो पैदल निकलना तक दुश्वार हो जाता है। नगर निगम अधिकारियों से बैठक में प्रस्ताव दिया गया था कि स्वरूप नगर की पार्किंग मोतीझील व आर्य नगर बाजार में आने वाले वाहनों के लिए परशुराम वाटिका के पास पार्किंग की व्यवस्था की जाए, लेकिन कुछ नहीं हुआ।




आधी सड़क तक पार्किंग। अमृत विचार

### क्या बोले व्यापारी



बाजार में पार्किंग की व्यवस्था न होने से ग्राहकों को वाहन खड़ा करने में दिक्कत होती है। पार्किंग को लेकर कभी-कभार ग्राहकों का आपस में विवाद तक हो जाता है। कुछ-कुछ देर में जाम लगने पर दुकान के कर्मचारियों को जाम खुलवाने के लिए लगाना पड़ता है।

–संजय मल्होत्रा



दुकानों के बाहर ग्राहक गाड़ियां खड़ी कर खरीदारी करने चले जाते हैं। अस्पताल के बगल वाली गली में पूरी रोड वाहनों से पटी रहती है, जिस कारण रोड पर पैदल निकलना तक दुश्वार है। पार्किंग की समस्या के कारण दुकान में चार पहिया वाहन लाना ही बंद कर दिया। पास में खाली पड़े पार्क में पार्किंग व्यवस्था हो जाए तो राहत मिले। –राम लुभाया वोहरा



फुटपाथ पर अतिक्रमण के कारण मजबूरीवश ग्राहकों को सड़क पर वाहन खड़ा करना पड़ता है। कई बार अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया गया, लेकिन समस्या जस की तस हो जाती है। फुटपाथ खाली करा कर स्थानीय पुलिस को दोबारा अतिक्रमण न होने की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। अतिक्रमण मिलने पर पुलिसकर्मी व व्यपारी दोनों पर कार्रवाई हो। – लखन रावत



बाजार में चाट चौराहे से कुछ दूरी पर मात्र एक ही यूरिनल है। महिलाओं के लिए पूरे बाजार में कही भी पिंक टॉयलेट की सुविधा नहीं है। जिससे महिला ग्राहकों को समस्या होती है। बाजार में ई-टॉयलेट सुविधा के लिए नगर निगम में कहा गया लेकिन सुविधा के नाम पर सिर्फ आश्वासन दिया गया।

–शिव नारायण गुप्ता

### समय से नहीं होती बाजार की सफाई

पार्किंग, यूरिनल के साथ बाजार में सफाई की व्यवस्था भी दुरुस्त नहीं है। व्यापारियों ने बताया कि बाजार में अधिकांश दुकानें सुबह नौ से 11 बजे के मध्य में खुल जाती हैं, लेकिन सफाई दोपहर 12 बजे के बाद होती है। दोपहर तक दुकानों के बाहर कचरा जमा रहता है।

# आईआईटी लाया सस्ते सोलर पैनल का तोहफा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महंगे सिलिकॉन सेल के विकल्प के रूप में सस्ती पेरोव्स्काइट सेल तकनीक विकसित की
- संस्थान के शोध को माना जा रहा क्रांतिकारी कदम चीन को मिलेगी चुनौती



**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर ने सौर ऊर्जा पर शोध में बड़ी सफलता हासिल की है। विशेषज्ञों ने सौर ऊर्जा उत्पादन में सिलिकॉन सेल के विकल्प के रूप में पेरोव्स्काइट सेल तकनीक तैयार की है। यह तकनीक सस्ती होने से इस शोध को क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है। पेरोव्स्काइट सेल तकनीक से सौर ऊर्जा उत्पादन में लागत घटने के साथ ही लक्ष्य हासिल करना आसान हो जाएगा।

आईआईटी के सतत ऊर्जा विभाग के इस शोध अनुसंधान से माना जा रहा है कि सिलिकान सेल के उत्पादन में चीन के वर्चस्व को भारत बड़ी चुनौती दे सकेगा। विभाग की ओर से बताया गया कि शोध परिणाम चकित करने वाले हैं। पेरोव्स्काइट सेल का सौर ऊर्जा उत्पादन में अभी तक इस्तेमाल इस कारण से नहीं हो पा रहा था, क्योंकि इसकी उपयोगिता उम्र सिलिकान सेल के मुकाबले काफी कम थी। अधिक गर्मी और नमी में ये जल्दी खराब हो जाते थे। आईआईटी कानपुर ने पेरोव्स्काइट सेल की इसी कमी को दूर कर दिया है। इसके साथ ही पेरोव्स्काइट सेल पर कार्बन की परत बिछाकर परा बैंगनी किरणों का प्रभाव रोक दिया है। इसी तरह कुछ और बदलाव करके पेरोव्स्काइट सेल की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ उपयोग अवधि को दो साल से ज्यादा कर दिया है।

### एक करोड़ घरों की छत पर सौर ऊर्जा उत्पादन लक्ष्य हुआ आसान

इस वित्तीय वर्ष के बजट में भारत सरकार ने देश में एक करोड़ घरों की छत पर सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा है। इस अभियान में तीन किलोवाट सौर ऊर्जा सिस्टम घरों की छत पर लगाया जाना है। इस सिस्टम में सौर पैनल की कीमत लगभग एक लाख रुपये आती है। पेरोव्स्काइट सेल का उपयोग करने पर ऐसा अनुमान लगाया गया है कि सौर पैनल की कीमत कई गुना कम होकर 10 हजार रुपये रह जाएगी। इससे सोलर पैनल आम लोगों तक आसानी से पहुंच सकेंगे। कम कीमत वाले सोलर पैनल सौर ऊर्जा के केंद्र सरकार के अभियान को और अधिक तेजी दे सकेंगे। आईआईटी कानपुर के सतत ऊर्जा विभाग के प्रोफेसर केएस नलवा का कहना है कि पेरोव्स्काइट सेल सबसे बड़ी कमियों को दूर करने में कामयाबी हासिल करने के बाद अब इन्हे पांच साल तक टिकाऊ बनाए जाने की तकनीक पर काम किया जा रहा है।

# आठ ट्रांसफार्मर कैसे फुंक गए, जवाब दें अभियंता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केस्को मुख्यालय में एसडीएम की समीक्षा बैठक

**अमृत विचार।** केस्को की बिजली व्यवस्था दो दिन की बेमौसम बारिश में बेपटरी हो गई। फाल्टों के साथ आठ ट्रांसफार्मर फुंक गए, जिससे हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सोमवार को एसडीएम सदर प्रखर कुमार सिंह ने केस्को अधिकारियों के साथ बैठक कर ट्रांसफार्मर फुंकने का कारण पूछा।

शहर में शनिवार और रविवार को हुई बारिश में पराग डेयरी सबस्टेशन के चार, जाजमऊ, बिजलीघर, फूलबाग व रतनपुर सबस्टेशन में एक-एक ट्रांसफार्मर फुंक गए थे। उपभोक्ताओं की शिकायत पर ट्रांसफार्मर बदले गए थे। इस दौरान हजारों लोग छह से सात घंटे बिजली के लिए परेशान रहे थे। एक साथ आठ ट्रांसफार्मर फुंकने के संबंध में सदर एसडीएम प्रखर कुमार सिंह ने सदर तहसीलदार के साथ सोमवार को केस्को मुख्यालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। ट्रांसफार्मर फुंकने और राजस्व वसूली कम होने के संबंध में जानकारी ली। केस्को अधिकारियों ने बताया कि बारिश की वजह से भूमिगत केबिल में फॉल्ट होने से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। प्रोटेक्शन के बावजूद ट्रांसफार्मर कैसे क्षतिग्रस्त हुए, इसका अभियंता से जवाब मांगते हुए राजस्व वसूली बढ़ाने पर जोर दिया गया। तय हुआ कि राजस्व वसूली में एसडीएम व तहसीलदार भी मदद करेंगे।

# रेलवे ने शुरू किया जयपुरिया क्रॉसिंग पुल निर्माण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेतु निगम ने अपने हिस्से का 55 फीसद काम पूरा कर लिया
- पुल बनने से लालबंगला और जाजमऊ आने- जाने में होगी आसानी

**7.50** मीटर चौड़ा पुल बन रहा है

**800** मीटर लंबाई है इस ओवरब्रिज की

**60** करोड़ रुपये लागत है प्रोजेक्ट की

**अमृत विचार।** कानपुर-लखनऊ रेलवे रूट पर स्थित जयपुरिया क्रॉसिंग पर रेलवे ने भी अपने हिस्से के पुल का निर्माण शुरू कर दिया है। सेतु निर्माण निगम ने 55 फीसद से ज्यादा काम कर लिया है। सांसद सत्यदेव पचौरी ने पिछले दिनों सर्किट हाउस में मीटिंग के दौरान रेलवे के अधिकारियों को तत्काल काम शुरू कराने का आदेश दिया था। इस पुल के बन जाने के बाद जाजमऊ, लालबंगला आना-जाना आसान हो जाएगा। इतना ही नहीं, सर्किट हाउस में होने वाली बैठकों में अधिकारियों को कटहरी बाग होते हुए नहीं जाना होगा। वे सीधे इसी मार्ग से चले जाएंगे। इससे करीब हर दिन दो लाख लोगों को फायदा होगा।



पुल के लिए बनाए गए पिलर। अमृत विचार

मालरोड से जयपुरिया क्रॉसिंग होते हुए जाजमऊ, लालबंगला की ओर आने जाने के लिए अभी मुरे कंपनी पुल और शिव नारायण टंडन सेतु का चक्कर लगाने के लिए लोग मजबूर होते हैं। सर्किट हाउस में जब भी कोई महत्वपूर्ण बैठक होती है तो मंत्री, सांसद, विधायक और अधिकारियों को मुरे कंपनी पुल होकर आना जाना पड़ता है। इससे न सिर्फ उनका समय बर्बाद होता है बल्कि जाम से भी जूझना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए 2021 में दो लेन पुल को मंजूरी दी गई थी। निर्माण के लिए 59.95 करोड़ रुपये लागत मंजूर की गई थी। 2022 में पुल का निर्माण सेतु निगम ने शुरू कर दिया था। अब रेलवे ने भी अपने हिस्से का काम शुरू कर दिया है। पुल बन जाने के बाद कानपुर- लखनऊ रेल मार्ग पर सौ से अधिक ट्रेनों और मालगाड़ियों की वजह से लगने वाले जाम से निजात मिल जाएगी और लोगों को आसान रास्ता मिल जाएगा। आरओबी 800 मीटर लंबा और 7.50 मीटर चौड़ा बन रहा है।

> पुल समय से बनकर तैयार हो जाए, इसके लिए निरंतर निगरानी कर रहा हूं। रेलवे से निर्माण शुरू करने के लिए कहा था। काम शुरू हो गया है। समय से पुल बनकर तैयार होगा।
>
> – सत्यदेव पचौरी, सांसद

## सार-संक्षेप



माला पहने निर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

### प्रदेश महामंत्री बने कानपुर के रतिकांत पाल

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य कर वैयक्तिक सहायक व आशुलिपिक सेवा संघ का द्विवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन कानपुर में हुआ। अधिवेशन में लखनऊ के राज कुमार सिंह को प्रदेश अध्यक्ष, कानपुर के रतिकांत पाल प्रदेश महामंत्री, मेरठ के जयदीप कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वाराणसी के राहुल यादव को उपाध्यक्ष, कानपुर के संदीप वर्मा को उपाध्यक्ष, कानपुर के रोहित शर्मा को संगठन मंत्री, मुरादाबाद के प्रवेश कुमार को संगठन मंत्री व गाजियाबाद के राहुल कुमार को संयुक्त मंत्री निर्वाचित किया गया। इस दौरान अपर आयुक्त ग्रेड-1 जीएस बौनाल, उपायुक्त प्रशासन सूरज पाल, प्रभात मिश्रा, सुरेश यादव, संदीप यादव, सत्येंद्र साहू, आयुष उमराव, राहुल सिंह, सुधीर कुमार, सुशील पाल, आदर्श सिंह, सुनीता, साधना, देवर्षि दुबे, उदय राज सिंह, अंकित कुमार, प्रवीण उमराव, हरि शंकर शिवहरे आदि मौजूद रहे।

### शिक्षकों की उठाईं मांगें

**कानपुर।** शिक्षकों की मांगों को लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के पदाधिकारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक से मुलाकात की। इस दौरान उन लोगों ने बीएनएसडी इंटर कॉलेज के शिक्षकों की मांग प्रमुख रूप से उठाई। संयोजक अजय मोहन शुक्ला ने जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार को पत्र देकर मांग की है कि बीएनएसडी इंटर कॉलेज चुन्नीगंज के शिक्षकों को चयन तथा प्रोन्नत वेतनमान तत्काल प्रदान किया जाए। क्षेत्रीय संयोजक ने जिला विद्यालय निरीक्षक को बताया कि वर्षों से शिक्षकों के चयन और प्रोन्नत वेतनमान लंबित है। जिला विद्यालय निरीक्षक को सौपे पत्र में शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ ने लिखित रूप से बताया कि विद्यालय के प्रबंधक सुरेंद्र कक्कड़ की हठधर्मिता के चलते शिक्षकों को चयन और प्रोन्नत वेतनमान प्राप्त नहीं हुआ है। बताया गया कि जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रबंधक को निर्देशित किया है कि तत्काल सभी शिक्षकों के चयन और प्रोन्नत वेतनमान की पत्रावली, प्रस्तुत की जाए।

### मोबाइल पर आएगा टीकाकरण का अलर्ट मैसेज

**कानपुर।** स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत एक होटल में की। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.यूबी सिंह ने बताया कि बच्चों व गर्भवतियों को अब देश में कहीं भी टीका लगवाया जा सकेगा। इसका लाभ सबसे अधिक उन महिलाओं व बच्चों को जो काम से अन्य जिलों व प्रदेश में चले जाते है। अगर कोई टीका लगवाना भूल भी जाता है तो उनके मोबाइल पर अलर्ट मैसेज भी भेजा जाएगा। इसके साथ ही जिन बच्चों को टीकाकरण नहीं हो सका है, उन तक पहुंचना भी आसाना हो सकेगा।

# तैयार किया था फर्जी गोदनामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फूलबाग से किया था बच्चे कार्तिक का अपहरण

**अमृत विचार।** फीलखाना थानाक्षेत्र के फूलबाग से अपहृत किए गए दो वर्षीय कार्तिक को पुलिस ने अपहरणकर्ता किदवई नगर निवासी रज्जन और बाबूपुरवा निवासी पंकज गुप्ता को एनकाउंटर में घायल करके सकुशल बरामद कर लिया था। पुलिस ने बताया कि अपहर्ता रज्जन की बहन पूनम की गोद सालों से सूनी है। उसने कहीं से बच्चा गोदनामा लेकर मुंह मांगी रकम देने की बात कही थी। रज्जन ने अपने दोस्त पंकज के साथ योजना बनाकर फूलबाग से कार्तिक का अपहरण किया और बहन को सौंप दिया। पुलिस टीम ने वहां जाकर जांच की तो गोदनामा फर्जी निकला।

एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह ने बताया कि फर्जी गोदनामा शपथ पत्र तैयार करके फतेहपुर की सीमा का बच्चा बताकर 4.5 लाख रुपये में देने में अपहकर्ता रज्जन और पंकज पर धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेजों से धोखाधड़ी करने की धाराएं बढ़ा दी हैं। उन्नाव के सफीपुर निवासी छोटू राजपूत 20 साल से फूलबाग फलमंडी के पास रहता है। 24 फरवरी की शाम को उसका बेटा कार्तिक (2) बड़ी बहन वैष्णवी और भाई शिब्बू के साथ फुटपाथ पर खेल रहा था। शाम करीब 4:40 बजे बाइक सवार दो बदमाश कार्तिक को उठा ले गए थे। पुलिस ने उसे बरामद कर लिया।

# 2,247 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे

**कानपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा में सोमवार को हाई स्कूल अंग्रेजी और इंटर के परीक्षार्थियों ने भौतिक विज्ञान का पेपर हल किया। अंग्रेजी की परीक्षा में 2,247 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इंटर भौतिक विज्ञान में 1,501 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। अंग्रेजी के परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र सामान्य था। उधर, भौतिक विज्ञान के प्रश्न पत्र के बहुविकल्पीय प्रश्नों को परीक्षार्थियों ने आसान बताया।

# ट्रेनों में भीड़ को लेकर तैयारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** होली पर गांव जाने या गर्मी की छुट्टियों में घूमने जाने की प्लानिंग है तो इस बार रेलवे ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। सेंट्रल स्टेशन से चलने वाली ट्रेनों में भीड़ और वेटिंग टिकटों का आकलन किया जा रहा है। इसकी रिपोर्ट प्रयागराज मंडल भेजी जाएगी। उसी आधार पर संबंधित रूट पर स्पेशल ट्रेन व भीड़भाड़ वाली ट्रेनों में कोच बढ़ाए जाएंगे।

मौजूदा स्थिति में कानपुर-नई दिल्ली शताब्दी और कानपुर-नई दिल्ली श्रमशक्ति एक्सप्रेस में काफी वेटिंग आने लगी है।

इस ट्रेन में होली से पहले कोच बढ़ाए जा सकते हैं। मार्च माह के आखिरी सप्ताह तक ज्यादातर स्कूलों में परीक्षाएं समाप्त हो जाएंगी। इसी माह होली है। इस को देखते हुए हर साल स्पेशल ट्रेनें चलाई जाती हैं। इस बारे में एसीएम रेलवे संतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सेंट्रल से करीब एक दर्जन ट्रेनें बनकर दूसरे राज्यों तक जा रही हैं। इसमें साप्ताहिक ट्रेनें भी शामिल हैं।

**खेल में बाधा** | यूपी-मुंबई का चार दिवसीय सेमीफाइनल मुकाबला, अंडर-23 कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी टूर्नामेंट रुका

# आउट फील्ड गीली, दूसरे दिन भी मैच नहीं हो सका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चारदिवसीय मैच में दो दिन हो गए बेकार
- पूरा मैच नहीं हो पाता तो यूपी को मिलेगा लाभ

**अमृत विचार।** अंडर-23 कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में यूपी और मुंबई के बीच सेमीफाइनल मुकाबले के दो दिन बारिश की भेंट चढ़ गये। सोमवार को दूसरे दिन मैच होने की संभावना थी, मगर आउट फील्ड गीली होने के कारण दूसरे दिन भी मैच टल गया। स्थितियां ऐसी बनीं कि टीमों के बीच टॉस तक नहीं हो पाया।

ग्रीनपार्क स्टेडियम में रविवार को यूपी और मुंबई के बीच सेमीफाइनल मैच होना था। मगर बारिश के कारण मैच सोमवार के लिए टल गया था। सोमवार को सुबह आउट फील्ड गीली होने के कारण मैच नहीं शुरू हो सका। दोपहर 12 बजे दोनों टीम के कप्तान, मैच रैफरी ने पिच और मैदान का जायजा लिया। एक घंटे बाद एक बजे फिर निरीक्षण करने के बाद तय हुआ दो बजे से मैच होगा। इसके बाद लगातार तीन बार मैदान का निरीक्षण किया गया। सहमति बनी कि मैच नहीं हो सकता, मौसम ठीक रहा तो मंगलवार से मैच होगा। चार दिवसीय मैच में अब दो दिन का खेल बचा है। देखना होगा कि मैच मंगलवार को शुरू हो पाता है कि नहीं।



मैदान का निरीक्षण करते दोनों टीमों के कप्तान व रेफरी। अमृत विचार

### क्या कहता है बीसीसीआई का नियम

घरेलू क्रिकेट के नियमों के अनुसार नॉक आउट मैच का यदि कोई नतीजा नहीं आता है तो विजेता का फैसला लीग मैचों में मिले अंकों के आधार पर निकाला जाता है। कर्नल सीके नायडू ट्राफी की अंक तालिका में यूपी टीम ग्रुप-ए में शामिल है और टीम ने सात लीग मैचों में पांच में जीत व दो में ड्रा खेलकर कुल 36 अंक पाकर पहला स्थान हासिल किया है। वहीं मुंबई ग्रुप-बी में शामिल है और उसने सात मैचों में चार में जीत व तीन ड्रा खेला है। वह 33 अंक लेकर ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। मुंबई के ग्रुप में विदर्भ 34 अंक लेकर पहले स्थान पर है। इस आधार पर यूपी की टीम मुंबई पर भारी है और ग्रीनपार्क में यदि पूरा मैच बारिश की भेंट चढ़ जाता है तो फायदा यूपी को ही मिलेगा।

### क्या होगी टीमों की प्राथमिकता

देखा जाए तो दोनों टीमों के बीच इस मैच का सीधा नतीजा निकलना मुश्किल दिख रहा है। अब दोनों ही टीमों की प्राथमिकता पहली पारी में बढ़त लेने पर होगी जिससे टीम फाइनल में प्रवेश कर सके। वहीं बारिश के कारण यदि दोनों ही टीमों के मध्य पहली पारी पूरी नहीं हो पाई तो इसका सीधा फायदा मेजबान टीम यूपी को मिलेगा।

# लखनऊ, झांसी का शानदार प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरुष फुटबाल प्रतियोगिता

**अमृत विचार।** ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरुष फुटबाल प्रतियोगिता के तीसरे दिन सोमवार को कुल चार मैच खेले गए जिसमें लखनऊ और झांसी ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में दस टीमें हिस्सा ले रही हैं। अब मंगलवार को दो टीमों के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

ग्रीनपार्क स्टेडियम में चल रहे ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरुष फुटबाल प्रतियोगिता के तीसरे दिन आठ टीमें मैदान पर उतरीं। कुल चार मैच खेले गए। पहला मैच लखनऊ व चित्रकूट के बीच खेला गया। जिसमें लखनऊ का जबरदस्त प्रदर्शन रहा।

टीम ने 04-0 से मैच जीत लिया। इसके बाद झांसी और आगरा की टीम मैदान पर उतरीं। झांसी के खिलाड़ियों ने 03-0 से विजय हासिल की। तीसरा मैच कानपुर देहात व बरेली के बीच खेला गया। बरेली की टीम ने लगातार प्रयास किए, मगर सफलता नहीं मिली। कानपुर देहात की टीम 01-0 से जीत गई। आखिरी मैच आजमगढ़ व फतेहपुर के बीच खेला गया। शुरूआत में दोनों टीमों में कांटे की टक्कर रही। बाद में आजमगढ़ ने मैच अपने पक्ष में कर लिया और टीम ने 05-02 से जीत दर्ज की। मंगलवार को पहला सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा। जिसमें लखनऊ व आजमगढ़ और कानपुर देहात व कानपुर नगर की टीमें आमने-सामने होंगी।



लखनऊ और चित्रकूट की टीमें भिड़ीं। अमृत विचार

# उपजाऊ जमीन को बंजर बना रहीं नमक फैक्ट्रियां

## दर्जनों की संख्या में संचालित फैक्ट्रियों के पास लाइसेंस तक नहीं, अवैध फैक्ट्रियों की तरफ कभी ध्यान नहीं देते जिम्मेदार

संवाददाता, बिधनू

- खेतों के पास जमा कर दिया जाता भट्ठियों का मलबा
- नमक की भाप से मकानों की दीवारें हो रहीं कमजोर

**अमृत विचारः** बिधनू ब्लाक में दर्जनों की संख्या में धधक रहीं अवैध काला नमक फैक्ट्रियां क्षेत्र की उपजाऊ जमीन को बंजर बना रही है। इतना ही नहीं, भट्ठियों से निकलने वाला धुआं फसल नष्ट करने के साथ पर्यावरण की हरियाली को झुलसा रहा है। नमक की भाप से मकानों की दीवारें नोना लगने से कमजोर हो रहीं हैं। क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहीं इन फैक्ट्रियों पर खाद्य एवं औषधि प्रसाधन विभाग (एफडीए) की भी नजर नहीं पहुंच रही है।

**भूमि बंजर, हरियाली चौपट :** गांवों के नजदीक चल रहीं फैक्ट्रियों का नमक आसपास की उपजाऊ जमीन को बंजर बना रहा है। भट्ठियों से निकलने वाला मटकियों का मलबा खेतों के पास जमा कर दिया जाता है, जिससे धूप और ओस पड़ने से नमक नमी पाकर पिघलता है और खेतों तक पहुंचकर मिट्टी खराब कर देता है। वहीं इन भट्ठियों से निकलने वाला धुआं फसल और हरे पेड़ों को रोग देकर सुखा देता है। हवा के जरिये बस्ती में ये नमक पहुंच कर मकान की दीवारों में नोना लगाकर खोखला कर रहा है। आसपास के हैंडपंप और कुओं का पानी भी खारा हो रहा है। ग्रामीणों ने कई बार इन फ़ैक्ट्रियों का विरोध किया। कई बार उच्चाधिकारियों से शिकायत की, लेकिन फैक्ट्री संचालक अधिकारियों और ग्राम प्रधानों से गठजोड़ कर नमक भट्ठियां धधका रहे हैं।


बिधनू क्षेत्र में खुलेआम धधक रही हैं नमक फैक्ट्रियां। अमृत विचार

शहर से हटकर ग्रामीण क्षेत्रों में उपजाऊ जमीनों पर बस्ती के नजदीक नमक फैक्ट्रियां चला रहे संचालक मुनाफे के चक्कर में नियमों को भट्ठियों में स्वाहा कर रहे हैं। इनके पास प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का सर्टीफिकेट तो दूर, इनके पास एनओसी और लाइसेंस भी नही है। फिर भी यहां काले नमक का धड़ल्ले से काला कारोबार हो रहा है। खास बात यह है कि मानकों को ताख पर रखकर बनाया जा रहा यह नमक कई मल्टी नेशनल कंपनियों को सप्लाई होता है, जहां से आकर्षक पैकिंग में सजकर बाजार तक पहुंच रहा है।

### ग्राम समाज की जमीन पर फैला कारोबार

नमक फैक्ट्री संचालकों ने ग्राम समाज की खाली पड़ी जमीनों पर काला कारोबार आबाद कर रखा है। संचालकों ने ग्राम समाज की जमीन से सटकर दो-तीन बिस्वा जमीन खरीद कर या किराए पर लेकर बाकी बीघों पड़ी ग्राम समाज की जमीन पर कारोबार फैला रखा है। इसमें से काफी जमीन चारागाह की है, जिस पर फैक्ट्री की वजह से मवेशियों को घास नहीं दिखाई देती। नमक ने पूरे चारागाह को बंजर कर घास को नष्ट कर दिया है।

### पुराने टायर, रबर और भूसे से धधकती हैं भट्ठियां

खुले में ईंट और मिट्टी के गारे से आयत के आकार की भट्ठियां तैयार की जाती हैं, जिनमें कोयले की जगह अधिक मुनाफे के चक्कर मे पुराने टायर, रबड़ या भूसे से भट्ठी धधकाई जाती है। इसमें मिट्टी के बड़े मटके रखकर उसमें लोहे के लंबे चोंगे से साधारण नमक को ही भर दिया जाता है। साथ में काला रंग लाने के लिए केमिकल का प्रयोग करते है। 10 से 12 घंटे के बाद भट्ठी ठंडा करके मटके बाहर निकाले जाते हैं, फिर मटके फोड़कर काले नमक के छोटे-छोटे ढेले बनाकर बोरियों में भर दिया जाता है, जो कंपनियों को सप्लाई किया जाता है।

### यहां धधकती भट्ठी

बिधनू और सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के पसे का पुरवा, मझावन, कठेरुआ, चम्पतपुर, न्यारी, ओरछी, सेन, ओरियारा, टीकरमघई, रमईपुर समेत दर्जन भर गांवों में काला नमक की अवैध फैक्ट्रियां चल रही हैं। इन गांवों के आसपास जमीन बेकार हो रही है।

नमक के प्रदूषण से अस्थमा, दमा, खांसी, लीवर जैसी कई बीमारियां होती हैं। लगातार धुएं के संपर्क में रहने वाले व्यक्ति को फेफड़े का कैंसर भी हो सकता है। इसका धुआं 200 मीटर तक अपना असर दिखाता है।

-डॉ. नीरज सचान, अधीक्षक बिधनू

### ग्रामीणों की जुबानी, भट्ठियों की कहानी


मेरे पति दीनू सिंह की मौत नमक फैक्ट्री के धुएं के कारण ही हुई है। अगर फैक्ट्रियां बन्द नहीं हुईं तो वहीं पर जाकर आत्मदाह कर लूंगी।

-सोनी


जबते ई नमक फैक्ट्री लगी हयं, तबते गांव के 50 लोग बीमारी ते मरिगे। अधिकारी के पास जाओ तौ कहत हयं कि गांव छोड़ि कै चले जाओ।

-देवप्रकाश


साहब, पहले हम ठीक रहन। धीरे-धीरे पेट मा दर्द होन लाग। गुटखा कबौ नहीं खाओ। दुई साल पहिले मू मां एक दाना कैंसर का रूप लै लिएस।

-सुनील सिंह

# सरसौल हाईवे पर मिला लोडर चालक की हत्या की आशंका

संवाददाता, सरसौल

- भागते समय लोडर में ही अपना मोबाइल छोड़ गए आरोपी
- मोबाइल की मदद से बदमाशों तक पहुंच सकती है पुलिस

**अमृत विचारः** लोडर लेकर निकले चालक का अभी तक कोई सुराग नहीं लगने पर हत्या की आशंका जताई गई है। हालांकि लोडर बरामद हो गया है। लोडर में एक मोबाइल फोन भी मिला है, जिसके सहारे पुलिस अब बदमाशों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही घटना का खुलासा होगा।

कानपुर देहात जिले के देवराहट थाना क्षेत्र के भलार गांव की सपना देवी ने महाराजपुर में तहरीर देकर बताया कि उसके पति अरुण लोडर चालक हैं। 29 फरवरी की सुबह 7 बजे वह भाड़ा लादकर शिकोहाबाद जाने की बात कहकर घर से निकले थे। उसी दिन शाम को लगभग सात बजे पति ने अपने भाई (देवर) को फोन कर बताया कि उसका अपहरण हो गया है और अब शायद ही वह वापस आ पाएगा। अरुण जिस लोडर यूपी 77एटी-5068 को चलाता था, वह भोगनीपुर के नूरुलहुदा के नाम है।

सपना के मुताबिक फोन आने के बाद उन्होंने फौरन इसकी सूचना लोडर मालिक को दी, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। गाड़ी में लगे जीपीएस की मदद से लोकेशन ट्रैस की गई तो आखिरी लोकेशन महाराजपुर क्षेत्र में प्रयागराज हाईवे पर नरवल मोड़ के पास मिली। इसके बाद महाराजपुर पुलिस ने लोडर को ट्रैक किया तो उसमें सवार तीन लोग उसे सरसौल के पास छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने लोडर बरामद किया तो उसमें एक मोबाइल फोन भी मिला है। अरुण के परिवार को आशंका है कि लुटेरों ने भाड़े की आड़ में लोडर बुक करने के बाद अरुण की हत्या कर लोडर लूट लिया। परिवार वाले लोडर मालिक नूरुलहुदा पर भी गुमराह करने का आरोप लगा रहे हैं। महाराजपुर एसओ सुरेंद्र सिंह ने कहा कि लोडर चालक की पत्नी की तहरीर पर लूट, अपहरण और हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सर्विलांस की मदद से आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की गई जान

संवाददाता, घाटमपुर

- पतारा कस्बे में टक्कर मार कर निकल भागा वाहन
- मजदूर की मौत से परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**अमृत विचारः** पतारा कस्बे के तिडसड़ा रोड पर देर रात पैदल जा रहे ईंट भट्ठा के मजदूर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की खबर उसके घर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया।

खगानीपुर निवासी भट्ठा मजदूर सत्येंद्र कुमार (40) काम से पतारा आया था। यहां से वह पैदल गांव लौट रहा था। जैसे ही खगानीपुर गांव के सामने ईट भट्ठा के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहां से गुजर रहे नागरिकों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजनों के मौके पर पहुंचने पर परिजनों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी।

मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को बताया कि सत्येंद्र आठ भाई, बहन हैं। इनमें सुल्तान, अनिल, सुशील, शीलू और तीन बहनें पप्पी, होली व मीरा हैं। सत्येंद्र सबसे बड़ा था। सभी भाई-बहनें विवाहित हैं और मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं। पत्नी नीलम, पुत्र रवि, शिवकुमार, विराट का रो-रो कर बुरा हाल है। मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज निशांत कुमार राणा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।

# फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव, रात में पति ने पीटा था

संवाददाता, बिधनू

- सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के गोपाल नगर का मामला
- पिटाई के बाद मायके फोन कर दी थी सूचना
- मायके पक्ष की तहरीर पर दहेज हत्या का मुकदमा

**अमृत विचारः** सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के जोगईपुर गोपाल नगर में रविवार देर रात विवाहिता का शव फंदे पर लटका मिला। परिवार वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे कॉर्डियोलॉजी रेफर कर दिया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मायके वालों ने आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी, जिसके आधार पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र की न्यू आजाद नगर चौकी के जोगईपुर गोपाल नगर निवासी अश्वनी यादव की शादी वर्ष 2019 में कानपुर देहात जनपद के डेरापुर थाना क्षेत्र के मुंगीसापुर निवासी राकेश कुमार की बेटी दिव्या यादव के साथ हुई थी। दिव्या के भाई अर्पित ने बताया कि बहनोई अश्वनी का कोई स्थायी काम नहीं था। वह आए दिन शराब के नशें में बहन के साथ मारपीट करता था। जब से बहन को बेटी हुई, तब से अत्याचार और बढ़ गया। बेटी अभी ढाई वर्ष की है।

भाई अर्पित ने बताया कि रविवार को बहनोई अश्वनी का बाहर किसी से विवाद हुआ था। इसके बाद वह घर पहुंचा और बहन के साथ मारपीट करते हुए उसे छत पर ले गया। वहां भी मारपीट की। छत पर रखे गमले टूटे मिले हैं। मारपीट से आहत बहन ने फोन कर पूरी बात बताई थी। थोड़ी देर बाद ही उसकी मौत की खबर पहुंच गई।

उधर, ससुरालीजनों का कहना है कि रात में बेटे से विवाद के बाद बहू दिव्या नीचे अपने कमरे में आई और फिर साड़ी के सहारे फंदा बनाकर पंखे से लटककर जान दे दी। मामले की सूचना मिलने के बाद फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। न्यू आजाद नगर पुलिस चौकी इंचार्ज नीरज राजपूत ने बताया कि मायके पक्ष की तहरीर के आधार पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## रासलीला की धूम...


चौबेपुर कस्बे के श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव में जहां दिन में आचार्य ज्ञानेश जी महाराज श्रीराम कथा का सुंदर वर्णन करते हैं, वहीं रात में वृंदावन से आए कलाकार रासलीला का मंचन कर धूम मचा रहे हैं। रविवार रात यहां राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी ने लोगों का मन मोह लिया। रासलीला देखने के लिए दूरदराज से लोग यहां पहुंच रहे हैं। • अमृत विचार

# ब्लॉक के आसपास गंदगी देख बिफरे बीडीओ

संवाददाता, चौबेपुर

### औचक निरीक्षण

- बीडीओ ने सहायक विकास अधिकारी से जताई नाराजगी
- ग्राम प्रधान को जल्द सफाई कराने के दिए निर्देश

**अमृत विचारः** ब्लॉक मुख्यालय के आसपास लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण व गंदगी को लेकर खंड विकास अधिकारी की नजरें तिरछी हुई हैं। सोमवार को बीडीओ ने ग्राम प्रधान से बात कर एडीओ पंचायत को सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के कड़े निर्देश दिए हैं।

कस्बे में बंदी माता तिराहा से ब्लॉक मुख्यालय के मध्य मार्ग किनारे दिनों दिन बढ़ते जा रहे अतिक्रमण व इसके कारण यहां व्याप्त गंदगी को लेकर स्थानीय लोग लंबे समय से परेशान बने हुए हैं। गौरतलब है कि बंदी माता मोड के निकट वर्षों पहले नेडा द्वारा द्वारा बनवाया गया सुलभ शौचालय लंबे समय से बंद पड़ा है। इस दौरान खाली स्थान देख आसपास के दुकानदारों ने यहां कूड़ा फेंकना शुरू कर दिया।

दूसरी और क्षेत्र के गंगा तटवर्ती गांवों के लिए आवागमन करने वाले टेंपो ,ऑटो व ई रिक्शा भी बेतरतीब तरीके से यहां खड़े हो रहे हैं। इसके अलावा छोटी-छोटी गुमटीनुमा दुकानें भी दिक्कत उत्पन्न कर रही हैं। जिसके कारण दिन मे कई बार यहाँ जाम की स्थिति उत्पन्न रहती है ।इधर गत 26 फरवरी को ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान चौबेपुर के अलावा शिवराजपुर व कल्यानपुर ब्लॉक के कई जोड़ों की भी शादियां यहां संपन्न कराई गई थीं। जिसमें दोनों ब्लॉकों के अधिकारी भी यहां पहुंचे थे।इस दौरान ब्लॉक मुख्यालय मार्ग के आसपास भीषण गंदगी को लेकर चर्चाएं हुई थीं।


ब्लॉक कार्यालय रोड पर गंदगी देखते बीडीओ आशीष मिश्रा। अमृत विचार

सोमवार को नवागंतुक खंड विकास अधिकारी आशीष मिश्रा ने ग्राम प्रधान कल्लू यादव व एडीओ पंचायत मुकेश यादव को बुलाकर समस्या के बाबत जानकारी हासिल की। ग्राम प्रधान ने बताया कि कई बार गंदगी उठवाई जा चुकी है। मना करने के बावजूद आसपास के दुकानदार यहां मौका पाकर कूड़ा फेंक रहे हैं। वर्षों से बंद नेडा के सुलभ शौचालय को ग्राम पंचायत ने अपने संरक्षण में ले लिया है, जिसका जल्द कायाकल्प कराया जाएगा। ग्राम प्रधान ने बताया कि पुलिस की मदद से अतिक्रमण हटवाए जाने के साथ जल्द ही यहां साफ सफाई करा दी जाएगी।

### गंदगी फेंकने वालों पर बरती जाएगी सख्ती

खंड विकास अधिकारी आशीष मिश्रा ने कहा कि कस्बे के बंदी माता मोड़ से लेकर ब्लॉक मुख्यालय तक मार्ग के एक तरफ गंदगी को लेकर शिकायतें मिल रही थीं। मौका मुआयना कर ग्राम प्रधान से बात हुई है। गंदगी फेंक रहे लोगों को हिदायत दिए जाने के साथ जल्द ही यहां सफाई करा दी जाएगी।

## सार-संक्षेप

### गरीब को हैंडपंप नहीं लगाने दे रहा ग्राम प्रधान


प्रार्थना पत्र दिखाती गरीब सुधा।

**बिधनू।** विकास खंड क्षेत्र की हरबसपुर ग्राम पंचायत में रहने वाले एक गरीब परिवार ने ग्राम प्रधान पर घर के बाहर हैंडपंप नहीं लगाने देने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी व स्थानीय पुलिस से शिकायत की है, लेकिन अभी तक उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई है। गांव के आशीष कुमार की पत्नी सुधा ने ग्राम प्रधान सत्यपाल उर्फ लाल पर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की है, जिसमें उसने बताया है कि वह गांव के बाहर कच्चे घर बनाकर रहती और किसी तरह अपने परिवार का भरण-पोषण करती है। गांव के बाहर घर होने के कारण आसपास पानी का कोई इंतजाम नहीं है। उसने बताया कि वह किसी तरह पैसों का इंतजाम कर खुद अपने खर्चे से घर के बाहर हैंडपम्प लगवाना चाहती है, लेकिन ग्राम प्रधान हैंडपम्प नहीं लगवाने दे रहा है। ग्राम प्रधान धमकी दे रहे हैं कि चाहे जिस अधिकारी से शिकायत कर दो, यहां हैंडपम्प नहीं लगाने दूंगा। पीड़िता ने स्थानीय पुलिस से शिकायत की लेकिन जब सुनवाई नहीं हुई तो उसने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है।

### चलती वैन में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान


हाईवे पर जलती कार।

**शिवराजपुर।** भटपुरा गांव के सामने हाईवे पर सोमवार दोपहर कार में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। चालक ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। ककवन थाना क्षेत्र के औराताहरपुर निवासी चालक सुधीर ने बताया कि वह कानपुर से बिल्हौर जा रहा था, तभी भटपुरा गांव के बीच इंजन से धुआं उठने लगा और आग लग गई। उसने खिड़की से कूदकर जान बचाई। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन कार जलकर राख हो गई। पुलिस की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई। बीट इंचार्ज हरेंद्र सिंह ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है।

### कृष्ण की बाल लीलाएं सुनकर श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध


कथा सुनाते शरण जी महाराज।

घाटमपुर। क्षेत्र के बिच्छीपुर गांव के शिव हरी धाम मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में पंडित शरण जी महाराज ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं को विस्तार से वर्णन किया। कार्यक्रम के संयोजक एवं महंत श्री शिव कुमार द्विवेदी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का समापन होगा। शिव बारात, शंकर-पार्वती की आरती और आकर्षक झांकियां निकलेंगी। इसके बाद भंडारे का भी आयोजन होगा। महंत शिवकुमार द्विवेदी ने सभी भक्तों को सम्मिलित होकर बाबा भूतेश्वर महाराज जी से आशीर्वाद लेने ने के साथ-साथ शिव बारात एवं भागवत कथा समापन के दौरान भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के अपील की है। बताया कि 8 मार्च को प्रात: 9 :00 बजे से श्रीमद् भागवत महापुराण का समापन,9 :00 बजे से शिव बारात भूतेश्वर धाम से शंकर पार्वती अन्य झांकियां के साथ नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान करेगी। इसके बाद शाम 4 :00 बजे भूतेश्वर मंदिर में अन्य संस्कृत कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी उपरांत भंडारे का भी आयोजन किया गया है।

### शिक्षकों ने महानिदेशक के नाम बीईओ को सौंपा ज्ञापन

**शिवराजपुर।** सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शिक्षक, शिक्षकाओं ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा के नाम संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा, जिसमें उपस्थित शिक्षकों ने मांग की है कि परिषदीय विद्यालयों को विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए टैबलेट के माध्यम से अध्ययनरत छात्रों की उपस्थिति तथा मध्यान भोजन की सूचना ऑनलाइन भेजने का दबाव विभाग द्वारा बनाया जा रहा है जबकि टैबलेट को सक्रिय करने हेतु सरकारी सिम कार्ड4 माह बीत जाने के बाद भी नहीं दिया गया शिक्षकों ने अपनी ने अपनी मांग में कहा कि राज्य कर्मचारियों की भांति हमें भी एक कैलेंडर वर्ष में 31 दिवस का उपार्जित अवकाश प्रत्येक माह का द्वितीय शनिवार का अवकाश तथा अर्ध आकस्मिक अवकाश दिया जाए यदि शिक्षकों का उत्पीड़न बंद करते हुए उपरोक्त मांगों का निस्तारण नहीं किया जाता है तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं शिक्षा निदेशालय लखनऊ में धरना देने को बाध्य होंगे।

सियासी हलचल

## एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जताई खुशी, मिश्रिख सीट पर मजबूत पकड़

# अशोक रावत के समर्थकों में खुशी की लहर

संवाददाता, शिवराजपुर

### उत्साह बढ़ा

- दो बार बसपा के टिकट पर चुनाव जीत चुके अशोक रावत
- भाजपा से भी दूसरी मर्तबा जीत का परचम लहराने की तैयारी

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी की ओर से मिश्रिख लोकसभा सीट से सांसद अशोक रावत को एक बार फिर प्रत्याशी बनाए जाने से उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। समर्थक एक-दूसरे को मुंह मीठा कराकर खुशी का इजहार कर रहे हैं। इसी के साथ लोकसभा चुनाव में एक बार फिर जीत का परचम लहराने की तैयारी शुरू हो गई है।

मिश्रिख सांसद अशोक रावत की जनता के बीच पकड़ देखकर भारतीय जनता पार्टी ने उन पर भरोसा किया और फिर से अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। उन्होंने पिछले लोकसभा चुनाव में शानदार जीत दर्ज की थी। इसके पहले वर्ष 2004 में वह बीएसपी के टिकट पर चुनाव लड़े और जीते थे। उस समय उन्होंने तत्कालीन सांसद सुशीला सरोज को हराया था। इसके बाद उन्होंने 2009 में फिर मिश्रिख लोकसभा सीट से ही बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीते।


पूर्व विधायक कमलेश दिवाकर ने सांसद अशोक रावत का मुंह मीठा कराया।

वर्ष 2019 में बीएसपी को छोड़कर वह भारतीय जनता पार्टी में चले गए और मिश्रिख लोकसभा सीट से ही चुनाव लड़े और जीते। उनके चचेरे भाई प्रभाष कुमार सांडी से भाजपा विधायक हैं। चाचा रामपाल वर्मा भी कई बार के विधायक हैं। उनके प्रतिनिधि रवि बाजपेई ने बताया कि लगातार जनता के बीच रहकर सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारना ही उनकी कामयाबी की वजह है। उन्हें एक बार फिर उम्मीदवार बनाए जाने से समर्थकों और जनता में खुशी की लहर है।

लगातार दोबारा टिकट मिलने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष और उल्लास है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और पटाखे फोड़े। कार्यकर्ताओं ने सांसद प्रतिनिधि रवि बाजपेई के घर पहुंचकर बधाई दी। सभी ने लोकसभा चुनाव में एक बार फिर भाजपा का परचम लहराने का दम भरा। इस मौके पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष जेपी कटियार, नीलकमल चौहान, रिंकू कटियार, मंडल अध्यक्ष शुभ्रांशु कटियार, रवि प्रताप, गुड्डू सिंह, नागेंद्र सिंह, रिंकू कटियार आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।

# हरदेव बाबा मंदिर से चार मूर्तियां हुई चोरी

संवाददाता, बिल्हौर

- अरौल थाने की पुलिस घटना की जांच-पड़ताल में जुटी
- मंदिर से कुछ दूरी पर कुएं में शिवलिंग हुआ बरामद

**अमृत विचारः** रविवार रात गूजेपुर गांव के बाहर हरदेव बाबा मंदिर से चार मूर्तियां चोरी हो गईं। सोमवार सुबह पूजा के लिए पहुंचने पर ग्रामीणों को जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

अरौल थाना क्षेत्र के गूजेपुर गांव में गांव के बाहर लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे के टिकट हरदेव बाबा के नाम से मंदिर स्थापित है। मंदिर में भगवान शंकर, मां पार्वती, भगवान गणेश व कार्तिकेय और नंदी की मार्बल (पत्थर)की मूर्तियां स्थापित थीं। रविवार रात मंदिर में स्थापित मूर्तियों में नंदी की मूर्ति छोड़कर सभी मूर्तियां चोरी हो गईं। गांव निवासी शिवम सविता के अनुसार हाईवे पर स्थित होटल में रहने वाला एक कर्मचारी रोज सुबह मंदिर में पूजा-अर्चना करने आता है।

सोमवार सुबह भी वह मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचा था। मंदिर से देवी देवताओं की मूर्तियां गायब देखकर उसने ग्रामीणों को मामले की सूचना दी। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पुलिस टीम के साथ पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने मंदिर से कुछ दूरी पर कुएं में मूर्तियों की तलाश कराई तो कुएं से टूटा शिवलिंग बरामद हुआ। थाना प्रभारी अखिलेश कुमार ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। गांव में शांति व्यवस्था कायम है। कोई तनाव नहीं है। माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई है। मंदिर में नई मूर्तियां स्थापित कराई जाएंगी।

## एक नजर

### मधुमक्खियों के हमले में दो किसान गंभीर, भर्ती

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव जमुनिहा बंगर निवासी प्रमोद पुत्र तेजीलाल व विकास पुत्र कुशराम सोमवार को अपने खेत पर काम कर रहे थे। तभी अचानक मधुमक्खियां के झुंड ने दोनों पर हमला बोल दिया। दोनों किसी तरह से जान बचाकर भागे। लेकिन इससे पहले हज़ारों मधुमक्खियों के हमले की चपेट में आने से दोनों गंभीर घायल हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### तमंचे के साथ पकड़ा गया कानपुर निवासी युवक

**नवाबगंज।** अजगैन पुलिस ने आमिर निवासी दीनदयाल पुरम गल्ला मंडी बिधनू कानपुर को कस्बा नवाबगंज की बाजार के पास देशी तमंचे के साथ पकड़ा। पुलिस ने उसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि रात को गश्त के दौरान संदिग्ध लगने पर उसे रोककर जामा तलाशी ली गई तो उसके पास देशी तंमचा मिला था।

# अब वीडियो कांफ्रेंसिंग से ग्रामीण डीएम तक पहुंचाएंगे फरियाद

## दूरदराज के लोगों को नहीं लगाने पड़ेगी जिला मुख्यालय की दौड़ , मिलेगी सहूलियत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** डीएम तक अपनी फरियाद पहुंचाने के लिए दूरदराज के लोगों को अब मुख्यालय की दौड़ से मुक्ति मिलेगी। नवागत डीएम इसके लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग की सुविधा शुरू कराएंगे। 15 दिन के अंदर यह सुविधा शुरू हो जाएगी।

यह जानकारी नवागत डीएम गौरांग राठी ने अपने पहले कार्य दिवस पर सोमवार को पत्रकारों से रूबरू होते हुए दी। बताया कि वह भदोही जिले में इसका प्रयोग कर चुके हैं और इसके परिणाम काफी सार्थक रहे। कहा कि इसके बाद अपनी कोर्ट की पेशी की सुविधा भी इसी माध्यम से कराने की योजना है। इससे दूरदराज के ग्रामीणों का किराया व समय की बचत होगी और उन्हें सम्पूर्ण समाधान दिवस का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। बताया कि वह मूल रूप से मेरठ के रहने वाले हैं और इंटर मीडिएट तक उनकी शिक्षा वहीं पर हुई। इसके बाद की पढ़ाई दिल्ली में हुई। 2014 के आईएएस गौरांग राठी एसडीएम, सीडीओ व नगर आयुक्त सहित कई अन्य पदों में तैनात रहे। जाम अतिक्रमण और जलभराव जैसी समस्यायों के निस्तारण पर कहा कि अभी तक के कार्यकाल में वह सबसे अधिक नगर आयुक्त के पद पर रहे हैं। इससे उन्हें उम्मीद है कि वह इन समस्याओं से जल्द लोगों को छुटकारा दिलवाने का प्रयास करेंगे। पीएम के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरीडोर निर्माण के सीईओ भी रह चुके हैं। डीएम ने बताया कि शासन की योजनाओं और विकास कार्यों को समय से पूरा कर लोगों को इसका फायदा दिलाना उनकी प्राथमिकता है। शहर के सुंदरीकरण और पार्कों के विकास पर भी जोर दिया जाएगा। इससे पहले नवागत डीएम ने कलक्ट्रेट में लोगों की समस्याओं को सुनने के साथ निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम नरेंद्र सिंह आदि अधिकारी भी मौजूद रहे।



बैठक मौजूद नवागत डीएम गौरांग राठी व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

# 27 फरवरी को कार की टक्कर से घायल हुए अधेड़ की गई जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


राम सजीवन।

**अमृत विचार।** कार की टक्कर से घायल हुए अधेड़ ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों की सूचना पर अचलगंज पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें सड़क हादसे के दौरान आई चोटों से मौत होने की पुष्टि हुई है।

बता दें कि अचलगंज थानांतर्गत राजापुर गांव निवासी राम सजीवन (55) पुत्र स्व. महावीर खेती कर अपने परिवार का पोषण करते थे। बीती 27 फरवरी को वह बाइक से सुब्बा खेड़ा गेहूं पिसवाने गए थे। जहां से लौटते समय चपरी पुल के पास किसी परिचित से बात करने के लिए रुके थे। तभी तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी थी। गंभीर घायल होने पर परिजन उन्हें जिला अस्पताल लाए और वहां से डाक्टर ने उन्हें कानपुर के एलएलआर अस्पताल रेफर किया था। लेकिन, परिजन उसे पास के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां उनका इलाज चल रहा था। लेकिन उसकी हालत और बिगड़ती चली गई। इस पर रविवार रात परिजन उन्हें एलएलआर ले जा रहे थे। तभी रास्ते में उनकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव का सोमवार को पोस्टमार्टम कराया। पति की मौत से पत्नी राम कुमारी, बेटे रामचंद्र, रामदास व कमल सहित विवाहित बेटी सुशीला रो-रोकर बेहाल रहीं। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि सड़क हादसे में मौत की सूचना पर पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

● निजी अस्पताल में हालत बिगड़ने पर कानपुर के ले जाते समय हुई मौत

### पेड़ से टकराई कार, दो घायल

**आसीवन।** थानाक्षेत्र के मियागंज निवासी रचित गुप्ता व हर्षित गुप्ता किसी कार्य से उन्नाव आए थे। जहां से लौटते समय चकलवंशी-संडीला मार्ग पर असरेदां गांव के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गयी। इसमें दोनों गंभीर घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें मियागंज सीएचसी पहुंचाया। जहां से डाक्टर ने रचित को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# पुलिस ने 13 नामजद और 40 अज्ञात पर दर्ज की रिपोर्ट

फॉलोअप

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

● युवक की हत्या किये जाने का आरोप लगा जाम की थी सड़क और की थी नारेबाजी

**अमृत विचार।** दो दिन पूर्व कोतवाली क्षेत्र के गांव मवईलाल में संदिग्ध परिस्थिति में मृत मिले युवक के मामले में परिजनों ने हत्या का आरोप लगा आरोपियों की गिरफ्तारी किये जाने को लेकर रविवार ग्रामीणों के साथ सड़क जामकर जमकर उत्पात मचाया था। घंटो मशक्कत कर पुलिस जाम खुलवाने में सफल हुई थी। लेकिन शव का अंतिम संस्कार करने के बाद परिजन एक बार फिर ग्रामीणों के साथ गांव में एकत्र हुए और पुतला फूंककर सांसद व विधायक के विरोध में नारेबाजी कर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

हालांकि ऐसे किसी भी वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस ने 13 नामित और 40 अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

बता दें कि अपनी फुफेरी बहन की शादी में शामिल होने आसीवन थाना क्षेत्र के अलीगंज गांव गए कोतवाली के अटवा मोहाल ओसिया गांव निवासी मनोज लोधी का शव बीती शनिवार सुबह कोतवाली क्षेत्र के मवई लाल गांव के पास मूलचंद के सरसों के खेत में मिला था। पोस्टमार्टम में हार्टअटैक से मौत की पुष्टि हुई थी। लेकिन परिजनों ने पीएम रिपोर्ट को नकार दिया और मोबाइल चोरी को लेकर हुए विवाद में अलीगंज के तीन सगे भाइयों पर हत्या का आरोप लगाया।

पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर अलीगंज निवासी लाल बहादुर, सर्वेश व संजय पुत्र सल्हू के विरुद्ध केस भी दर्ज कर लिया। लेकिन परिजन तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर अड़ गए और शव शारदा नहर समीप व कोतवाली चौराहे पर बारी-बारी से रखकर सड़क जाम कर जमकर उत्पात मचाया। एसडीएम, एएसपी, सीओ आदि तमाम प्रशासनिक अमले के साथ आसपास के चार थानों की पुलिस भी हलकान रही। घंटों प्रयास के बाद पुलिस जाम खुलवाने में सफल हुई। जिसके बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कराया था। लेकिन परिजनों के विरोध का क्रम यही नहीं थमा। शाम को ग्रामीण एक गांव में एकत्र हुए और पुतला बनाकर उसे आग के हवाले कर सांसद व विधायक के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।

प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि सड़क जाम कर यातायात अवरुद्ध करने, उत्पात मचाने और पुतला फूंककर सरकार विरोधी नारे लगाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे 13 नामजद व करीब 40 अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है। शीघ्र ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के गांव जाने वाला मार्ग ध्वस्त

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के गांव का संपर्क मार्ग बीते करीब पांच वर्षों से ध्वस्त है। ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष को प्रार्थनापत्र देकर मार्ग का नवीनीकरण कराने की मांग की है।

बता दें कि जिला पंचायत द्वारा करीब डेढ़ दशक पूर्व गांव खजुरिया से विख्यात स्वतंत्रता सेनानी स्व. साहब लाल द्विवेदी के गांव भुलभुलिया खेड़ा तक मात्र 370 मीटर डामरीकृत संपर्क मार्ग का निर्माण कराया गया था। किंतु रखरखाव के अभाव से यह संपर्क मार्ग गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुका है। अब इस मार्ग पर वाहन तो दूर पैदल तक चलना मुश्किल हो रहा है।

गांव के स्वतंत्रता सेनानी आश्रित नरेश द्विवेदी, विपिन द्विवेदी व उत्सव द्विवेदी के अलावा गांव के महेश, शिवम, जगदीश दीक्षित, ऊर्जित अवस्थी, कमल मिश्रा, रमा व कमलेश पुजारी आदि ने जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह को प्रार्थनापत्र देकर मार्ग का नवीनीकरण कराने की मांग की है।


स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के गांव जाने वाली जर्जर सड़क।

● गांव निवासियों ने जिला पंचायत अध्यक्ष को पत्र देकर मार्ग नवीनीकरण की मांग की

# चुनाव को देखते हुए पुलिस तैयार कर रही अराजकतत्वों की सूची

**नवाबगंज उन्नाव।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस-प्रशासन अभी से तैयारी में लग गया है। पुलिस क्षेत्र में अराजक तत्वों की सूची बनाने के साथ ही बूथों का भी निरीक्षण कर रही है। जिससे शान्तिपूर्वक मतदान कराया जा सके।

बता दें कि लोकसभा चुनाव की घोषणा जल्द होनी है। चुनाव में कोई अराजकता न हो इसके लिये प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में 85 मतदान केंद्र और 122 बूथ हैं। इनमें मतदान होना है। पुलिस के अनुसार, इस केंद्रों में 3 अति संवेदनशील और 12 संवेदनशील हैं। वहीं 3 बूथ बर्नेवल हैं। इसके लिये पुलिस इन बूथों का निरीक्षण कर इनमें कमियों को दूर कराने का काम कर रही है। इसके साथ ही गावों में अराजक तत्वों की सूची बनाई जा रही है। जिससे चुनाव में कोई दिक्कत न हो। पुलिस ने गावों में करीब 512 लोगों को चिन्हित किया है और अन्य की भी पहचान की जा रही है।

# पत्नी पर जानलेवा हमला करने वाला भेजा गया जेल

फॉलोअप

संवाददाता पुरवा उन्नाव

● बीते रविवार को मायके में रह रही पत्नी को लिवाने गया था

**अमृत विचार।** पुरवा कोतवाली अंतर्गत मायके में रह रही पत्नी पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर घायल करने वाले पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

बता दें कि पुरवा कोतवाली के तूरी छविनाथ गांव निवासी श्रीराम ने अपनी बेटी सविता की शादी एक साल पहले बीघापुर कोतवाली अंतर्गत भैंसई कोयल गांव निवासी राजेंद्र से की थी। नशे का लती दामाद आएदिन शराब पीकर घर आता था और पत्नी से मारपीट करता था। दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्ट्री में काम करने वाला दामाद पूरी कमाई शराब पीने में उड़ा देता है। इससे ऊबकर सविता मायके में रहने लगी थी। बीते रविवार राजेंद्र अपनी ससुराल तूरी पहुंचा और सविता से ससुराल चलने को कहा। पत्नी ने शराब छोड़ने की शर्त रखी तो दोनों में कहासुनी शुरू हो गई। आवेश में राजेंद्र ने धारदार हथियार से पत्नी की गर्दन पर कई वार कर दिये। चीख सुन पड़ोसी दौड़े तो पति मौके से भाग निकला। सूचना पर पुलिस पहुंची और घायल महिला को बिछिया सीएचसी लाई। जहां डाक्टर ने उसे गंभीर देख प्राथमिक इलाज देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति पर जानलेवा हमला करने सहित अन्य धाराओं रिपोर्ट दर्ज कर राजेंद्र रावत को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर हमले में प्रयुक्त बांका बरामद कर उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से वह जेल भेजा गया।


आरोपी राजेंद्र।

# छात्र-छात्राओं को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** स्वच्छता के क्षेत्र में कार्य कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता व स्वच्छता के चौकीदार शैलेंद्र पांडेय अपने सहयोगियों के साथ सोमवार को हरिवंश रॉय बच्चन महाविद्यालय पहुंचे और वहां के छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान विद्यालय के करीब 300 छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता की शपथ भी ली। इस दौरान सभी को स्वच्छता को लेकर अपील के पर्चे छात्र-छात्राओं को वितरित किए गए।

आयोजन के अंत में प्रधानाचार्य कुलभूषण श्रीवास्तव व विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।



महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते शैलेंद्र पांडेय। अमृत विचार


यज्ञ से पूर्व मौजूद भक्त। अमृत विचार


कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

# भक्तिमय माहौल से सराबोर है बलखंडेश्वर धाम

संवाददाता परियर उन्नाव

● परियर स्थित बाबा बलखंडेश्वर धाम में हो रहे हैं भक्तिमय कार्यक्रम

**अमृत विचार।** परियर क्षेत्र के विख्यात बाबा बलखंडेश्वर धाम परिसर में महाशिवरात्रि तक चलने वाले कार्यक्रमों में रात्रि में कृष्ण चरित्र व दिन में रामलीला, महामृत्युंजय गायत्री संगीतमय यज्ञ का आयोजन हो रहा है।

स्थानीय लोगों के सहयोग से प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी वृंदावन से पधारे ब्रजरास लीला व रामलीला मंडल द्वारा आयोजन कि तीसरे दिन रविवार रात्रि में श्रीकृष्ण लीला में रास रचाने के बाद प्रहलाद लीला का संजीव मंचन देख दर्शक भाव विभोर हो गए। हास्य कलाकार ने भी मंचन में अपनी कलाकारी से सबको खूब हंसाया। सोमवार को दिन की लीला में राम चरित्र लीला में नारद मोह का सजीव मंचन देख लोग भावविभोर हो गए। गायत्री तपोवन हरिद्वार से टोली ने नौ कुंडीय श्री महामृत्युजय यज्ञ की शुरुआत 33 कोटि देवताओं के आह्वान से शुरू हुआ। जिसमें सभी जातियों के लोगों ने सामिल होकर आहुतियां दीं और विश्व के कल्याण की कामना की। शाम को पावन संगीतमय शिव प्रज्ञा पुराण की कथा सुन लोग बाबा बलखंडेश्वर धाम की जय-जय कार किया। बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति के लोगों ने अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में उपस्थित होकर भक्तिमय आयोजनों का आनंद व प्रसाद ग्रहण किया।

## सार-संक्षेप

### नशीला पदार्थ खिलाकर वैन, मोबाइल व पर्स लूटा

**आसीवन उन्नाव।** लखनऊ से टैक्सी के रूप में वैन बुक कर लाए बदमाशों ने चालक को चाट में नशीला पदार्थ मिला कर खिला दिया। अचेत अवस्था में उसे सड़क किनारे फेंक कर बदमाश उसका पर्स और वाहन लेकर भाग गए। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला छिपियाना निवासी जलील पुत्र मुन्ना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह निजी गाड़ी किराए पर चलाकर परिवार पालता है। शनिवार को एक व्यक्ति ने मानक नगर लखनऊ से आसीवन मांगलिक कार्यक्रम में चलने की बात कह गाड़ी किराए पर ली। रास्ते में एक जगह सभी ने चाट खाई। थोड़ी देर बाद वह अचेत हो गया। इसके बाद लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर मुशीराबाद गांव के पास बदमाश उसे सड़क किनारे फेंककर उसका वाहन, मोबाइल व पर्स लूट कर भाग गए। सड़क किनारे युवक को पड़ा देख ग्रामीणों ने एम्बुलेंस को सूचना दी और अस्पताल में भर्ती कराया। दूसरे दिन होश आने पर उसने अपने साथ घटित घटना की जानकारी पुलिस को दी। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### युवक पर लगाया बेटी को भगा ले जाने का आरोप

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 19 फरवरी को वह खेत पर थी। घर पर उसकी 15 वर्षीय बेटी घर पर थी। खेत से जब वह घर लौटी तो बेटी घर पर नहीं थी। काफी खोजबीन की लेकिन, उसका कुछ पता नहीं चल सका। कहा कि गांव का राजेश उसकी बेटी के मोबाइल पर फोन कर परेशान करता था। राजेश ही बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया हैं। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही किशारी को ढूंढ लिया जायेगा और जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

प्रदर्शन

टैबलेट के संचालन हेतु विभाग द्वारा सिम कार्ड उपलब्ध न कराये जाने का मामला

# समस्याओं को लेकर बीईओ को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** प्राथमिक शिक्षक संघ ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा को संबोधित एक ज्ञापन खंड शिक्षाधिकारी को सौंपा है। ज्ञापन में संघ ने विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की है। महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन में शिक्षक संघ ने कहा कि विभाग द्वारा प्रत्येक शिक्षक को टैबलेट उपलब्ध कराया गया है। लेकिन, टैबलेट के संचालन हेतु विभाग द्वारा सिम कार्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है।

अफसरों द्वारा शिक्षकों से उम्मीद यह की जा रही है कि बिना सिमकार्ड के टैबलेट से अध्ययनरत विद्यार्थियों की उपस्थिति व मध्याह्न भोजन की सूचना ऑनलाइन भेजी जाए जो संभव नहीं है। बिना सिमकार्ड के टैबलेट से सूचना न भेजने पर अधिकारी अमर्यादित व्यवहार व वेतन रोकने की कार्रवाई कर रहे हैं। जो न्यायोचित नहीं है। शिक्षक संघ ने महानिदेशक से टैबलेट के संचालन हेतु सिमकार्ड उपलब्ध कराए जाने, राज्य कर्मचारियों की भांति वर्ष में 31 दिन का उपार्जित अवकाश व हर माह के द्वितीय शनिवार का अवकाश व अर्ध आकस्मिक अवकाश दिए जाने की मांग भी की। ज्ञापन में संघ के अध्यक्ष अजय कटियार, मंत्री अवधेश कनौजिया, देवेंद्र कुमार, रणविजय सिंह, अरमान यादव, प्रभात कनौजिया, रमेश व वितेश कनौजिया आदि ने अपने हस्ताक्षर किये हैं।

● शिक्षकों में व्याप्त है जबरदस्त आक्रोश


बांगरमऊ में खंड शिक्षाधिकारी को ज्ञापन देते शिक्षक। अमृत विचार

### बाध्यता पर भड़के शिक्षक

**पुरवा।** ब्लॉक संसाधन केंद्र स्थित चमियानी में विकासखंड पुरवा के सभी परिषदीय विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाएं, शिक्षामित्र अनुदेशक उपस्थित हुए और ऑनलाइन कार्य करने हेतु शिक्षकों को विभाग द्वारा बाध्यता पर गजेन्द्र वर्मा जिला मंत्री व ब्लॉक अध्यक्ष पुरवा के नेतृत्व में खंड शिक्षाधिकारी के माध्यम से महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश निशातगंज लखनऊ के लिए ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने वालों में संजय द्विवेदी, विवेक पटेल, श्रवण पटेल, राकेश मिश्रा, गुरु प्रसाद, आलोक अवस्थी, प्रमोद, विजय, वरुण सिंह, सुरेंद्र, सुरेंद्र वर्मा, रामगोपाल, अमित, अन्नपूर्णा वर्मा, सरिता पटेल, दीपक सिंह, प्रदीप सोनकर, मोतीलाल, सूर्य प्रताप, आशीष श्रीवास्तव, संगीता यादव, शशि प्रवीण, मालती वर्मा, अक्षय अवस्थी, सुशीला देवी, अनिल, शिव नारायण, विपिन कुमार आदि समेत 200 से ज्यादा शिक्षक मौजूद रहे।

# महिला ने मुआवजे के रुपये हड़पने का लगाया आरोप

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सलेथू निवासी निर्मला देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि जुलाई-2023 में उसके पति की मौत हो गई थी। जिस पर सरकार द्वारा मुआवजा के पांच लाख रुपए उसके खाते में आए थे। जिस पर 1 मार्च को गांव के दो लोगों के साथ कस्बा स्थित बैंक में रुपये निकालने आई थी।

जहां एक लाख रुपये निकाले थे। वह रुपये उन्हीं लोगों ने अपने पास रख लिये थे। घर पहुंचकर जब रुपए मांगे तो उन लोगों ने देने से मना कर दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी और जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# अपनी बुराइयां प्रभु शिव को अर्पण करें

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के ब्लॉक रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी राजयोग केंद्र पर सामेवार को 88वीं त्रिमूर्ति जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इसमें बिल्हौर कानपुर से आईं कु. कौशल्या बहन ने कहा कि भक्तगण शिवालयों में भांग-धतूरा आदि अर्पित करते हैं। इसके पीछे आध्यात्मिक रहस्य यह है कि गलत आदतें और संस्कार कांटों के समान हैं। इसलिए जीवन की बुराइयां भगवान शिव पर अर्पण करना ही सच्ची शिवरात्रि मनाना है।

उन्होंने कहा कि आज शिव जयंती के दिन संकल्प लेना है कि प्रत्येक शिवरात्रि पर जीवन की सफलता में बाधक बन रही एक बुराई परमात्मा शिव को सौंपकर मुक्त होना है। फिर उस समस्या के समाधान की जिम्मेदारी परमात्मा की हो जाएगी। सफीपुर राजयोग केंद्र की संचालिका कु. पुष्पा बहन ने कहा कि परमात्मा का अपना कोई शरीर नहीं होता। परमात्मा ज्योतिर्लिंग है और वह पर काया में प्रवेश कर नई सतयुगी सृष्टि की स्थापना का दिव्य कार्य करते हैं। स्थानीय राजयोग केंद्र संचालिका कु. सरला बहन ने कहा कि विश्व की सभी महान विभूतियों के जन्मोत्सव मनाए जाते हैं। किंतु परमपिता परमात्मा शिव की जयंती या जन्मदिन को शिवरात्रि कहा जाता है। इसका अर्थ है कि वह अलौकिक जन्म लेकर अवतरित होते हैं और जब-जब धर्म की अति ग्लानि होती है, तब-तब गीता में कहे गए वचन के अनुसार परमात्मा इस धरा पर अवतरित होकर धर्म की स्थापना करते हैं। इससे पूर्व स्थानीय वार्ड सभासद आनंद सिंह अर्कवंशी ने शिवलिंग के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शिव जयंती समारोह का शुभारंभ किया। अंत में सभासद अर्कवंशी ने परमात्मा शिव का ध्वज फहराया। इस दौरान महेश फौजी, रामदत्त कनौजिया, देवेंद्र प्रताप सिंह, रामचंद्र गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता सभासद, हरिस्वरूप, रमेश कनौजिया, अखिल रस्तोगी, बीके राम जी, अर्चना मिश्रा, सोनी शुक्ला, सुमन शर्मा, उमा कनौजिया रहीं।


समारोह में मौजूद प्रजापिता ब्रह्माकुमारी राजयोग केंद्र के सदस्य व अन्य।

# प्रेमी के साथ पहले भी जा चुकी थी पत्नी

## युवक की ईंट से कूंचकर हत्या किये जाने का मामला, पुलिस पूरे मामले की गहनता से कर रही जांच

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ
- बीते रविवार को भी उसे क्षेत्र में टहलते देखा गया था

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अकरमपुर में हुई युवक की हत्या के मामले में बताया गया कि युवक की पत्नी इससे पूर्व में भी अपने प्रेमी के साथ जा चुकी थी। इसके बाद उसे लोगों के समझाने पर युवक अपने साथ लाया था और उन्नाव आकर फैक्ट्री में काम करने लगा था लेकिन, युवक उन्नाव में उसके रहने का पता लगाकर रविवार को यहां आ गया था। इसके बाद उसने प्रेमिका के पति की हत्या कर दी।



विष्णु जाटव।



घटना स्थल पर जांच करते एएसपी अखिलेश सिंह। अमृत विचार

दिवंगत युवक के भाई ने पोस्टमार्टम हाउस में बताया कि आरोपी व भाई की पत्नी में काफी निकटता थी। ढाई महीने पहले वह आरोपी दीपक के साथ चली गई थी। सजातीय होने के नाते रिश्तेदारों के दबाव में वह वापस लौटी और मायके गाजीपुर चली गई। बाद में गलती मानने पर विष्णु उसे ससुराल से लेकर उन्नाव आ गया था।

ऐसे में यहां का पता आरोपी को किसने दिया इसकी भी जांच की जा रही है। रात में पति नहीं लौटा इसके बाद भी पत्नी ने न तो उसकी तलाश की और न ही पास में ही कारखाने में रहने वाले जेठ को इसकी सूचना दी। वहीं, घटना के बाद दिवंगत युवक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया और पूछताछ कर रही है।

### सिर व चेहरे में आई गंभीर चोटों से हुई युवक की मौत

पुलिस ने जांच के बाद दिवंगत युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया जिसमें उसके सिर व चेहरे में आई चोटों से मौत की पुष्टि हुई है। दिवंगत युवक तीन भाइयों दूसरे नंबर का था। उसकी मौत से मां शीला देवी, भाई राहुल रो-रोकर बेहाल रहे। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव पैतृक गांव के जाने के लिए काफी परेशान रहे। सदर कोतवाली पुलिस सहित अन्य लोगों की मदद से उसका शव घर भेजा गया। एएसपी अखिलेश सिंह ने बताया कि भाई की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज हुई है। आरोपी युवक को हिरासत में लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### शराब पिलाने के बाद हत्या किए जाने की रही चर्चा

उन्नाव। बताते हैं कि विष्णु और दीपक ने पहले पास के शराब ठेके पर जमकर शराब पी और विष्णु के अधिक नशे में होने पर पुरानी बात को लेकर कहासुनी भी हुई। इसके बाद रात में किसी समय दीपक ने उसकी हत्या कर दी। चर्चा यह भी रही कि हत्या करने के बाद रात में वह विष्णु के घर पर ही रुका और उसकी पत्नी को साथ ले जाना चाहता था। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जाच पड़ताल की जा रही है।

# गैस गोदाम के पास झाड़ियों में आग से हड़कंप

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल ने बुझाई आग
- ग्रामीणों ने बताया कि अराजकतत्वों ने लगाई आग

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सहजनी स्थित एक गैस गोदाम के पास किसी ने आग लगा दी। आग की लपटें देख गैस गोदाम में काम कर रहे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। आग की सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने दो घंटे मशक्कत कर झाड़ियों की आग बुझाई। जिसके बाद कर्मियों ने राहत की सांस ली।

राजधानी मार्ग स्थित शिव शक्ति गैस सर्विस सेंटर भारतगैस का सहजनी में गैस गोदाम हैं। जहां भारी मात्रा में सिलेंडर रखे हुये थे। सोमवार को गोदाम में कर्मचारी काम कर रहे थे, इसी दौरान दोपहर करीब तीन बजे गोदाम के सामने खड़ी सूखी झाड़ियों में अराजकतत्वों ने आग लगा दी। हवा चलने के कारण आग दूर तक फैल गई और झाड़ियां धू धू कर जलने लगी। आग की लपटें देख गोदाम में मौजूद कर्मियों में हड़कंप मच गया।





मौके पर मौजूद दमकल कर्मी। अमृत विचार

उन्होंने एजेंसी संचालक प्रमोद त्रिवेदी ने इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने दो घंटे मशक्कत करने के बाद झाड़ियों की आग को बुझाया। आस पास के ग्रामीणों ने बताया कि अराजकतत्वों ने झाड़ियों में आग लगाई थी, यदि गोदाम के पास तक आग पहुंच जाती तो बड़ी घटना हो सकती थी।

# चार भाई-बहनों की हत्या में पिता के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- 19 नवंबर-2023 को हुई थी बच्चों की मौत

**अमृत विचार।** बारासगवर थानांतर्गत लालमन खेड़ा गांव में बीती 19 नवंबर को चार सगे भाई-बहनों की हत्या के आरोप में जेल में बंद पिता के विरुद्ध सोमवार को चार्जशीट दाखिल की गई है। इसके बाद केस की सुनवाई शुरू होगी।

बारासगवर थानाक्षेत्र के लालमनखेड़ा गांव में 19 नवंबर-2023 को हुई मासूम चार भाई-बहनों की संदिग्ध मौत के मामले में जांच कर रही पुलिस पिता को आरोपी मानते हुए कोर्ट में 28 फरवरी-2024 को चार्जशीट दाखिल की है। बच्चों की मां शिव देवी ने पति पर करंट व जहर देकर चारों को मार डालने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुकदमे का सेशन ट्रायल होना है। उसके लिए कोर्ट में सारी पत्रावलियों का संज्ञान लिया जा चुका है। केस की सुनवाई सेशन कोर्ट में जल्द शुरू होगी।

बता दें कि लालमन खेड़ा गांव निवासी वीरेंद्र कुमार पुत्र स्व. द्वारिका प्रसाद के चार बच्चे मयंक (9), हिमांशी (8), हिमांक (6) व मानसी (4) की घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पिता वीरेंद्र ने पहले पुलिस को बताया था कि चारों बच्चों की मौत फर्राटा पंखे में करंट उतरने से मौत हुई है। मामला काफी दिनों तक चर्चा में रहा था। पोस्टमार्टम में कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित कर जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला लखनऊ भेजा गया था। घटना के दूसरे दिन पिता वीरेंद्र ने जहरीला पदार्थ निगल लिया था। बाद में एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें वह बच्चों की गला दबाकर हत्या किए जाने की बात कहते दिखा था। इसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ा और जेल भेज दिया था।

# पत्नी को जला कर मारने वाले को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** पति के अवैध संबंध का विरोध करने पर नौ साल पहले बारासगवर थानाक्षेत्र में पति ने अपनी पत्नी को जंजीर से बांधकर जिंदा जला दिया था। सोमवार को कोर्ट ने पति को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा दी।

बता दें कि रायबरेली जिले के सरेनी थानांतर्गत पूरेरघुराज सिंह गांव निवासी मनोज ने 16 जनवरी-2015 को बहन छेदाना की हत्या किए जाने का आरोप उसके पति लल्लू पासी पर लगाते हुए बारासगवर पुलिस को बताया था कि करीब 13 वर्ष पूर्व बहन छेदाना की शादी से लल्लू पासी से की थी। छेदाना के दो बच्चे भी थे। इसी बीच उसके जीजा का गांव की एक महिला से संबंध हो गया। जिसका उसकी बहन विरोध करती थी। बताया कि 15 जनवरी-2015 को जीजा ने उसकी बहन को जंजीर से बांधकर उसे जिंदा जला दिया था। पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। तत्कालीन एसओ जितेंद्र सिंह ने मामले की जांच कर आरोपी के विरुद्ध सुबूत एकत्र कर 31 मार्च-2015 को चार्जशीट दाखिल की थी। सोमवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। शासकीय अधिवक्ता अजय कुशवाहा की ओर से की प्रस्तुत दलीलें सुनने और पेश किए गए साक्ष्य के आधार पर एडीजे अल्पना सक्सेना ने दोषी पति को आजीवन कारावास के आदेश दिये।

### गोली मारकर हत्या करने पर मिला आजीवन कारावास

उन्नाव। सोहरामऊ थानांतर्गत प्रेम-प्रसंग में गोली मारकर युवक की हत्या के केस की अंतिम सुनवाई एफटीसी कोर्ट में पूरी हुई। कोर्ट ने आरोपी युवक को दोषी ठहराते हुए उम्र कैद के आदेश दिये हैं। बता दें कि नौ अक्टूबर-2016 को हरिश्चन्द्र उर्फ बबलू पुत्र रमेश निवासी हीराखेड़ा सोहरामऊ ने रामलाल पुत्र स्व. कल्लू निवासी बाराबुजुर्ग अजगैन कोतवाली की गोली मारकर हत्या की थी। पुलिस ने 13 अक्टूबर को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आईओ अंकित ओमर ने हरिशचन्द्र के विरुद्ध 15 दिसंबर-2016 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। तब से केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में विचाराधीन था। सोमवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। शासकीय अधिवक्ता दीपक मिश्रा की दलीलों के आधार पर एडीजे रवि प्रकाश साहू ने हरिश्चन्द्र को दोषी करार देते हुए उम्र कैद के साथ 25 हजार का अर्थदंड भी लगाया है।



- दूसरी महिला से अवैध संबंध का पत्नी करती थी विरोध

**किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा: उन्नाव।** किशोरी को शादी का झांसा देकर ले जाने और दुष्कर्म के केस की अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी युवक को 10 साल कैद और 60 हजार जुर्माने की सजा सुनाई। बता दें कि बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी निवासी किशोरी को 3 जुलाई-2015 को कढ़ाई-सिलाई ट्रेनिंग सेंटर से वापस घर नहीं लौटी। तलाश के बाद पिता ने पहले 10 जुलाई को बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई। दो दिन बाद पिता ने फिर तहरीर दी और बताया कि उसकी बेटी को शिवपाल निवासी पचासा थाना कमलापुर जिला सीतापुर शादी का झांसा देकर भगा ले गया है। पुलिस ने किशोरी को बरामद करते हुए आरोपी को जेल भेजा था। किशोरी ने अपने संग दुष्कर्म किए जाने का बयान दिया था। आईओ ने 19 सितंबर-2015 को आरोपी के विरुद्ध चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। विशेष पॉक्सो एक्ट कोर्ट में सोमवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। शासकीय अधिवक्ता चन्द्रिका प्रसाद बाजपेई की दलीलों को सुनने के बाद एडीजे विवेकानंद ने शिवपाल यादव को दस साल की सजा सुनाई है।

# नई सरैयां रेलवे क्रासिंग पर जाम से परेशानी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** बैराज मार्ग पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिये रेलवे की ओर से नई रेलवे क्रासिंग बनवाई गई है। इसके बावजूद वाहनों के अधिक भार के कारण आये दिन भीषण जाम लग रहा है। सोमवार को दोपहर और शाम को लगे जाम के कारण वाहन सवारों को दिक्कतें उठानी पड़ी।

सोमवार दोपहर करीब एक बजे अप और डाउन लाइन से ट्रेनें निकली। जिस कारण कुछ देर के लिये क्रासिंग बंद रही। जिस कारण एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के आगे तक वाहन कतारों में खड़े हो गये। ट्रेनों के निकलने के बाद वाहन सवार जल्दबाजी में निकले और अपने वाहन आड़े तिरछे लगा दिये। जिससे जाम और विकराल हो गया। वहीं क्रासिंग के दूसरी ओर सड़क पर बने गड्ढों में वाहन फंसने से दोनों ओर कतारें लगी रही। इस दौरान एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही।



बैराज मार्ग पर जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

# नाली के विवाद में हुई मारपीट, दो पर कार्यवाही

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बेहटा गांव में पड़ोसियों में नाली को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिससे कई लोगों को चोटें आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो को हिरासत में लेकर कार्यवाही की है।

बेहटा गांव निवासी राजेश यादव ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले इंद्र कुमार यादव नाली को लेकर गाली गलौज करने लगे। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। काफी देर तक मारपीट होती रही। जिसके बाद गंगाघाट पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिये भेजा। वहीं दोनों पक्षों से दो लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है।

# युवक के साथ चली गई किशोरी, दी तहरीर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली एक किशोरी युवक के साथ कहीं चली गई। जानकारी होने पर किशोरी के परिजनों ने युवक के खिलाफ कार्यवाही करने के लिये तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

गांव के रहने वाले एक युवक ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसकी नाबालिग बेटी रविवार दोपहर घर से झूठ बोलकर निकली। जिसके बाद वह काफी देर तक घर नहीं पहुंची। जहां उसकी खोजबीन की गई। जिस पर पता चला कि वह गांव के रहने वाले एक युवक के साथ चली गई। जानकारी होने पर परिजनों ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

### युवती को भगा ले जाने पर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली युवती को एक युवक अपने साथ ले गया। जिस पर परिजनों ने युवती की खोजबीन की लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। जिस पर युवती के परिजनों ने आरोपी के खिलाफ अपहरण समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली 18 वर्षीय युवती 24 फरवरी को घर से निकली। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। इस दौरान परिजनों को पता चला कि पश्चिमी क्षेत्र में रहने वाला युवक उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया। जिस पर परिजनों ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

# एचटी लाइन की चपेट में आकर झुलसी बच्ची

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के श्री नगर निवासी एक छात्रा सोमवार शाम छत पर खेल रही थी। इस दौरान छज्जे के पास से गुजरी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गई। आनन फानन परिजन उसे इलाज के लिये नगर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे।

श्री नगर निवासी पवन बाजपेई की आठ वर्षीय बेटी पूर्वी बाजपेई कक्षा यूकेजी की छात्रा है। सोमवार शाम पांच बजे वह छत पर खेल रही थी, तभी वह छज्जे के पास से गुजरी एचटी लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। शोर सुन घर में मौजूद परिजन दौड़े और आनन फानन बच्ची को इलाज के लिये नगर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने उसे कानपुर रेफर कर दिया।

# रेलवे ने हटवाया राज्य सेतु निगम के बनाये अस्थाई घर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** राज्य सेतु निगम की ओर से बैराज मार्ग के किनारे श्रमिकों के रुकने के लिये अस्थाई घर बनवाये थे। इधर छमकनाली पुलिया की मरम्मत का कार्य होना है। जिसे देखते हुये सोमवार को आये रेलवे के अधिकारियों ने श्रमिकों के टिनशेड हटवा दिया।

बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर बनने वाले आरओबी को लेकर वर्ष 2022 में राज्य सेतु निगम की ओर से श्रमिकों के ठहरने के लिये अस्थाई टिनशेड डलवाकर घर बनवाये थे। जिसमें श्रमिक रहते थे। इधर रेलवे की ओर से छमक नाली 109 पुलिया की रिपेरिंग कार्य कराने की तैयारी की जा रही है। जिस स्थान पर घर बने हैं। जिसे देखते हुये सोमवार को रेलवे के अधिकारियों ने निरीक्षण किया। जहां उन्होंने बने श्रमिक घरों को हटवाने के निर्देश दिये। जिस पर मजदूरों ने टिनशेड हटाकर दूसरे स्थान पर घर बनाने के लिये जगह ढूंढते रहे।



बैराज मार्ग पर बने अस्थाई क्वाटर की टिनशेड हटाते मजदूर। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### झाड़- फूंक के चक्कर में गई युवक की जान

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र में स्थित जिला अस्पताल में रोडवेज बस से उतार कर एक मरीज को पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मिर्जापुर जनपद के देहात कोतवाली क्षेत्र के करकछन कोरीपुर गांव निवासी 30 वर्षीय हरिशंकर पाल व उसकी पत्नी चिरौंजी 10 दिन पूर्व कानपुर एक ओझा के यहां गए थे। वहां तबियत बिगड़ने पर पत्नी अपने पति को वापस रोडवेज बस से घर जा रही थी। तभी रास्ते मे उसकी तबियत ज्यादा बिगड़ गई तो बस चालक ने इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद हरिशंकर को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर पत्नी चिरौंजी ने अपने परिजनों को दिया। मौत की सूचना मिलते ही मृतक का पिता सुखराज पाल जिला अस्पताल पहुंचा। उसने बताया कि पुत्र हरि शंकर की तबियत खराब रहा करती थी। उसके उपर ऊपरी फेर था। लोगो ने बताया कि इसको कानपुर में एक ओझा के यहां लेकर जाओ तो यह ठीक हो जाएगा। हमने अपनी बहु के साथ अपने पुत्र को कानपुर 10 दिन पूर्व भेजा था। वहां इसकी तबियत बिगड़ गई तो लोगों ने घर ले जाने की सलाह दिया। वापस जाते समय ज्यादा हालत बिगड़ने पर यहां लाया गया तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### पुलिस कमिश्नर ने सुनी फरियाद

**कानपुर।** सोमवार को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने आगंतुक कक्ष में आए फरियादियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। इसके बाद संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों का निस्तारण किया जाए।

### युवक को मोबाइल फोन किया वापस

**कानपुर।** कोतवाली में चर्चित गुप्ता निवासी किदवई ने फोन खो जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सर्विलांस पर लगवाकर सोमवार को मोबाइल बरामद किया। आवेदक के भाई श्रीश गुप्ता ने कोतवाली पुलिस और सर्विलांस टीम की प्रशंसा की। कोतवाली थाना प्रभारी संतोष शुक्ला ने बताया कि मोबाइल फोन को ढूंढने में ऑपरेशन त्रिनेत्र की अहम भूमिका रही है।

**परेशानी** | पालिका के अधिकारी और कर्मचारी बेखबर, लोगों को दौड़ा दौड़ा कर काट रहे हैं कुत्ते

# एक माह में 422 लोगों को कुत्तों ने काटा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के हर गली चौराहों पर आवारा कुत्तों की भरमार है। जरा सा चूकने पर कुत्ते दौड़ाकर काट रहे हैं। इसके बावजूद पालिका ने अभी तक आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान नहीं चलाया है। जिस कारण बच्चों से लेकर बुजुर्गों को कुत्ते काटकर घायल कर रहे हैं। एक माह के भीतर पालिका क्षेत्र में 422 लोगों को आवारा कुत्ते अपना शिकार बना चुके हैं। ये आंकड़े सरकारी विभाग के हैं।

राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में सोमवार को रैबीज के इंजेक्शन लगाये गये। स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों की लाइनें लगी रही। जिसमें अधिकांश मरीज रैबीज के इंजेक्शन लगवाने के लिये पहुंचे। स्वास्थ्य केन्द्र में मौजूद पीएचसी प्रभारी डा. रवि कुमार सचान ने बताया कि सोमवार को स्वास्थ्य कर्मी अवनीश कुमार मिश्रा, सिद्धार्थ बाजपेई, लता बाजपेई रैबीज के इंजेक्शन लगाने का काम कर रहे थे। जहां सुबह से दोपहर तक 69 कुत्ते काटने वाले लोग पहुंचे। जहां उन्हें रैबीज का इंजेक्शन लगाया गया। उन्होंने बताया कि बताया कि एक फरवरी से चार मार्च के बीच 422 लोगों को कुत्ते काट चुके हैं। सुबह अस्पताल खुलते ही रैबीज इंजेक्शन लगवाने के लिये लोगों की लाइनें लग रही हैं। वहीं बता दें कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों की भरमार है, इसके बावजूद नगर पालिका गंगाघाट की ओर से आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिये कोई भी दस्ता नहीं बनाया गया है।



पीएचसी में कुत्ता और बंदर के काटने के लगाये जाते इंजेक्शन। अमृत विचार

**बोले पशु चिकित्साधिकारी**

प्रजनन के समय कुत्ते आक्रामक हो जाते हैं। जिस कारण उनके पास से गुजरने पर वह लोगों को काट रहे हैं।

-डा. लाल बहादुर, पशु चिकित्साधिकारी

**क्या कहते हैं जिम्मेदार**

पालिका में आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिये कैचिंग दस्ता नहीं है। बाहर की टीमों से संपर्क किया जा रहा है। जल्द ही अभियान चलाकर कुत्तों को पकड़ा जायेगा।

-कौमुदी पांडे
चेयरमैन, नगर पालिका

# ग्रामीणा क्षेत्रों के अस्पतालों में नहीं जा रहे डॉक्टर

**फतेहपुर।** ग्रामीणों में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के क्षेत्र के लोगों को रविवार के दिन भी उपचार उपलब्ध कराने के लिये शासन की ओर से सीएचसी पर आयुष्मान मेला व पीएचसी पर आरोग्य मेलों को आयोजन किया जा रहा है। सीएचसी पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के भी जाने के निर्देश हैं। बावजूद अधिकांश मेलों में डाक्टरों की मौजूदगी नहीं रहती है। रविवार के दिन ग्रामीण लोगों को बीमारी की जांच और उपचार की सुविधा के लिये पीएचसी स्तर पर आरोग्य मेला व सीएचसी स्तर पर आयुष्मान भवः मेलों का आयोजन किया जाता है। सीएचसी पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के पहुंचने के निर्देश के बाद भी रविवार को लगने वाले स्वास्थ्य मेलों में विशेषज्ञ डाक्टर गायब नजर आते हैं।

# बोल बम के जयकारों के साथ कांवड़िये लोधेश्वर धाम रवाना

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि को देखते हुये नगर व दूर दराज से आने वाले भोले के भक्त गंगाजल भरने के बाद बाराबंकी स्थित बाबा लोधेश्वर धाम के लिए हर हर महादेव के जयकारे लगाते हुये सोमवार को रवाना हुये। इसके साथ ही शिवरात्रि को लेकर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में साफ सफाई भी जोरों से कराई जा रही है।

आठ मार्च को पड़ने वाली शिवरात्रि को देखते हुये सोमवार को हर हर बम बम के जयघोष से नगर के गंगातट गूंजते रहे। जहां कांवड़िया गंगा जल भर बाराबंकी स्थित लोधेश्वर धाम के लिये पैदल बम भोले के जयकारे लगाते हुये जाते रहे। सोमवार सुबह उन्नाव, कानपुर देहात, कन्नौज के अलावा आदि क्षेत्रों के तमाम लोग कंधे पर कांवर रख कर पैदल रवाना हो रहे हैं। वहीं नगर के आनंद घाट, पुराने यातायात पुल के नीचे, पक्का घाट, गंगा विशुन घाट पर सुबह से देर शाम तक बाइक, कार आदि वाहनों से कांवरियों के आने का सिलसिला जारी रहा। जो गंगाजल लेकर बोल बम के साथ महादेव धाम के लिए रवाना हुए। इसके साथ ही जाजमऊ चंदन घाट पर भी भक्त गंगा जल भरने पहुंचे। जहां गंगा जल लेकर लोधेश्वर के लिये रवाना हुये। पूरे दिन शिव भक्तों के आने जाने से घाट बम बम भोले के जयकारों से गूंजते रहे।



गंगा जल लेकर लोधेश्वर धाम को पैदल जाते कांवड़िया। अमृत विचार

- शिवरात्रि को लेकर मंदिरों में साफ सफाई भी जोरों पर

मनसा चिन्तितं कार्यं वाचा नैव प्रकाशयेत्।
मन्त्रेण रक्षयेद् गूढं कार्य चापि नियोजयेत्॥

मन में सोचे हुए कार्य को मुंह से बाहर नहीं निकालना चाहिए। मंत्र के समान गुप्त रखकर उसकी रक्षा करनी चाहिए। गुप्त रखकर ही उस काम को करना भी चाहिए।

## संपादकीय

# बड़ा कदम

उच्चतम न्यायालय ने सांसदों और विधायकों के विशेषाधिकार से जुड़े मामले में सोमवार को एक बड़ा फैसला सुनाया। संसद या विधानसभाओं में पैसे लेकर वोट डालने वाले नेताओं को सुप्रीम कोर्ट ने तगड़ा झटका दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर सांसद या विधायक रिश्वत लेकर सदन में भाषण देते हैं या वोट देते हैं तो उन पर कोर्ट में आपराधिक मामला चलाया जा सकता है। यह फैसला ऐतिहासिक है। सुप्रीम कोर्ट ने 1998 के एक फैसले को बदलते हुए कहा कि चयनित प्रतिनिधियों को मिला विशेषाधिकार उन्हें घूसखोरी के मामले में कानूनी कार्यवाही से राहत नहीं देता है। दरअसल, साल 1991 के आम चुनाव में कांग्रेस ने जीत दर्ज की और नरसिम्हा राव देश के प्रधानमंत्री बने। लेकिन जुलाई 1993 के मानसून सत्र में ही राव सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आ गया। तब आरोप लगे कि शिबू सोरेन और उनकी पार्टी के चार सांसदों ने पैसे लेकर लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ वोटिंग की। वर्ष 1998 में पांच सदस्यीय पीठ ने फैसला सुनाया था कि सांसदों और विधायकों को संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) द्वारा प्रदत्त संसदीय विशेषाधिकारों के तहत विधानसभा में भाषण देने और वोट देने के लिए लिए मुकदमा चलाने से छूट दी गई है।

अब नया मामला तब सामने आया जब सुप्रीम कोर्ट झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक सीता सोरेन के एक कथित रिश्वत मामले की सुनवाई कर रहा था। सीता सोरेन पर आरोप था कि उन्होंने साल 2012 में राज्यसभा के चुनाव में एक निर्दलीय उम्मीदवार को वोट देने के लिए रिश्वत ली। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय पीठ ने कहा कि पैसे लेकर वोट डालना हमारे लोकतंत्र के लिए जहर के बराबर है। भ्रष्टाचार करने और घूस लेने वाले विधायक-सांसद भारत के संसदीय लोकतंत्र को तबाह कर रहे हैं। यानि नए फैसले के तहत अगर कोई सांसद या विधायक पैसे लेकर सदन या विधानसभाओं में वोट देता है या भाषण देता है तो उसके खिलाफ मुकदमा चलेगा। उन्हें जनप्रतिनिधि के तौर पर मिलने वाला विशेषाधिकार कानूनी कार्यवाही से राहत नहीं देता है। अब सीता सोरेन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इस फैसले का असर महुआ मोइत्रा पर भी दिखाई दे सकता है। उन पर भी रिश्वत लेकर सदन में सवाल पूछने का आरोप है। महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उच्चतम न्यायालय के फैसले को शानदार करार दिया और कहा कि इससे देश में साफ-सुथरी राजनीति सुनिश्चित होगी तथा व्यवस्था में लोगों का विश्वास गहरा होगा। भारतीय राजनीतिक परिदृश्य से मूल्य गायब हैं। ऐसे में उच्चतम न्यायालय के इस फैसले को राजनीति में नैतिकता या राजनीतिक शुचिता की दिशा में बड़ा कदम कहा जा सकता है।

# किसानों पर पड़ी कुदरती मार की भरपाई कैसे होगी



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

बारिश से फसलों के नुकसान पर कई प्रदेशों की सरकार ने मुआयना करने के बाद मुआवजा देने का ऐलान किया है, लेकिन इस तरह का मुआवजा कब और कितने दिनों बाद दिया जाता है, इस कड़वी सच्चाई से किसान अच्छे से वाकिफ हैं।

बेमौसम बारिश किसानों के लिए फसल की कम कीमतों, बढ़ती लागत और मौसम पैटर्न के प्रभाव अभिशाप साबित हो रही हैं। एक सवाल जो बार-बार उठने लगा है कि क्यों होने लगी हैं बेमौसम बारिश? ये सवाल मौसम वैज्ञानिकों के लिए भी चुनौती बना हुआ है। वैज्ञानिकों की माने तो अनचाही बारिश का समग्र मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति पर सोपानी प्रभाव ड़ालता है जिसका असर केवल कृषि क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों को भी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप अप्रत्याशित मौसम पैटर्न की उत्पत्ति के चलते ही बेमौसम बारिश होती हैं।

बदलते मौसम के मिजाज और अचानक हुई घनघोर बारिश ने अपने रौद्ररूप से अन्नदाताओं की एक बार फिर कमर तोड़ दी। खेतों में इस वक्त गेहूं की अधपकी फसल खड़ी है जिसे तेज बारिश और मोटे-मोटे ओलों ने जमींदोज कर दिया। बीते शनिवार की शाम और रविवार की रात में तेज हवाओं के साथ रुक-रुककर हुई बारिश ने खेतों में खड़ी हरी फसलों को पूरी तरह से चौपट कर डाला। जबकि ये सीजन तिलहन और फूल लगे दलहन फसलों का है, उन्हें भारी नुकसान हुआ।

प्रकृति के इस परिवर्तनकारी रवैये के आगे किसी का कोई जोर भी नहीं चलता। खेती किसानी पर वैसे ही संकट के बादल गुजरे कुछ सालों से मंडराए हुए हैं। फसलों को उगाने में किसान जितनी लागत लगाता है उतना वसूल भी नहीं पाता। खेती में उन्हें लगातार घाटा होता चला जा रहा है। ऊपर से कुदरत की कहर बरपाती मार उन्हें परेशान कर देती है। दो दिनों में बारिश से हुई इस लोक हानि की भरपाई कौन करेगा? इसकी गारंटी शायद कोई नहीं देगा।

बारिश से फसलों के नुकसान पर कई प्रदेशों की सरकार ने मुआयना करने के बाद मुआवजा देने का ऐलान किया है, लेकिन इस तरह का मुआवजा कब और कितने दिनों बाद दिया जाता है, इस कड़वी सच्चाई से किसान अच्छे से वाकिफ हैं। लाखों के नुकसान पर मात्र कुछ सौ रुपए या एकाध हजार का ही मुआवजा देकर मामले को रफादफा कर दिया जाता है, जो किसानों की नुकसान की भरपाई नहीं कर पाता।

गौरतलब है बेमौसम बारिश विगत कई वर्षों से लगातार हो रही है। तभी होती है जब फसलें पककर खेतों में खड़ी होती हैं। पिछले कई वर्षों से कमजोर मानसून मुख्य कारण तो बना ही हुआ है जिससे धान की फसल का उत्पादन घट गया है, पर इस बार रबी फसल की बुवाई और मौसम अनुकूल रहने के कारण गेहूं और तिलहन की फसल अच्छी हुई थी, लेकिन कुदरत के कहर और बेमौसम बारिश ने रबी की फसलों को पलभर में तहस-नहस कर दिया। तेज हवा के झोंकों ने बाली दे चुके गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई। फसल का दाना पुष्ट नहीं हुआ था, इससे वो सड़ जाएगा। निश्चित रूप से अकाल वृष्टि ने हमारे कृषि क्षेत्र की भेद्यताओं को कहीं का नहीं छोड़ा। बारिश को आमतौर पर एक वरदान कहा जाता है, लेकिन समय पर हो तब?

बेमौसम बारिश किसानों के लिए फसल की कम कीमतों, बढ़ती लागत और मौसम पैटर्न के प्रभाव अभिशाप साबित हो रही हैं। एक सवाल जो बार-बार उठने लगा है कि क्यों होने लगी हैं बेमौसम बारिश? ये सवाल मौसम वैज्ञानिकों के लिए भी चुनौती बना हुआ है। वैज्ञानिकों की माने तो अनचाही बारिश का समग्र मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति पर सोपानी प्रभाव ड़ालता है जिसका असर केवल कृषि क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों को भी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप अप्रत्याशित मौसम पैटर्न की उत्पत्ति के चलते ही बेमौसम बारिश होती हैं।

इसके अलावा ग्लोबल वार्मिंग, दुर्बल पश्चिमी विक्षोभ और प्रबल उष्णकटिबंधीय जेट स्ट्रीम हाल में हुई बेमौसम बारिश के प्रमुख कारण हैं। अन्य कारणों को देखें तो अल नीनो एक मौसमी परिघटना है जो तब होती है, जब पश्चिमी प्रशांत महासागर का गर्म जल पूर्व की ओर प्रवाहित होता है जिसके परिणामस्वरूप कुछ क्षेत्रों में सूखे की स्थिति, जबकि कुछ अन्य क्षेत्रों में बेमौसम बारिश की स्थिति उत्पन्न हो जाती हैं। इसलिए कुल मिलाकर बेमौसम बारिश का मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन ही है। वैसे मानवीय गतिविधियां भी बदलते मौसम मिजाज का कारण हैं। जंगलों की कटाई, शहरीकरण और प्रदूषण जैसी इंसानी गतिविधियां भी इसमें भरपूर योगदान देती हैं। वनों की कटाई जल चक्र को बाधित करती हैं। वहीं शहरीकरण और प्रदूषण सूक्ष्म-जलवायु को प्रभावित करती हैं जिसके चलते मौसम बदलाव के लिए करवट लेना आरंभ करता है।

फिलहाल मार्च लगते ही बेहताशा बारिश ने पूरे देश को सराबोर कर दिया है। कई जगहों पर तो बहुत मोटे-मोटे ओले पड़े जिससे फसलें खेतों में ही गिर गई, जब तक दोबारा उठ पाएंगी, तब तक उसका दाना सड़ चुका होगा। सरसों, सब्जियां, दालें, प्याज आदि की फसलों को कुछ ज्यादा ही नुकसान हुआ है। ये ऐसी फसलें होती हैं, जो बहुत कमजोर मानी जाती है, हल्की बारिश में भी खराब हो जाती हैं। अन्नदाता बर्बाद हुई फसलों को देखकर कलेजा पकड़कर खेतों में बैठे हैं। उनके रोने-चिल्लाने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तैर रही हैं, जिन्हें देखकर हम सभी परेशान हैं। किसान सरकारों से उम्मीद लगाए हैं कि उन्हें उनकी फसलों के नुकसान पर वित्तीय सहायता मिलेंगी। सहायता मिलनी भी चाहिए, आखिर उनकी छह महीने की कमाई पर पानी जो फिरा है। ऐसे में उन्हें सिर्फ उम्मीदें हुकूमतों से ही होती हैं, किसानों की वो उम्मीदें नहीं टूटने देनी चाहिए। हालांकि फसलों की सुरक्षा के लिए वैसे तो केंद्रीय स्तर पर कई योजनाएं अमल में हैं, लेकिन शायद कुदरती आपदाओं के वक्त किसानों को उनकी सुविधाएं तब मिल नहीं पाती। 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना', प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना' और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना' जैसी कई बेहतरीन पहलें हैं, लेकिन कम जोतकार किसान इन योजनाओं का फायदा नहीं उठा पाता। वर्ष-2016 में भारत सरकार द्वारा शुरू की गई 'फसल बीमा योजना', जो प्राकृतिक आपदाओं, कीटों या बीमारियों के कारण फसल खराब होने या नुकसान की स्थिति में किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

इस योजना के तहत किसानों को नॉमिनल प्रीमियम देना होता है और शेष राशि का भुगतान सरकार करती है। प्रीमियम की दरें फसल के प्रकार, अवस्थिति और किसान द्वारा चुने गए कवरेज के स्तर के आधार पर तय होती हैं। यह योजना सभी खाद्य एवं तिलहन फसलों और वाणिज्यिक एवं बागवानी फसलों को दायरे में लाती हैं। दरअसल दिक्कत ये है कि मध्यम स्तर का किसान अपनी फसलों की गारंटी या बीमा नहीं करवाता। मात्र छह फीसदी सीमांत व बड़े किसान ऐसे हैं, जो इस योजना को फॉलो करते हैं।

बहरहाल मसला इस वक्त ये है, बेमौसम बारिश से हुए नुकसान से किसानों को उभारने का, सरकारी स्तर पर उनकी हर संभव सहायता होनी चाहिए। हालांकि फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए किसानों को 'कृषि निवेश अनुदान योजना' के तहत 'राज्य आपदा मोचक निधि' से सहायता देने का निर्णय हुआ है। जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वो कैंप लगाकर सर्वे करवाएं। किसानों की फसलों का 33 प्रतिशत या उससे अधिक का नुकसान होने पर सूचनार्थ रिपोर्ट शासन को भेजने का आदेश दिया गया है।

## प्रसंगवश

# न्यौता न मिलने का दर्द

दर्द की जो अनेक किस्में हैं उसमें शादी में न्यौता न मिलने का जानलेवा दर्द भी शामिल है। खासकर ऐसे किसी के यहां होने वाली शादी जिसके बारे में आप अपने खास होने का मुगालता पाले हों। सबसे पहला झटका तब लगता है जब ऐसे किसी तथाकथित खास के यहां ब्याह होने की खबर किसी और से मिलती है। किसी और से पता चलना दुखी कर जाता है। फोन कॉल आने की उम्मीद बंधी रहती है, पर मन तैयारियां भी करने लगता है शादी में जाने की। आदमी अपने परिवार में सरसरी तौर पर जिक्र करता है। मन में पूरी उम्मीद लिए, उदासीन दिखने की कोशिश करता है।

फिर वक्त बीतता है। शादी की तारीखें नजदीक आने लगती हैं। बताने वाले, शादियों का कार्यक्रम, पूरा ब्यौरा फुसफुसा जाते हैं। बस वही से खबर नहीं आती जहां से उसे आना चाहिए था और फिर न्यौता मिलने की भी किस्में होती हैं। एक विधान तय है इसका। किसी से खुद आकर न्यौता देने की उम्मीद की जाती है। बहुत बार हम चाहते हैं कि न्यौता देने वाला सपरिवार आए। यह भी देखा जाता है कि न्यौता कितना गर्मजोशी भरा या औपचारिक था। कार्ड आया है या नहीं? ई कार्ड को न्यौता माना जाए या नहीं? एक बार कहने भर से शादी में जाना ठीक लगेगा भी या नहीं? हमसे ही दोबारा मनुहार क्यों नहीं की गई? ऐसे सवाल तंग करते हैं और बंदा जाने या न जाने की ऊहापोह में फंसा रहता है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

फिर शादी की तारीख और नजदीक आती है। जाहिर है न्यौता देने वाला या तो आपको जानबूझकर कर भूल चुका या शादी की तैयारियों के चलते वह ऐसा करने से चूक गया है। आप पहले अनमने होते हैं। फिर खीझते है और बहुत जल्दी नाराज होने लगते है। सामने वाला अहसान फरामोश लगने लगता है। उसकी कृतघ्नता, उसकी कृपणता चिड़चिड़ा कर जाती है। हमने इसके लिए क्या-क्या नहीं किया जैसी बातें याद आने लगती हैं। इस नाराजगी की चपेट में बहुत बार कोरियर और डाक तार वाले भी आ जाते हैं। चूंकि न्यौता को नहीं आने वाला होता है इसलिए नहीं भी आता है। इस दर्द को बढ़ाते हैं वो लोग जिन्हें न्यौता मिल चुका होता है। वो आपसे जानना चाहते हैं कि शादी में चलने बाबत आपका क्या कार्यक्रम है। आप मन की नाराजगी थामते हुए मुस्कराते हैं। अपनी व्यस्तताओं का ब्यौरा पेश करते हैं आप। यह बताते हैं कि उसी दिन आपकी बुआ की लड़की की ननद की शादी है, ऐसे में आपका शादी में जाना मुमकिन नहीं। आप यह बताते हैं किसी जरूरी मीटिंग में होंगे उस दिन आप। आपकी पत्नी के घुटनों में दर्द है। आप उसे दुनिया भर की बातें बताते है, बस आप यह नहीं बता पाते कि आप न्यौते से वंचित रह गए हैं या कर दिए गए हैं। फिर आपके बिना शामिल हुए शादी हो जाती है।

इंस्टाग्राम, फेसबुक और ट्विटर पर दूल्हा-दुल्हन और दूसरे तमाम निमंत्रित लोग मुस्कराते दिखते हैं आपको। आपको लगता है ये सब आपको चिढ़ाने के प्रयोजन से है। शादी में शामिल लोग लौटकर मिलते हैं आपसे। बताते हैं आपसे कि शादी जोरदार रही। ब्रेकफास्ट से लेकर डिनर तक की खबरें विस्तार से पेश की जाती हैं। वहां हासिल शराब की नदियों का ज़िक्र होता है। वहां की भव्यता को बढ़ा चढ़ाकर पेश किया जाता है और फिर आखिर में आप की कमजोर नस दबाई जाती है। आपसे पूछा जाता है कि आप क्यों नहीं दिखे शादी में? आप का दिल चाहता है कि सामने वाले का गला दबा दिया जाए। आप यह भी चाहते हैं कि शादी बाबत कोई सनसनीखेज गॉसिप सुनने को मिले। आप शादी में हुए किसी लफड़े के बारे में जानने को व्यग्र रहते हैं। ऐसी खबरें आपको थोड़ी तसल्ली देती हैं और ऐसा कुछ न होने पर आप थोड़ा और नाराज हो जाते हैं। मन ही मन कसम खाते हैं कि इस घटिया आदमी को अपने पिंटू, या बेबी की शादी में हरगिज हरगिज नहीं बुलाएंगे।

हमारे देश में देवता सोते-जागते रहते हैं। जब तक वे जागे हुए रहते हैं, शादियां होती है। ऐसे में शादियां रुक-रुक कर सालभर चलती हैं। जब भी शादियां होती है, हर बार हमारे कुछ भुलक्कड़ या शातिर अपने, हमें शादी में बुलाना भूल जाते हैं। जब भी ऐसा होता है, दर्द होता है दिल में और लंबे वक्त तक बना रहता है।

# हमारे ज्ञान और आचरण के बीच बड़ा अंतराल



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हिंदुओं को विश्वास है कि राहु और केतु नाम के दो सर्प-राक्षस उनके देवता सूर्य या चंद्रमा को यदा-कदा निगल जाने की कोशिश करते हैं जिससे इन देवताओं को अपार कष्ट होता है और साथ ही पृथ्वी पर अंतहीन अंधेरा छा जाने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। हिंदू इन प्राकृतिक शक्तियों को देवता मानता है। अत: यह ग्रहण के अवसर पर इन देवताओं के कष्ट निवारण के लिए परेशान हो उठता है। दौड़कर तीर्थस्थलों में जाता है, पवित्र स्नान करता है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि इस वह उसके देवता का साथ दें।

बचपन में सुनते थे कि भारत कृषि प्रधान देश है, पर आज साफ लगता है कि कृषि प्रधान देश के साथ भारत धर्म परायण देश भी है, कर्मकांड प्रधान देश भी है, राजनैतिक अनैतिकताओं का देश भी है, भ्रष्टाचार पसंद देश है। खुले आम आया राम गया राम का देश है। राजनैतिक नैतिकता और सत्यता लहू लुहान है और अफसोस है कि लोग बेफिक्र है, ताली बजाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है।

इस संदर्भ में अंग्रेज विचारक-साहित्यकार अल्डस हक्सली याद आ रहे है। हक्सले अपने भविष्यदर्शी उपन्यास 'ब्रेव न्यू वर्ल्ड' के लिए बहुत प्रसिद्ध हैं। 1939 के बाद अपने अमेरिकी प्रवास के दौरान दक्षिणी कैलिफोर्निया वेदांत संस्थान के स्वामी प्रभावानंद से वह बहुत प्रेरित हुए। वर्ष 1941 से 1960 तक उन्होंने इस संस्थान द्वारा प्रकाशित 'वेदांत और पश्चिम' पत्रिका के लिए 48 लेख लिखे। 1944 में उन्होने 'भगवद् गीताः प्रभु का गीत' नामक श्रीमद्भगवद्गीता के एक अंग्रेजी अनुवाद की भूमिका लिखी। वह भारत से बहुत प्यार करते थे। जनवरी 1926 में वह भारत घूमने आए और उन्होंने एक छोटा-सा निबंध 'बनारस' 14 जनवरी 1926 को लिखा था।

उल्लेखनीय है कि जिस दिन हक्सली वाराणसी आए थे वह मकर संक्राति की ग्रहण स्नान का दिन था। हक्सले के अनुसार लाखों-लाख श्रद्धालु स्त्री-पुरुष, बूढ़े-बच्चे, धनी-गरीब, छोटे-बड़े झुंडों में दूर-दूर से धूल फांकते पैदल चलकर बनारस की घाटों पर इकट्ठे हुए थे। ग्रहण की स्थिति में ही सूर्योदय होना था। भारत में यह ग्रहण अत्यंत आंशिक था जिसे जाड़े में सुबह नंगी आंखों से देख पाना संभव नहीं था, लेकिन भारतवासियों की आस्थावान आंखें अचूक थीं। सूर्योदय होते-होते हजारों-हजार की भीड़ पवित्र डुबकी के लिए बेचैन हो उठी। घना कुहरा और भयानक ठंड के बावजूद लोग तेजी से घुटने अथवा कमर भर पानी में खड़े होते, कुल्ला करते, खंखारते, थूकते, अपने देवता सूर्य को जल अर्पण करते, जोर-जोर से मंत्रोचार करते, राम-नाम रटते और दो-चार डुबकी लगाकर नदी से बाहर निकल आते। यह अंतहीन क्रम चलता रहता। कारण?

हिंदुओं को विश्वास है कि राहु और केतु नाम के दो सर्प-राक्षस उनके देवता सूर्य या चंद्रमा को यदा-कदा निगल जाने की कोशिश करते हैं जिससे इन देवताओं को अपार कष्ट होता है और साथ ही पृथ्वी पर अंतहीन अंधेरा छा जाने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। हिंदू इन प्राकृतिक शक्तियों को देवता मानता है। अतः यह ग्रहण के अवसर पर इन देवताओं के कष्ट निवारण के लिए परेशान हो उठता है। दौड़कर तीर्थस्थलों में जाता है, पवित्र स्नान करता है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि इस वह उसके देवता का साथ दें। उसे यह भी विश्वास है कि इस संकट की घड़ी में पूजा, स्नान आदि से उसके देवता को प्रेरणा व प्रोत्साहन मिलता है और वह दुष्ट राक्षसों को पराजित करने में सक्षम होता है। निबंध में मुख्यतः तीन बातों पर प्रकाश डाला गया हैः एक, हिंदू जीवन-दृष्टि सामाजिक विवेक पर नहीं, बल्कि धार्मिक अंधविश्वासों पर टिकी है। दो, भारतवासियों को धर्म और ईश्वर की नहीं, बल्कि सोच और नास्तिकता की आवश्यकता है और तीन, बुद्धि और कल्पना जो मनुष्य की विशिष्टता के आधार हैं, कभी-कभार जानवरों से भी बदतर बन जाने के लिए विवश करते हैं।

हमें आज हक्सले की कही बातें कुछ कड़वी लग सकती हैं, पर विदेशी लेखक सामान्यतः जो सोचते हैं, वही लिखते हैं, छिपाते नहीं हैं। इस पर बहस की जा सकती है, पर आज भी यह तो हमें भी लगता है कि भारतीयों की तमाम आस्थाएं ज्ञान पर नहीं टिकी है? हमारे ज्ञान और हमारे आचरण के बीच बड़ा अंतराल है वरना शायद हम शायद इतने कर्मकांडी न होते, हम अनैतिकता और झूठ बर्दाश्त नहीं करते। 'सब चलता है' यह हमारी सोच में न घुसता। नाजिम हिकमत की लाइनें याद आ रही हैं-'अगर हम नहीं जलेंगे/ अगर तुम नहीं जलोगे/अगर हम सब नहीं जलेंगे /तो इस अंधेरे में/उजाला कौन भरेगा?'

## सोशल फोरम

# अपनी मिट्टी का संगीतकार



जीवन के खुरदुरे यथार्थ के बीच रागात्मकता की यही दृश्य या अदृश्य अंतर्धारा रेणु को उनके पूर्ववर्ती और समकालीन कथाकारों से अलग करती है।

स्वर्गीय फणीश्वर नाथ रेणु को अपनी मिट्टी का कथाकार कहा जाता है। उनके दो उपन्यासों- 'मैला आंचल', 'परती परिकथा' और उनकी दर्जनों कहानियों के पात्रों की जीवंतता, सरलता, निश्छलता और सहज अनुराग हिंदी कथा साहित्य में संभवतः पहली बार घटित हुआ था।

हिंदी कहानी में पहली बार लगा कि शब्दों से सिनेमा की तरह दृश्यों को जीवंत ही नहीं किया जा सकता, उनसे संगीत की सृष्टि भी की जा सकती है। रेणु ने लोकगीत, ढोल-खंजड़ी, लोकनृत्य, लोकनाटक, लोक विश्वास और किंवदंतियों के सहारे बिहार के कोशी अंचल की जो जीवंत और संगीतमय तस्वीर खींची है, उससे गुजरना एक बिल्कुल अलग-सा और असाधारण अनुभव है। उनकी तुलना अक्सर कथासम्राट प्रेमचंद से की जाती है।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

मेरी अपनी समझ से रेणु प्रेमचंद से आगे के कथाकार हैं। प्रेमचंद में गांव का यथार्थ है, रेणु में गांव का संगीत। प्रेमचंद को पढ़ने के बाद हैरानी होती है कि इतनी विपरीत और अमानवीय परिस्थितियों के बीच भी किसान अपने गांव, अपने खेत से बंधा कैसे रह जाता है। रेणु का कथा संसार यह रहस्य खोलता है कि जीवन से मरण तक गांव के घर-घर से उठते संगीत और मानवीय संवेदनाओं की वह नाजुक डोर है, जो लोगों में अपनी जड़ों, अपनी मिट्टी और अपने रिश्तों के प्रति असीम राग पैदा करती है।

जीवन के खुरदुरे यथार्थ के बीच रागात्मकता की यही दृश्य या अदृश्य अंतर्धारा रेणु को उनके पूर्ववर्ती और समकालीन कथाकारों से अलग करती है।

-फेसबुक वॉल से

# और न्यूनतम जरूरतों की गारंटी सरकार देगी

बचपन में कहानी सुनते थे कि हमारे गांव के बाबू ने अपने छोटे भाई की शादी में परफॉर्म करने के लिए बनारस से कलाकार बुलाए थे। जब बाजार में तीन रुपए किलो रोहू मछली बिकती थी तब बनारस वाली उस टोली को तीन हजार रुपये देने की चर्चा दस-दस कोस दूर के गांवों तक हुई थी। बाबू सैकड़ों बीघे खेत के मालिक थे। इलाके के बड़े बबुआनों में नाम था। उनके खेतों में खलिहानों में न जाने कितने लोग काम करते थे। औरतें भी, मर्द भी। मडुआ, मकई तौल कर मजदूरी में देते थे। गांव के श्रमिक उनके खेतों में खूब काम करते थे। मौसम साथ देता तो अक्सर अच्छी उपज भी होती। बाबू मय खानदान फलते-फूलते रहे।



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

दुर्गा पूजा में नाटक कंपनी भी गांव में आती थी जिसकी मेजबानी वही करते थे। दो दृश्यों के बीच में नटुआ नाचता तो मौज में आकर उसे नकद इनाम भी देते थे। गांव के श्रमिकों ने अथक मेहनत से फुद्दी बाबू की बबुआनी को बनाए रखा। बदले में सपरिवार भरपेट भोजन भी नसीब नहीं तो इसे नसीब का खेल माना। जमाना बदला। बाबुओं की रौनक भी घटी। रौनक शिफ्ट हुई नए दौर के बाबुओं के आंगन में। बोले तो बड़े बिजनेस मैन। सम्मान से बुलाओ तो उद्योगपति कहो, फिलॉसफी से बुलाओ तो पूंजीपति कहो। बाबुओं के जमाने में सरकारों के पास उतने पैसे नहीं होते थे कि सबको मुफ्त अनाज दो, मुफ्त मकान दो। टैक्स देने वाले मिडिल क्लास का उतना विकास और विस्तार नहीं हुआ था, अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने वाली नई प्रौद्योगिकियों का जलवा कायम नहीं हुआ था। तो उस टाइम गरीब बीमारी से मरते थे, अक्सर भूख से भी मरते थे। काम बाबू का करते थे, अनाज की कोठरियां उनकी भरते थे। खुद भूख और बीमारी झेलते, अपने नसीब को रोते एक दिन मर जाते थे। अब जमाना बदला है। देश ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था के दौर में है। अब टैक्स लेने और देने का अच्छा सिस्टम है। आमदनी बढ़ी है तो टैक्स भी बढ़ा है। नए दौर के बाबुओं के कर्मचारी भूख से नहीं मरें, इसका इंतजाम सरकार करती है। बीमारी के इलाज के लिए मुफ्त बीमा के कार्यक्रम सरकार अपने फंड से चलाती है।

जीतोड़ मेहनत से काम मालिक का करेंगे, लेकिन जीने के लिए न्यूनतम जरूरतों की गारंटी सरकार देगी। अब अगर वेडिंग नहीं, प्री वेडिंग में ही हजारों करोड़ खर्च कर दिए जाएं। रिहाना को महज कुछ घंटों के परफॉर्म के लिए चौहत्तर करोड़ खर्च दिए जाएं, लेकिन मालिक की रिटेल चेन के निचले दर्जे के कर्मचारियों की विशाल फौज से जाकर मिलिए, उन्हें देखिए, जानिए। वे लगातार काम करते हैं, अथक मेहनत करते हैं, मामूली पगार पाते हैं। इतनी ही कि वे और उनका परिवार इस पर जी नहीं सकते। वे शहरों में सर की सेवा में लगे हैं। उनके बिजनेस के लिए उनके मुनाफे के लिए पूरा टाइम, पूरी एनर्जी खर्च करते हैं। उधर गांव में उनके बूढ़े और अशक्त माता-पिता मुफ्त अनाज की लाइन में खड़े हैं, उनके बच्चे मुफ्त किताबों, पोशाकों और मिड डे मील की लाइन में खड़े हैं।

आंकड़े बताते हैं कि पिछले दस-पंद्रह वर्षों में जितनी तेजी से भारत के अरबपतियों की समृद्धि में वृद्धि हुई है उतनी दुनिया के किसी और देश में नहीं। मुफ्त अनाज लेने वाली 85 करोड़ आबादी में न जाने कितने परिवारों के नौजवान बेटे शहरों में अंबानियों, अदानियों का मुनाफा बढ़ाने के लिए अपनी जवानी गर्क कर रहे हैं और हम सरकारों को कोस रहे हैं कि अब तक उन्हें मुफ्त मकान देने का वादा पूरा नहीं हुआ।

# सिलई बड़ा गांव की यात्रा

रामपुर मिलक के करीब एक गांव सिलई बड़ा गांव इन दिनों चर्चा में है। जहां बीते दिनों एक दलित समाज के नौजवान छात्र सोमेश की गोली लगने से मौत हो गई। वह हाईस्कूल की गणित की परीक्षा देकर आया था। प्रबुद्ध मैत्रीय संघ व क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के पदाधिकारी रविवार को गांव पहुंचे। गांव में बड़ी संख्या में पुलिस दल मौजूद था। गांव वालों ने बताया जिस स्थल पर सोमेश की मौत हुई यह जमीन दलित समाज के लोगों की कूड़ा फेंकने की जगह है। जिन लोगों से विवाद है उनकी अलग जगह है। 22 जनवरी को दलित समाज के लोगों ने सफाई अभियान के तहत ऊंची-नीची जगह को, समतल कर लिया और एक, जिस पर संविधान निर्माता का चित्र, एक झंडा जिस पर लिखा है जय भीम और बोर्ड लगा दिया। उस दिन अयोध्या में देश के प्रधानमंत्री के साथ-साथ प्रदेश व देश के अनेक गणमान्य लोग राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल थे। गांव की महिलाओं ने बताया उस समय पुरुष घर पर थे नहीं, गरीब लोग हैं। अधिकतर भूमिहीन हैं। बीघा दो-चार बीघा जोत के किसान हैं। बिन मजदूरी के गुजारा नहीं चलता। पुलिस ने महिलाओं को भी पीटा। ऐसे में सवाल है कि आखिर क्यों किसी का लाल मरे? क्यों किसी की कोख सूनी हो? सभी की हिफाजत की जिम्मेदारी पुलिस की है। पुलिस के रहते सोमेश कैसे मारा गया? जाति-धर्म, रंग-भाषा के आधार पर घृणा क्यों हो? प्रशासन व शासन को चाहिए शांति स्थापित हो और पीड़ित पक्ष को उचित मुआवजा मिले। हालांकि पीड़ित परिवार को मुआवजे से सदा का सहारा नहीं मिलेगा जिसके जीने का सहारा चला गया, उसकी भरपाई कैसे हो सकती है। यह व्यवस्था हो कि चाहे उच्च वर्ग के हों या निम्न वर्ग के या किसी भी धर्म के किसी की भी जान न जाए सभी स्वतंत्र जिएं। गांव पहुंची टीम में डॉ.सतीश, डॉ.एमपी सिंह, नवीन सागर, डॉ.हीरालाल, मोहम्मद फैसल, ललित चौधरी, हरगोविंद, चरण सिंह यादव व प्रेमपाल सिंह आदि शामिल रहे।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

# अयोध्या में बनेगा मध्य प्रदेश भवन और विक्रमादित्य घाट

## एमपी के सीएम मोहन यादव ने की घोषणा, कैबिनेट सदस्यों के साथ किए रामलला के दर्शन



दर्शन के पश्चात मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री व कैबिनेट के सदस्य। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में मध्य प्रदेश भवन और विक्रमादित्य के नाम से घाट का निर्माण मध्य प्रदेश सरकार कराएगी। इसकी घोषणा सोमवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रामलला के दर्शन के बाद की। मुख्यमंत्री मोहन यादव अपनी कैबिनेट के 63 सदस्यों के साथ सोमवार दोपहर महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे। सांसद लल्लू सिंह और नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह सहित अन्य भाजपा नेताओं और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने स्वागत किया। तीन ई-बस में सवार होकर सभी मंत्री राम जन्मभूमि परिसर पहुंचे और रामलला के दर्शन किये। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कई जन्मों के पुण्य के बाद ऐसा मौका मिलता है, जब अयोध्या आने का सौभाग्य प्राप्त हो। अयोध्या सभी पुण्य नगरियों में शीर्ष है।

आज से दो हजार वर्ष पहले महाराजा विक्रमादित्य ने प्रभु श्रीराम के मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था और 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद एक बार फिर प्रभु श्री राम का मंदिर बना है। यह हम सभी के लिए प्रसन्नता का विषय है। इसके लिए मैं सभी रामभक्तों को बधाई देता हूं। कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सहयोग मिला तो हम अयोध्या में मध्य प्रदेश भवन बनाने की योजना पर कार्य करेंगे। इसके अतिरिक्त महाराजा विक्रमादित्य के नाम पर घाट बनाने की भी योजना है। मध्य प्रदेश भवन के माध्यम से हम अयोध्या आने वाले राम भक्तों की सेवा करेंगे।

## मुस्लिम समुदाय के लोगों ने किया रामलला का दर्शन

**अयोध्या :** राम मंदिर में रामलला का दर्शन करने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोग भी पहुंच रहे हैं। सोमवार को राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के नेतृत्व में 500 की संख्या में मुस्लिम राम भक्त ढोल नगाड़ों के साथ नाचते गाते हुए जन्मभूमि पथ के रास्ते मंदिर पहुंचे और रामलला का दर्शन पूजन किया। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रवक्ता मुरारी दास ने बताया कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रवादी मुसलमान हैं, जो कि पक्के नमाजी हैं। कुरान की रोशनी में भारत मां की जय बोलने वाले सभी मुसलमान इसमें शामिल हैं। यह सभी लोग हिंदू-मुस्लिम के भाईचारे का संदेश लेकर अयोध्या पहुंचे हैं। ताज मोहम्मद ने बताया कि हम लोगों ने ढोल नगाड़े के साथ प्रभु राम के दरबार में हाजिरी लगाई हैं। हम लोग हिंदू मुस्लिम एकता की बात करने वाले हैं।



अयोध्या में दर्शन करने पहुंचे मुस्लिम रामभक्त। अमृत विचार

## गेहूं खरीद नीति को दी गई मंजूरी

**लखनऊ।** राज्य सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फैसला ले लिया गया है। सरकार अब नई गेहूं खरीद नीति के तहत 60 लाख रुपये मीट्रिक टन के हिसाब से गेहूं खरीदेगी। किसानों को 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान होगा। यह सरकारी खरीद 6500 खरीद केंद्रों के जरिए की जाएगी। कैबिनेट बाई सर्कुलेशन से सरकार ने गेहूं खरीद नीति 2024-25 को मंजूरी दे दी है। नीति के मुताबिक कुल आठ एजेंसियां खरीद करेंगी। **ये एजेंसियां हैं :** खाद्य विभाग की विपणन शाखा, मंडी परिषद, उत्तर प्रदेश सहकारी संघ (पीसीएफ), उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव यूनियन (यूपीपीसीयू), उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ (यूपीएसएस), भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नैफेड), भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित (एनसीसीएफ) और भारतीय खाद्य निगम।

# राजभवन में आज मंत्रिमंडल विस्तार की तैयारी, पांच नये मंत्री ले सकते हैं शपथ



ओपी राजभर।



दारा सिंह चौहान।



आकाश सक्सेना।



राजपाल बालियान।



अशरफ अली।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में बहुप्रतीक्षित मंत्रिमंडल का विस्तार मंगलवार को किए जाने की तैयारी है। समझा जा रहा है कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के दोपहर 3 बजे आगरा से लखनऊ लौटने के बाद शाम लगभग पांच बजे राजभवन में कैबिनेट में शामिल होने जा रहे मंत्री शपथ लेंगे। पांच मंत्रियों को योगी कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। इसमें दो कैबिनेट, दो राज्यमंत्री और एक स्वतंत्र प्रभार मंत्री बन सकते हैं। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार का यह तीसरा कैबिनेट विस्तार होगा।

**संभावित मंत्रियों के नाम**

| | |
|---|---|
| ओपी राजभर | सुभासपा |
| दारा सिंह चौहान | भाजपा |
| आकाश सक्सेना | भाजपा |
| राजपाल बालियान | रालोद |
| अशरफ अली | रालोद |

दरअसल, दूसरे विस्तार के बाद योगी के मंत्रिमंडल में 52 मंत्री हैं। फिलहाल मंत्रिमंडल में आठ मंत्रियों की जगह खाली है। सूत्रों के अनुसार योगी के तीसरे विस्तार में जिन विधायकों का नाम लगभग फाइनल है उसमें सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर और दारा सिंह चौहान के अलावा सपा नेता आजम खान से कानूनी लड़ाई लड़ने वाले रामपुर के विधायक आकाश सक्सेना का नाम शामिल है।

जयंत चौधरी की पार्टी रालोद से भी दो मंत्री बनाए जा रहे हैं। रालोद के राजपाल बालियान और अशरफ अली को मंत्री बनाया जाएगा। माना जा रहा है कि मंत्रिमंडल विस्तार में लोकसभा चुनाव से पहले क्षेत्रीय और जातिगत गणित का भी ध्यान रखकर नये मंत्रियों को जोड़ा जा रहा है।

# कुबेर टीले पर 20 साल बाद मनेगी महाशिवरात्रि

अयोध्या कार्यालय

- आतंकी हमले के बाद अब तक लगा था प्रतिबंध

**अमृत विचार :** राम जन्मभूमि परिसर में स्थित प्राचीन कुबेर टीले पर 20 साल के बाद शिवरात्रि उत्सव का आयोजन होगा। परिसर में मंदिर निर्माण के साथ प्राचीन टीले का भी जीर्णोद्धार किया जा रहा है। आठ मार्च को महाशिवरात्रि के दिन कुबेरेश्वर महादेव का वैदिक आचार्य रुद्राभिषेक करेंगे। इस दौरान रजत प्रतिमा के रूप में रामलला भी दर्शन करने की लिए पहुंचेंगे।

राम जन्मभूमि परिसर स्थित कुबेर टीला भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण में दर्ज किया गया था, लेकिन अब इसकी जिम्मेदारी राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को दी गई है। 1992 में अधिग्रहण के दौरान टीले को भी परिसर की सीमा में शामिल कर लिया गया था। इस स्थान पर महाशिवरात्रि एक विशाल मेले का भी आयोजन किया जाता था। यह परंपरा 20 वर्ष पूर्व 2005 तक निरंतर चलती रही, लेकिन आतंकवादी हमले के बाद से इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक महाशिवरात्रि पर विराजमान भगवान शिव के महाअभिषेक का आयोजन किया जाएगा। यहां 2002 के बाद शिव बारात पर रोक लगा दी गई और 2005 में आतंकी घटना के बाद उस स्थान पर दर्शन पूजन और मेले के आयोजन पर भी पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया था।

# सरकारी खरीद केंद्र का धान चट कर गये चूहे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सरकारी केंद्रों पर धान की आवक बंद हो गई। इसके बाद भी केंद्रों पर हजारों टन धान डंप है। उठान न होने से बंदर, चूहे, गिलहरी व पक्षी इसे नष्ट कर रहे हैं।

जिले के धान खरीद केंद्र पर भले ही अब धान की आवक नहीं हो रही है पर खरीदा गया धान अभी तक पूरी तरह से नहीं उठाया गया है। इससे धान के पैकेट अभी भी केंद्रों पर बनी गोदामों में पड़ा है। इन धान के पैकेटों को चूहों ने कुतर कर धान को नष्ट कर दिया है।

क्विंटलों धान चूहों, बंदरों, गिलहरी व पक्षियों ने नष्ट कर दिया है। इसके बाद भी धान को राइस मिलों में नहीं भेजा गया है। जबकि मिलों को प्रति पैकेट पचास किलो के हिसाब से धान भेजी जानी है। चूहों के खा जाने से अब इन पैकेटों का वजन कम हो गया है। इस दशा में धान के वजन में कमी पर दंड सरकारी धान खरीद केंद्र के प्रभारी को भुगतना पड़ेगा। विपणन शाखा के निरीक्षक अरविंद कुमार ने कहा कि धान की उठान समय समय पर किया जाता है पर अधिक धान होने से एक साथ उठान नहीं की हो रही।

## नड्डा ने हिमाचल से राज्य सभा सीट छोड़ी

**नयी दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष और हिमाचल प्रदेश से राज्य सभा के सदस्य जगत प्रकाश नड्डा ने गुजरात से उच्च सदन के लिए दोबारा चुने जाने पर अपनी पुरानी सीट से इस्तीफा दे दिया है। नड्डा ने सोमवार को सभापति को अपना इस्तीफा सौंपा जिसे स्वीकार कर लिया गया।



श्री नड्डा का हिमाचल प्रदेश की सीट पर कार्यकाल अगले महीने समाप्त हो रहा था, लेकिन उन्होंने आज ही इस सीट से इस्तीफा दे दिया। भाजपा नेता को गत 20 फरवरी को गुजरात से उच्च सदन के लिए चुना गया था।

# 500 बेड सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन कल

संवाददाता सैफई, इटावा

- सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे उद्घाटन
- सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं का मिलेगा लाभ

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के अंतर्गत निर्माण अधीन 500 बेड का सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का काम निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद अब 6 मार्च को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उद्घाटन करेंगे। जिसके बाद सुपर स्पेशलिटी सुविधाओं का लाभ आम जनता को मिलना शुरू हो जाएगा।

सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के शुरू होते ही यहां पर 14 विभागों में सुपर स्पेशियलिटी विभाग संचालित होते। जिनमें अंकोलाजी, कार्डियोलाजी, गैस्ट्रो, पलमोनरी, नेफ्रोलाजी, यूरोलाजी, मेडिसिन सर्जरी, पीडियाट्रिक वार्ड, एंडेफिनोलाजी वार्ड, क्लीनिकल हीमोटोलाजी, कैंसर आदि प्रमुख हैं। यहां इटावा ही नहीं कानपुर देहात, औरैया, मैनपुरी, जालौन, फिरोजाबाद, कन्नौज, फर्रुखाबाद समेत कई जिलों के मरीज इलाज कराने के लिए आते हैं।

बताते चलें सपा शासनकाल में उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत वर्ष 2014 में 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनाने का फैसला लिया गया था। उस समय इसकी लागत 333.56 करोड़ थी, जो 2016 में बढ़कर 463.28 करोड़ रुपये हो गई थी। वर्ष 2018 में इस योजना की लागत 537.26 करोड़ रुपये बढ़कर हो गई। यह संशोधित लागत काफी अधिक थी। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद सैफई में विकास कार्य रोक दिए गए। बाद में इसकी लागत को कम करने के लिए 25 मार्च 2019 को शासन स्तर पर एक समिति का गठन किया गया था। समिति की रिपोर्ट और संस्तुति के आधार पर योजना का फिर परीक्षण किया गया। इसके बाद परीयोजना की लागत घटकर 489.88 करोड़ रह गई थी। शासन ने 29 नवंबर 2021 को 25 करोड़ रुपये जारी कर दिए थे। बाद में करीब 60 करोड रुपए की और जरूरत थी। अप्रैल 2023 में शासन से बजट मिलने के बाद निर्माण कार्य दोबारा से शुरू किया गया था। जिसको मई 2023 को अस्पताल का निर्माण कार्य का दौरा करने आए प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक नें कार्यदाई संस्था को नवंबर 2023 में ही चालू करने के निर्देश दिए थे। जिसके लिए कार्यदाई संस्था ने तेजी कार्य शुरू किया था। उस समय 80 फीसदी निर्माण कर पूर्ण हो चुका था। बजट के अभाव में कार्य एक बार फिर से रुक गया था। परियोजना में 2015-2017 के बीच काटी गई वैट की 14.82 करोड़ रुपये की धनराशि फंसी होने से बजट न मिलने के कारण निर्माण कार्य पर ब्रेक लग गया था। बाद में कार्यदाई संस्था राजकीय निर्माण ने बजट की व्यवस्था करके कार्य के निर्माण कार्य में तेजी लाई और कार्य पूर्ण हो चुका है।

# मवेशी आने से पलटी कार, दंपति की मौत

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

- दुर्घटना में दामाद और पौत्र और पौत्री भी घायल

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह हुए सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई। सड़क पर अचानक आए अन्ना मवेशी से बचने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में दामाद और पौत्र-पौत्री भी घायल हुए। उन्हें प्रयागराज रेफर किया गया।

हादसा सोमवार सुबह लगभग पांच बजे का है। जानकारी के अनुसार, मऊ के गायत्रीनगर निवासी यमुना प्रसाद (60 वर्ष) पुत्र छेदीलाल पत्नी मीना देवी (55 वर्ष), पौत्र मोहित (14 वर्ष) पुत्र पुष्पेंद्र और पौत्री वैष्णवी (11 वर्ष) पुत्री पुष्पेंद्र के साथ कार से घर आ रहे थे। कार दामाद प्रदीप कुमार (30 वर्ष) पुत्र गुलाब चंद्र निवासी जोगिया शेखपुर चला रहे थे। झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मऊ थानांतर्गत ग्राम कटिया के पास कार के सामने अचानक कोई जानवर आ गया और इसे बचाने के चक्कर में वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां यमुना प्रसाद और मीना देवी को मृत घोषित कर दिया। प्रदीप, मोहित और वैष्णवी को प्रयागराज रिफर कर दिया गया। यमुना प्रसाद सेना से सेवानिवृत्त थे। मृतक के बेटे पुष्पेंद्र ने थाने में तहरीर दी है।

मृतक के पुत्र पुष्पेंद्र ने बिलखते हुए बताया कि उनके माता-पिता बहन के यहां फूलपुर गए थे। लौटते समय हादसा हुआ।

# चित्रकूट एयरपोर्ट पर जल्द दिखेगा पौराणिक इतिहास

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** देवांगना एयरपोर्ट के संभावित लोकार्पण कार्यक्रम के मद्देनजर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सोमवार को मुआयना किया और वहां व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम के अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। एयरपोर्टर डायरेक्टर से कहा कि बाउंड्रीवाल पर चित्रकूट के पौराणिक इतिहास से जुड़ी पेंटिंग कराएं।

डीएम ने कहा कि वीआईपी व आम आदमी के प्रवेश के लिए अलग व्यवस्थाएं करें। साइड प्लान बनाकर सीडीओ को दें। एयरपोर्ट डायरेक्टर को निर्देशित किया कि बाउंड्रीवाल पर पौराणिक इतिहास को दर्शाने के लिए पेंटिंग कराएं। एसडीएम, प्रभारी अधिकारी बीएसएनल आदि को जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश डीएम ने दिए।

## तीन दिवसीय औरैया महोत्सव आज से

**औरैया।** तीन दिवसीय औरैया महोत्सव मंगलवार से शुरू होगा। सोमवार को महोत्सव की तैयारियों का डीएम और एसपी ने निरीक्षण कर कई दिशा-निर्देश दिए। जिला पर्यटन अधिकारी मोहित एम सिंह ने बताया कि महोत्सव के तहत मंगलवार को मंचीय कार्यक्रम के अंतर्गत 11 से 4 बजे शाम तक कृषि विभाग द्वारा कृषकों को जागरूक करने के लिए विचार गोष्ठी व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्थानीय कलाकार नृत्य प्रस्तुति देंगे।

# काम्पिल्य तीर्थ क्षेत्र को बनाया जाएगा विकास परिषद

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** काम्पिल्य तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के गठन को लेकर हुई बैठक हुई। कंपिल में साप्ताहिक 20 हजार पर्यटकों को आकर्षित करने के प्रयास पर जोर दिया गया।

सोमवार को काम्पिल्य पुरी तीर्थ स्थिति पौराणिक रामेश्वर नाथ शिवालय के सभागार मे काम्पिल्य तीर्थ क्षेत्र( सम्पूर्ण पांचाल प्रदेश) को विश्व के तीर्थ पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करने के उद्देश्य से परिषद के गठन के लिए स्वामी आनंद गिरि महाराज के संरक्षण में बैठक हुई । प्रमुख वक्ता नूतन चतुर्वेदी ने पांचाल राज्य के मानव सभ्यता में विकास मे योगदान का वर्णन किया। इस दौरान काम्पिल्य तीर्थ क्षेत्र में एक वर्ष में साप्ताहिक 20 हजार पर्यटकों को आकर्षित करने के लक्ष्य पाने को काम्पिल्य तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के गठन की कवायद की गई।

**शुरू हो गई जांच** वायरल फुटेज को लेकर लखनऊ से आईं एएसपी ने की जांच, बंद कमरे में बीएसए दफ्तर के कर्मियों से पूछताछ

# बाबू को फंसाने के बाद जाल में फंसी एंटी करप्शन टीम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दफ्तर के वरिष्ठ लिपिक को रिश्वत लेने के आरोप में जेल भेजने वाली एंटीकरप्शन टीम अपने ही बुने जाल में खुद फंस गई है। सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक एंटी करप्शन लखनऊ ने सोमवार को जांच के लिए अपर पुलिस अधीक्षक को बीएसए दफ्तर भेजा। एएसपी ने कार्रवाई करने वाली टीम और विभाग के कर्मचारियों से बंद कमरे में काफी देर तक पूछताछ की। उन्होंने संकेत दिए कि इस प्रकरण में ट्रैप टीम पर कार्रवाई हो सकती है।

सोमवार दोपहर भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखनऊ की अपर पुलिस अधीक्षक इंदुप्रभा सिंह बीएसए कार्यालय पहुंचीं। उनके साथ कानपुर मंडल ट्रैप टीम के प्रभारी मृत्युंजय कुमार मिश्रा भी थे। बीएसए उपासना रानी वर्मा ऑफिस में नहीं थीं। वहां मौजूद कर्मचारियों ने जैसे ही एंटी करप्शन टीम को देखा तो वह दफ्तर छोड़कर भाग गए। इस पर एएसपी ने बीएसए से फोन पर वार्ता की और वायरल सीसीटीवी फुटेज की जांच करने की बात कही। इसके बाद वरिष्ठ लिपिक प्रदीप सक्सेना पहुंचे और एएसपी को उस दिन की कार्रवाई के बारे में बताया। उन्होंने अन्य कर्मचारियों से पूछा तो सभी ने एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई को गलत ठहराया। सभी के बयान बंद कमरे में मोबाइल में रिकॉर्ड किए गए। एएसपी (एंटी करप्शन) ने पत्रकारों को बताया कि बीएसए कार्यालय के लिपिक विमल पांडेय को ट्रैप करने वाली टीम का एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर इसकी सत्यता की जांच करने वह आईं हैं। दफ्तर में कर्मचारी कम मिले हैं, इसलिए वह दोबारा जांच करने आएंगीं।





पत्रकारों को जानकारी देतीं एएसपी (एंटी करप्शन) इंदुप्रभा सिंह। बीएसए कार्यालय में कर्मचारियों व ट्रैप टीम से पूछताछ करतीं एएसपी।

### ट्रैप टीम के चेहरे की उड़ी रंगत

बीएसए कार्यालय में जांच करने पहुंची एएसपी इंदुप्रभा सिंह के साथ ट्रैप टीम के प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय कुमार मिश्रा समेत अन्य कई लोग थे। सभी के चेहरे की रंगत उड़ी थी। पूछताछ के दौरान एएसपी ने कई बार प्रभारी को फटकार भी लगाई। माना जा रहा है कि सीसीटीवी फुटेज से करतूत की पोल खुलने के बाद एंटी करप्शन टीम पर कार्रवाई हो सकती है। जब पत्रकारों ने बताया कि ट्रैप टीम का एक होटल में स्थानीय लोगों और शिक्षकों के साथ एक वीडियो और वायरल हो रहा है, तो एएसपी ने इसकी भी जांच करने की बात कही।

### जांच एजेंसी दूसरे पर नहीं दर्ज कर सकती रिपोर्ट

बेसिक शिक्षा अधिकारी के दफ्तर में जांच के बाद एंटी करप्शन विभाग की अपर पुलिस अधीक्षक इंदुप्रभा शिष्टाचार भेंट करने जिले के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के पास पहुंचीं थीं। उधर, मामले में कर्मचारियों की तहरीर पर रिपोर्ट न दर्ज करने के सवाल पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि एंटी करप्शन एक स्वतंत्र संस्था है और यूपी पुलिस अलग। एक जांच एजेंसी दूसरे पर रिपोर्ट दर्ज नहीं कर सकती है। सबंधित विभाग ही मामले में कोई कार्रवाई करने का अधिकार रखता है।

# उरई में दो सौर ऊर्जा प्लांट शुरू

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तेलागंना से वर्चुअल उ. प्र. में स्थापित सोलर पार्क योजनान्तर्गत 200 मेगावाट सौर परियोजनाओं का उद्घाटन एवं 1800 मेगावाट सोलर पार्क का शिलन्यास किया।

उ. प्र. नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण यूपी नेडा एवं सोलर एनर्जी कार्पोरेशन आफ इण्डिया के संयुक्त उपक्रम लखनऊ सोलर पावर डेवलपमेन्ट कार्पोरेशन द्वारा स्वीकृत सोलर पार्क 365 मेगावाट के अन्तर्गत 200 मेगावाट सौरपावर परियोजनाओं की स्थापना एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी ने की।

जनपद जालौन में ग्राम गुढ़ा तहसील उरई में स्थापित 75 मेगावाट सौर परियोजना, ग्राम परासन तहसील कालपी में स्थापित 75 मेगावाट सौर परियोजना का लोकार्पण व जनपद में तहसील माधौगढ़ उरई में अल्ट्रा मेगा रेनएवबल एनर्जी सौर ऊर्जा पार्क कुल 1200 मेगावाट का शिलान्यास ग्राम मई तहसील माधौगढ़ में जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया।



फीता काटकर सौर प्लांट का उद्घाटन करते जिलाधिकारी ।

उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एलईडी स्क्रीन के जरिए प्रधानमंत्री का संबोधन देखा गया, इसी क्रम में विधायक सदर गौरी शंकर वर्मा, डीएम राजेश कुमार पाण्डेय, सीडीओ भीमजी उपाध्याय ने ग्राम गुढ़ा में 75 मेगावाट सौर परियोजना, ग्राम परासन तहसील कालपी में स्थापित 75 मेगावाट सौर परियोजना का लोकार्पण किया। माधौगढ़ व उरई में अल्ट्रा मेगा रेनएवबल एनर्जी सौर ऊर्जा पार्क कुल 1200 मेगावाट का शिलान्यास ग्राम मई तहसील माधौगढ़ में विधायक मूलचन्द्र निरंजन ने फीता काटकर उद्घाटन किया। विधायक सदर गौरी शंकर वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने जन कल्याणकारी योजनाओं से आमजन के जीवन को बेहतर बनाने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांव, प्रदेश व देश विकास की प्रगति की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि स्थापित 75 मेगावाट सौर परियोजना से वर्ष में 137.97 मिलियन यूनिट का उत्पादन होगा। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि गुढ़ा सौर पावर परियोजना की स्थापना हेतु कुल 136.14 हेक्टेयर सरकारी भूमि एलएसपीडीसीएल के माध्यम से मैसर्स एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को उपयोग के अधिकार आधार पर प्रदान की गई।

## एक नजर

### भूपेंद्र चौधरी बने रालोद मीडिया सेल के राष्ट्रीय संयोजक

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय लोकदल ने सोमवार को पार्टी के मीडिया सेल के पदाधिकारियों की घोषणा कर दी। भूपेंद्र चैधरी मीडिया के राष्ट्रीय संयोजक बनाये गये हैं, जबकि अनिल दुबे, अजय वीर सिंह, मनोज चैधरी व जैनब सिकंदर राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाये गये हैं। प्रदेश मीडिया सेल में सुनील रोहटा को संयोजक बनाया गया है।

### पहले दिन कोई नामांकन नहीं

अमृत विचार, लखनऊ : विधान परिषद की 13 सीटों के लिए शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन किसी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार प्रत्याशी 11 मार्च तक नामांकन कर सकेंगे। 12 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 14 मार्च को प्रत्याशी नामांकन वापस ले सकेंगे। 21 मार्च को मतदान होगा। इसी दिन मतगणना होगी।

# सिद्धार्थनगर के चकबंदी अधिकारी बर्खास्त, होगी एफआईआर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चकबंदी आयुक्त ने की कार्रवाई मेरठ में कार्यकाल के दौरान नाला व वन भूमि कर दी थी लोगों के नाम

**अमृत विचार:** चकबंदी आयुक्त ने सोमवार को सिद्धार्थनगर के चकबंदी अधिकारी प्रभाकर को सेवा से बर्खास्त कर दिया। आरोप है कि मेरठ में कार्यकाल के दौरान नाला और वन विभाग की भूमि मनमाने तरीके से लोगों के नाम कर दी थी।

चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि ग्राम बिसौला हस्तिनापुर मवाना मेरठ और ग्राम फिरोजपुर किठौर, मवाना, मेरठ में चकबंदी के कामों में अनियमितता की शिकायत जांच समिति बनाते हुए कराई गई। रिपोर्ट के मुताबिक ग्राम बिसौला और फिरोजपुर में चकबंदी के कामों में अनियमितता की पुष्टि हुई। इसके बाद बर्खास्त करने की कार्रवाई के साथ ही चकबंदी अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित जमीन को भी वापस लिया जाएगा।

धोखाधड़ी से भूमि प्राप्त करने वालों के खिलाफ भी विधिक कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक चकबंदी विभाग में कुल 22 अधिकारियों को निलंबित, चार को बर्खास्त और एक को उसके मूल पद पर भेजते हुए 40 के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है।

## संतरी और कार्यालय ड्यूटी नहीं करेंगी महिला सिपाही

**अमृत विचार, लखनऊः** थाने पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों को अब संतरी ड्यूटी और कार्यालय संबंधी कार्य से निजात मिलेगी। उनकी बीट पर सक्रियता बढ़ाई जाएगी।

अपर पुलिस महनिदेशक (स्थापना) संजय सिंघल ने इस आशय का आदेश जारी किया है। प्रदेश के सभी पुलिस कमिश्नरेट के कमिश्नर तथा पुलिस कप्तानों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि बीते दिनों डीजीपी ने साप्ताहिक स्टाफ बैठक में निर्देश दिया कि थानों पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों से संतरी ड्यूटी और कार्यालय संबंधी न लिया जाए। उन्हें अधिक से अधिक बीट (फिल्ड) पर भेजा जाना सुनिश्चित किया जाए।

# खेतों में उतरे अधिकारी, कर रहे सर्वे

## खराब मौसम और ओलावृष्टि से फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए योगी ने दिया था निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का निर्देश मिलते ही सोमवार को विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी हरकत में नजर आए। वे सुबह से ही किसानों से संपर्क साधकर खेतों में पहुंचे और फसलों के नुकसान का जायजा लिया, फिर सर्वे रिपोर्ट राहत विभाग को सौंपी।

दरअसल, लगभग सभी जिलों में निरंतर सर्वे कार्य चल रहा है। इसके साथ ही आकाशीय बिजली से हुई जनहानि व पशुहानि का भी सर्वे कराकर मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है। मुख्यमंत्री ने रविवार को अधिकारियों को खेत-खलिहानों



- छूटे हुए किसानों के लिए आयोजित होगा विशेष क्षेत्रीय शिविर

में जाकर ओलावृष्टि व बारिश से किसानों की फसलों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए सर्वे करने का निर्देश दिया था।

प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर ओलावृष्टि व भारी वर्षा के कारण सभी फसलों के नुकसान का सर्वे शाम तक लगभग पूरा कर लिया जाएगा। वहीं छूटे हुए किसानों के लिए विशेष क्षेत्रीय शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके डेटा से जुड़ी जानकारी राहत पोर्टल पर अपलोड की जाएगी।

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि झांसी, इटावा, ललितपुर, सहारनपुर समेत सभी जिलों में नुकसान का आकलन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिलों के अधिकारी सोमवार सुबह ही फील्ड में पहुंचे और नुकसान की हकीकत देख लगातार रिपोर्ट भेज रहे हैं।

अपर जिलाधिकारी (वित्त-राजस्व) ने तहसील कोंच व उरई के ग्राम पिंडारी व सोमई में जाकर नुकसान का अवलोकन किया। एडीएम (न्यायिक) ने माधौगढ़ ग्राम मिझौना व बंगरा का निरीक्षण किया। एडीएम (नमामि गंगे) ने ओलावृष्टि से प्रभावित तहसील कालपी के ग्राम आटा व चमारी संधी में जाकर नुकसान हुई फसलों को देखा और वहां की रिपोर्ट राहत कार्यालय भेजी।

### 24 घंटे में मिले क्षतिपूर्ति धनराशि

मुख्यमंत्री ने आदेश दिया था कि संबंधित विभाग को डिटेल उपलब्ध कराया जाए, जिससे 24 घंटे में प्रभावित किसानों के खाते में क्षतिपूर्ति की धनराशि को भेजा जा सके। योगी ने अधिकारियों को क्षतिपूर्ति देने में लापरवाही न करने की हिदायत दी थी। इसके बाद सोमवार को सहारनपुर के जिलाधिकारी, इटावा, जालौन, मुजफ्फरनगर, झांसी समेत अनेक जिलों के अफसरों ने किसानों से संपर्क साधा और खेतों में जाकर नुकसान का जायजा लिया।

# प्रदेश में आ रहे यहां की आबादी से दोगुने पर्यटक

## पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी ने दी जानकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ये बताते हुए खुशी जाहिर की है कि उप्र. में आज यहां की आबादी से दोगुनी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। योगी सोमवार को लोकभवन सभागार में आयोजित पर्यटन विभाग की विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 2758 करोड़ की 762 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग से जुड़ी सभी योजनाओं के लिए प्रदेश की जनता को बधाई दी।



कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह और महापौर सुषमा खर्कवाल। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि पहली बार राज्य के सभी 75 जिलों में और सभी 403 विधानसभा क्षेत्र में किसी न किसी पर्यटन स्थल को व्यवस्थित रूप से विकसित करने के लिए प्रो पुअर योजना, मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना एवं जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर आधारित योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण एक साथ हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने काशी, अयोध्या, मथुरा, प्रयाग, गोरखपुर का उदाहरण देते हुए कहा कि आज

- 2758 करोड़ की 762 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास
- एआई टेक्नोलॉजी की मदद से पूरे प्रदेश में हो पर्यटकों की गिनती

सभी जगह होटल बुक हैं, टैक्सियां बुक हैं, मार्केट कई गुना बढ़ चुके हैं, रेस्टुरेंट में तिल रखने की जगह नहीं मिल रही है है। आज पूरी दुनिया यूपी को देखना चाहती है। उप्र. अब उपद्रव नहीं उत्सव की भूमि बन चुका है। जिस यूपी के बारे में कहा जाता था कि यहां अराजकता है, इसे डबल इंजन सरकार ने आस्था और आजीविका में बदल दिया है।

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक जय देवी, अमरेश कुमार, योगेश शुक्ला, नीरज वोहरा, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश मेश्राम सहित प्रदेश के सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण मौजूद रहे।

### सीसीटीवी कैमरे को एआई टूल के साथ जोड़ें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि हमें सीसीटीवी कैमरे को एआई टूल के साथ जोड़ना चाहिए, जिससे हमें ठीक ठीक पता लग सके कि किसी भी पर्यटन स्थल पर कितने टूरिस्ट आ रहे हैं। योगी ने स्प्रिचुअल टूरिज्म के साथ साथ बुंदेलखंड के किलों को पर्यटन के दृष्टि से विकसित करने की बात कही। उन्होंने पर्यटन विभाग को इस संबंध में जल्द से जल्द पॉलिसी लाकर आगे बढ़ने के लिए कहा।

## पीड़ित किसानों को फौरन मुआवजा दे सरकार

**अमृत विचार, लखनऊः** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि भारी वर्षा व ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों के कारण पीड़ित किसानों को राज्य सरकार फौरन मुआवजा देकर राहत पहुंचाये। क्योंकि नुकसान के चलते कई किसान हताश हैं और आत्महत्या भी कर सकते हैं।

प्रदेश अध्यक्ष सोमवार को वर्षा व ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों का जमीनी जायजा लेने काकोरी ब्लाक के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पांडेय, मीडिया चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ सीपी राय, प्रदेश महासचिव कौशलेन्द्र यादव, पूर्व विधायक इंदल रावत, प्रवक्ता सचिन रावत, कैप्टन वंशीधर मिश्रा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# आठ दिन शेष, होने हैं 17 हजार विवाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लोस चुनाव को लेकर 12 मार्च को लग सकती है आचार संहिता
- आचार संहिता लगते ही रुक जाएंगे सामूहिक विवाह

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लक्ष्य पूरा होना मुश्किल लग रहा है। लोकसभा चुनाव को लेकर 12 मार्च को अधिसूचना लग सकती है और आठ दिन के भीतर 17 हजार युगलों का विवाह कराना समाज कल्याण विभाग के लिए चुनौती है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रति युगल के विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। इसमें 35 हजार रुपये की धनराशि कन्या के खाते में जाती है। पिछले वर्ष अक्टूबर माह में शिविर लगाकर योजना का लाभ देने के लिए पंजीकरण कराया गया। साथ ही योजना का प्रचार-प्रसार किया गया। नवंबर माह के अंतिम सप्ताह से विवाह शुरू हुए। अभी तक प्रदेश के 75 जिलों में 95 हजार युगलों का विवाह कराया जा चुका है। लगभग 55 हजार युगलों के विवाह का भुगतान भी कर दिया गया है। जबकि 40 हजार युगलों के विवाह पर खर्च हुई राशि के भुगतान की प्रक्रिया चल रही है। 12 मार्च की शाम या 13 मार्च को लोकसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना लग सकती है। ऐसे में विभाग को लक्ष्य हासिल करने के लिए आठ दिन के भीतर 17 हजार युगलों के विवाह कराने होंगे। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि अधिसूचना लगने के बाद समारोह बंद हो जाएंगे। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद शेष युगलों का विवाह कराया जाएगा।

# चौकीदार के बाद मोदी का परिवार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

- पिछले लोस चुनाव में 'चौकीदार चोर है' के जवाब में शुरू हुआ था 'मैं भी चौकीदार'
- 'मोदी का परिवार' बनने की भाजपा नेताओं में मची होड़

अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निःवंश करार देने के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के निजी हमले के जवाब में भाजपा नेताओं, केंद्रीय मंत्रियों, राज्यों के मुख्यमंत्रियों-मंत्रियों समेत संगठन में सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर 'मोदी का परिवार' बनने की होड़ सी मच गई है। पांच साल पहले भी मोदी ने राफेल के संदर्भ में राहुल गांधी की ओर से 'चौकीदार चोर है' के हमले से ऐसा ही एक हथियार 'मैं भी चौकीदार' से विपक्ष की सारी कोशिशें ध्वस्त करते हुए बड़ी जीत के साथ दूसरी बार सत्ता हासिल की थी। अब वोटरों में संवेदनात्मक लगाव जगाने के लिए 'मोदी का परिवार' बनने का अभियान चलाकर बड़े अंतर से हैट्रिक की तैयारी है।

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा ने सोमवार को 'मोदी का परिवार' अभियान शुरू कर दिया है। इसी माह कभी भी चुनावी अधिसूचना जारी हो सकती है, समूचा देश चुनावी माहौल में रंगता नजर आ रहा है। राजनीतिक दलों की ओर से चुनावी रैलियों की शुरुआत हो चुकी है। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान पर राष्ट्रीय जनता दल की चुनावी रैली में रविवार को पटना में पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करते हुए कहा था, 'नरेंद्र मोदी के पास परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह बस राम मंदिर पर डींगें ही हांकते रहते हैं। वह तो एक सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा के अनुसार, एक बेटे को अपने माता-पिता के निधन पर अपना सिर और दाढ़ी मुंडवाया जाना चाहिए, लेकिन उन्होंने अपनी मां के निधन पर ऐसा नहीं किया'।

मोदी ने सोमवार को तेलंगाना के अदिलाबाद में जनसभा के दौरान इंडी गठबंधन को निशाने पर लेते हुए उनके परिवार को लेकर किए गए हमले को हथियार बनाते हुए भाजपा के चुनावी अभियान में शामिल कर लिया। यह सब कुछ वैसा ही है जैसा 5 साल पहले 'मैं भी चौकीदार' का अभियान चलाया गया था। मोदी के इस बयान के बाद एक्स पर भाजपा ने नए अभियान का आगाज कर दिया। अभियान का नाम दिया गया 'मोदी का परिवार।' फिर क्या था भाजपा के तमाम शीर्ष नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना बॉयो बदल दिया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रदेश में होंगी 10 रैली

लखनऊ। भाजपा ने सोमवार को प्रदेश में चुनावी रैलियों और रोड-शो की योजना को अंतिम रूप दिया है। इसे केंद्रीय नेतृत्व को भेजा जाएगा। योजना के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रदेश में 10 रैली होगी और वाराणसी में रोड-शो भी करेंगे। जबकि गृहमंत्री अमित शाह की 12 रैली कराने की योजना बनी है। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर लोकसभा में रैली करेंगे, इसके लिए एक दिन में दो से तीन सीटों पर उनकी सभाएं होंगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रदेश में 15 से ज्यादा रैलियां करेंगे। इसके अलावा रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, एमपी के मुख्यमंत्री मोहन यादव आदि तमाम नेताओं की रैली के कार्यक्रम तय किए गए हैं। सहयोगी दलों सुभासपा, रालोद, निषाद पार्टी, अपना दल (एस) के नेताओं के भी कार्यक्रम किए गए हैं।

### नड्डा, शाह समेत योगी ने बदला बायो, जोड़ा- 'मोदी का परिवार'

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ केंद्रीय मंत्रियों नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, अनुराग ठाकुर आदि समेत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और तमाम नेताओं ने एक्स पर अपना बॉयो बदल कर नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिख दिया।

# सुनियोजित विकास के साथ आय की संभावनाएं तलाशें प्राधिकरण

- मुख्यमंत्री ने महायोजना-2031 नियोजित विकास के दिए दिशा-निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सहारनपुर, मीरजापुर, बांदा, बस्ती, अमरोहा और फिरोजाबाद की महायोजना-2031 को देखा और नियोजित विकास के लिए दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि, विकास प्राधिकरणों का उद्देश्य सुनियोजित, संतुलित और तीव्र विकास को दिशा देना है। फोकस आम आदमी की सुविधा पर होना चाहिए। सभी विकास प्राधिकरणों को आय की नई संभावनाएं तलाशनी होंगी।

उन्होंने कहा, स्थानीय शिल्पकला और परंपरागत उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए क्लस्टर विकसित किया जाए। प्रतिमाओं की स्थापना चौराहों के स्थान पर पार्कों में करना उचित होगा। नगरों में यातायात प्रबंधन एक महत्वपूर्ण विषय है। हमें इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। टैक्सी-ऑटो स्टैंड और स्ट्रीट वेंडर ज़ोन तय होने चाहिए। महायोजना में इसके लिए स्पष्ट भूमि चिन्हित होनी चाहिए। मल्टीलेवल पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान निर्धारित करें।

### सहारनपुर महायोजना में व्यावसायिक गतिविधियों का हो विकास

मुख्यमंत्री के मुताबिक, सहारनपुर देवभूमि का प्रवेश द्वार है। बीते 06-07 साल में यहां न केवल व्यावसायिक गतिविधियों में तेजी आई है, बल्कि बेहतर होती कनेक्टिविटी और नगरीय सुविधाओं के कारण लोग यहां स्थायी निवास भी बना रहे हैं। सहारनपुर की महायोजना में औद्योगिक-व्यावसायिक और आवासीय गतिविधियों के विकास के लिए सुनियोजित प्रावधान रखे जाएं।

### अमरोहा के लिए पहली बार महायोजना हो रही तैयार

अमरोहा के लिए पहली बार महायोजना तैयार हो रही है। यहां ढोलक, ड्रम, कॉटन रिसाइकिलिंग और बिंदी बनाने जैसी गतिविधियां परंपरा का हिस्सा हैं। इन्हें और फैसिलिटेट करने की व्यवस्था हो। बांदा में इंडस्ट्रिल कॉरिडोर प्रस्तावित है, महायोजना की सीमा कॉरिडोर तक होनी चाहिए। बुंदेलखंड एक्सप्रेस को इससे जोड़ें। हैवी ट्रैफिक से नगर का आम यातायात प्रभावित न हो, इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है।



सोमवार को केन्द्रीय राज्यमंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता रामदास आठवले ने मुख्यमंत्री योगी से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। अमृत विचार

### नजूल भूमि के सार्वजनिक उपयोग को अनुमति देने की तैयारी

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सरकार की ओर से नजूल भूमि के सार्वजनिक उपयोग को अनुमति देने की तैयारी है। इससे गरीबों के लिए घर बनाने, आवश्यकता के आधार पर सड़क, पार्क या फिर अन्य सरकारी योजनाओं के लिए प्राथमिकता पर देगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष सोमवार को उप्र. नजूल संपत्तियों के सर्वाजनिक उपयोगार्थ अधिनियम का प्रस्तुतीकरण किया गया। शहरी क्षेत्रों में गरीबों के घर बनाने के लिए पर्याप्त मात्रा में भूमि नहीं मिल पा रही है। इसीलिए अधिनियम में यह प्रावधान किया जा रहा है कि खाली पड़ी और गैर पट्टा वाली नजूल भूमि आवास विभाग को देकर उस पर गरीबों के लिए जरूरत के आधार पर मकान बनाए जाएं।

# ओपन जेल की व्यवस्था की योजना पेश करने का आदेश

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राजस्थान व महाराष्ट्र के तर्ज पर प्रदेश में 'ओपन जेल' की व्यवस्था तथा इस प्रकार के अन्य सुधारात्मक उपायों को लागू करने के संबंध में योजना अथवा प्रस्ताव पेश करने का आदेश राज्य सरकार को दिया है। इसके साथ ही न्यायालय ने कहा है कि प्रदेश के सभी जेलों के जेल अधीक्षक अपना प्रस्ताव दे सकते हैं।

यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने वर्ष 1998 में मॉडल जेल से मिले एक कैदी के पत्र के आधार पर दर्ज जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। हालांकि न्यायालय ने अब इस मामले को यूपी बनाम स्टेट ऑफ यूपी स्वतः संज्ञान याचिका के तौर पर टाइटिल देने का भी आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने यह भी पूछा है कि अंडर ट्रायल व दोषसिद्ध कैदियों के कमाई पर निर्भर उनके परिवारों को सहयोग किए जाने की भी क्या कोई योजना है। मामले की अगली सुनवाई 29 मार्च को होगी।

न्यायालय ने अपने पूर्वे के आदेश के अनुपालन में राज्य सरकार के अधिवक्ता को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश प्राप्त कर कोर्ट को अवगत कराने को कहा है कि मॉडल जेल में कुल कितने विचाराधीन कैदी और कितने सजायाफता कैदी बंद हैं और इनमें पुरूष व महिला कैदियों की संख्या कितनी है। पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने यह भी पूछा था कि क्या किसी महिला कैदी के साथ कोई बच्चा भी रह रहा है। न्यायालय ने अपने इस आदेश की जानकारी अपर मुख्य सचिव, गृह व महानिदेशक, कारागार को देने का निर्देश दिया है ताकि पूर्ण सुधारात्मक व्यवस्था को लागू किया जा सके।

# एसएससी परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वाले तीन गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एमपी, छत्तीसगढ़ व असम की परीक्षाओं में उप्र के अभ्यर्थियों के बनाते थे फर्जी दस्तावेज
- फर्जी आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, मार्कशीट व वोटर आईडी बरामद

**अमृत विचारः** छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश एवं असम राज्य में होने वाली एसएससी (जीडी) भर्ती में उप्र के अभ्यर्थियों को पास कराने को फर्जीवाड़ा करने वाले तीन को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ के हत्थे चढ़े तीनों आरोपी उन राज्यों का फर्जी आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, मार्कशीट एवं वोटर आईडी तैयार करते थे।

पकड़े गए तरुण, रॉबिन उर्फ रवि, और सचिन बुलन्दशहर के रहने वाले हैं। एसटीएफ ने तीनों को वहीं से पकड़ा है। उनके पास से बड़ी संख्या में आधार कार्ड मूल व छाया प्रति, मूल निवास प्रमाण पत्र, रजिस्ट्रेशन फार्म, मार्कशीट की छाया प्रति, मार्कशीट बनाने का प्रोफार्मा, एसएससी एडमिट कार्ड, वोटर आईडी कार्ड की छाया प्रति और वोटर आईडी कार्ड बनाने का प्रोफार्मा आदि बरामद किया गया है।

एसटीएफ टीम बुलन्दशहर क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक करने वाले गैंग के सदस्यों की तलाश में सक्रिय थी। उसी दौरान मिली सूचना पर एसटीएफ ने उन तीनों तो दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि उनका एक गिरोह है, जो विभिन्न राज्यों के फर्जी कागजात जैसे आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, मार्कशीट, वोटर आईडी आदि बनाते है।

छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश एवं असम में आयोजित होने वाली एसएससी (जीडी) भर्ती में उप्र के युवकों को लाभ पहुंचाने के लिए उन राज्यों का फर्जी दस्तावेज तैयार करते है। क्योंकि, इन राज्यों में उप्र की तुलना में कम अंकों पर मेरिट बनती है, जिससे उन्हें लाभ मिलता है। फर्जी प्रमाण-पत्र बनाने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी से पांच लाख रुपये लेते रहे हैं। उनमें से 2 लाख रुपये फर्जी दस्तावेज बनाने वाले मनोज व टिंकू को देते रहे हैं। शेष पैसा आपस में बांट लेते है।

### लगभग 13 करोड़ ग्रामीणों तक पहुंचा शुद्ध पेयजल

अमृत विचार, लखनऊ : जल जीवन मिशन की हर घर नल योजना के तहत सोमवार तक प्रदेश में दो करोड़ 10 लाख से अधिक ग्रामीण परिवार तक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन पहुंचा दिया गया है। इसी के साथ 12 करोड़ 62 लाख से अधिक ग्रामीणों तक शुद्ध पेयजल पहुंच चुका है। राज्य सरकार इस योजना से युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध करा रही है। कभी जल की राह देख रहा बुंदेलखंड व विंध्य क्षेत्र में खुशी की लहर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन वमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के साथ ही युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध हो रहा है। प्रदेश में 1,16,388 युवाओं को प्लंबिंग, 116388 इलेक्ट्रीशियन, 1,16,388 मोटर मैकेनिक, 116388 फिटर, 174582 राजमिस्त्री, 1,16,388 पम्प ऑपरेटर्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक 4,80,205 से अधिक महिलाओं को पानी जांच की ट्रेनिंग दी जा चुकी है। कभी पानी के लिए तरसते बुंदेलखंड में डबल इंजन सरकार ने शत-प्रतिशत साफ पानी भी पहुंचा दिया है तो वहीं विंध्य क्षेत्र में भी लोगों को काफी सहूलियत मिल रही है।

# यूपी बोर्ड: डेढ़ लाख परीक्षक जांचेंगे तीन करोड़ उत्तर पुस्तिकाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड ने सोमवार को हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्यक्रम भी घोषित कर दिया। 16 मार्च से 31 मार्च तक कापियों का मूल्यांकन प्रदेश के 260 केंद्रों पर होगा। बोर्ड ने मूल्यांकन केंद्रों का निर्धारण कर दिया है। इन सभी केंद्रों पर करीब डेढ़ लाख परीक्षक तीन करोड़ कापियों का मूल्यांकन करेंगे। परीक्षक 55 लाख से अधिक परीक्षार्थियों के शैक्षणिक भविष्य का मूल्यांकन 13 दिन के भीतर करेंगे। बीच में तीन दिन 24 से 26 मार्च तक होली का अवकाश रहेगा।

यूपी बोर्ड ने परीक्षा के साथ ही उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारी भी शुरू कर दी है। बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा 9 मार्च को समाप्त हो रही हैं। बोर्ड ने इसी बीच मूल्यांकन का कार्यक्रम भी तय कर दिया है। जिलेवार मूल्यांकन केंद्रों का निर्धारण कर दिया गया है। हाईस्कूल के लिए 131 एवं इंटर की उत्तरपुस्तिकाओं के लिए 116 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। 13 मूल्यांकन केंद्र मिश्रित बनाए गए हैं। यहां हाईस्कूल एवं इंटर दोनों की कापियां जांची जाएंगी। बोर्ड ने कुल 260 मूल्यांकन केंद्र बनाए हैं। इनमें 83 राजकीय तथा 177 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में 29,47,311 एवं इंटर में 25,77,997 समेत कुल 55,25,308 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। हाईस्कूल परीक्षा की 1.76 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 94,802 एवं इंटर परीक्षा की 1.25 कापियों के मूल्यांकन के लिए 52,295 परीक्षकों की नियुक्ति की गई है। इस प्रकार कुल 3.01 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं के लिए 1,47,097 परीक्षकों को तैनात किया गया है।

### परीक्षा समाप्त होने के बाद प्रशिक्षण कार्यक्रम

बोर्ड सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि कापियों के मूल्यांकन में पूरी तरह शुचिता बरती जाए इसके लिए परीक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित होगी। परीक्षा समाप्त होने के बाद प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू होगा।

### स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों की बदलेगी सूरत

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के 100 आकांक्षी (पिछड़े) नगरीय निकायों में मौजूद 913 स्कूलों को जहां अपग्रेड किया जाएगा, जबकि 25 नये विद्यालय भी शुरू किये जाएंगे। इसके अलावा आकांक्षी नगरीय निकायों में मौजूद किराये के अथवा अन्य सरकारी भवनों में संचालित हो रहे 348 आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए नये भवनों का निर्माण कार्य होगा। सरकार इन सभी कार्यों के लिए 143 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करेगी। स्कूलों के अपग्रेडेशन और नये भवनों के निर्माण की बात करें तो वित्तीय वर्ष 2024-25 में 100 आकांक्षी नगरीय निकायों में 398 स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था की जाएगी। सरकार इसके लिए प्रति स्कूल 9.27 लाख और कुल 36.89 करोड़ खर्च करेगी। वहीं 913 स्कूलों में स्मार्ट क्लास की व्यवस्था के लिए 2.5 लाख और कुल 22.87 करोड़ खर्च करेगी। इसी प्रकार स्मार्ट क्लास के फर्नीचर के लिए कुल 6.56 करोड़ खर्च करेगी। यही नहीं 25 नये सीएम अभ्युदय कंपोजिट स्कूलों को भी शुरू किया जाएगा।

# धर्म दर्शन



शिव आदि तत्व हैं, वह ब्रह्म हैं, वह अखंड, अभेद्य, अच्छेद्य, निराकार, निर्गुण तत्व है। वह अपरिभाषेय हैं, वह नेति-नेति हैं। अभिव्यक्ति में प्रतीत होते हैं, जिन्हें विद्या तथा अविद्या कह सकते हैं। ऋग्वेद में भगवान शिव का सबसे पहला उल्लेख मिलता है, जो उनकी दिव्य पहचान पर प्रकाश डालता है। भगवान शिव को अक्सर रुद्र के रूप में जाना जाता है। रुद्र जिसका अर्थ है "गर्जना करने वाला" देवत्व के कच्चे और मौलिक पहलुओं का प्रतीक है। उन्हें एक उग्र देवता के रूप में चित्रित किया गया है, जो तूफान, विनाश और कायाकल्प से जुड़ा है।

## आत्मज्ञान, वैराग्य एवं कल्याण का प्रतीक शिव तत्व

ऋग्वेद के मंत्र बुरी ताकतों से सुरक्षा के लिए रुद्र के आशीर्वाद का आह्वान करते हैं, जो विध्वंसक और रक्षक दोनों के रूप में उनकी दोहरी प्रकृति को प्रदर्शित करता है। जैसे ही हम ऋग्वेद से यजुर्वेद की ओर बढ़ते हैं, हम रुद्र से शिव में परिवर्तन का अनुभव करते हैं। शिव, संस्कृत शब्द "शिव" से लिया गया है, जो शुभता और पवित्रता का प्रतीक है। इस चरण में भगवान शिव को तपस्वी योगी के रूप में चित्रित किया गया है, जो हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियों पर ध्यान कर रहे हैं। वह वैराग्य, आत्मज्ञान और परोपकार के आदर्शों का प्रतीक हैं। यजुर्वेद शिव को ध्यान और आध्यात्मिकता के दिव्य आदर्श के रूप में महिमामंडित करता है। सामवेद हमें सर्वोच्च देवता महादेव से परिचित कराता है। महादेव, रुद्र और शिव के रूप में अपने पिछले अवतारों को पार करते हुए, भगवान शिव की दिव्यता की भव्यता को समाहित करते हैं। वह ब्रह्मांडीय व्यवस्था का अंतिम स्रोत, ब्रह्मांड का निर्माता, पालनकर्ता और संहारक है। सामवेद महादेव को उनकी सर्वशक्तिमानता और परोपकारी सर्वव्यापकता का चित्रण करते हुए एक लौकिक देवता के रूप में प्रतिष्ठित करता है। सृष्टि 16 तत्वों से निर्मित हैं। पहले पांच तत्व, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश, पृथ्वी लोक से संबंधित हैं। छठा तत्व 'शिव तत्व' है जिसका संबंध आज्ञा चक्र से है तथा वह माथे के केंद्र में स्थित है। विशुद्धि और आज्ञा चक्र के बीच में 11 तत्व हैं, किंतु फिर भी शिव तत्व को छठा तत्व कहा जाता है, क्योंकि शिव आदि, अनादि, अनंत, अखंड हैं, जो बुद्धि की समझ से परे हैं। सारे तत्व उसी में निहित हैं। शरीर में तीन प्रकार की ग्रंथियां होती हैं, ब्रह्म ग्रंथि, विष्णु ग्रंथि तथा रुद्र ग्रंथि। ब्रह्म ग्रंथि तथा विष्णु ग्रंथि खोलना अपेक्षाकृत सरल है, किंतु रुद्र ग्रंथि को खोलना बहुत कठिन है। इसके खुले बिना शेष 11 तत्वों का अनुभव नहीं हो सकता। 16 तत्वों के अनुभव के बाद ही शिव और शक्ति का संयोजन होता है और शिव तत्व की प्राप्ति होती है। संपूर्ण वेदों में विभिन्न श्लोक भगवान शिव की दिव्य उपस्थिति को दर्शाते हैं। अथर्ववेद का एक श्लोक शिव के लौकिक नृत्य, तांडव का सार दर्शाता है: "न तस्य प्रतिमा अस्ति यस्य नमः महद्यशः ।"/ तन्द्य त्वाग्वं प्रस्वादं पयधि। यह श्लोक भगवान शिव के निराकार स्वरूप की प्रशंसा करता है, इस बात पर जोर देता है कि उनकी दिव्य ऊर्जा असीमित और मानवीय समझ से परे है। यह इस विश्वास को पुष्ट करता है कि भगवान शिव के प्रति सच्ची भक्ति मूर्ति पूजा से परे है और उनके लौकिक सार से जुड़ती है। शिव का वास्तविक अर्थ है 'वह जो नहीं है' अर्थात् शून्य। आधुनिक भौतिक विज्ञानियों ने भी यह साबित कर दिया है कि पूरी सृष्टि शून्य से निकलती है और शून्य में ही चली जायेगी। व्यापक शून्यता अस्तित्व का आधार और ब्रह्मांड का मूल तत्व गुण है। इस विशाल शून्यता को ही शिव कहते हैं।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

## भौतिक शक्ति का सूचक असुर

व्युत्पति की दृष्टि से 'असुर' शब्द 'असुः+'र' (असुः=प्राण, र =वाला) का अर्थ प्राणवान, ऊर्जावान, शक्तिशाली या शक्ति संपन्न है। कालांतर में यह भौतिक शक्ति का सूचक/प्रतीक बन गया। ऋग्वेद में 'असुर' शब्द का प्रयोग 105 बार हुआ है। इसमें भी 99 बार भौतिक 'शोभन' अथवा मंगल सूचक है, जबकि मात्र 15 बार ही देवों के शत्रु विशेष के लिए। यास्क के "निरुक्त" (3/8) के अनुसार शारीरिक शक्ति के आधिक्य के कारण ही इन्द्र के लिए, तदुपरांत, नैतिक बल के सूचक के रूप में वरुण देव के लिए हुआ है।

प्राचीनतम असीरियन (असुर) साम्राज्य या परवर्ती मैसापोटामियन साम्राज्य (फारस (ईरान), इराक, तुर्की आदि पड़ोसी क्षेत्रों का) के निवासी पारसियों का धर्म, विश्व के भारतीय वैदिक धर्म के समान ही प्राचीनतम है। इस पारसी धर्म को 'जरथुस्र "धर्म" भी कहा जाता है। पारसियों की सर्वशक्तिमान सत्ता या ईश्वर को ही "अहुर मज्दा" या "अहोरमज्द" कहते हैं। 'अहोर' शब्द वैदिक 'असुर' शब्द का रूपांतर है। अथवा यह कहा जा सकता है कि अहोरमज्दाका वैदिक संस्कृत रूपांतर "असुरेन्द्र" है। अहुरमज्दा का आशय 'आसुरी मेधा' या 'बुद्धिबल' से है वैदिक "वृत्रघ्नइन्द्र" को ही अवेस्ता में "वेघ्रोघ्न" कहा गया है। ऋग्वेद (10/138/3-4)में इन्द्र को वज्र के प्रहार से देव विरोधी दानवों सहित वृत्रासुर का वध करने वाला कहा गया है। ऋग्वेद के 'अग्निदेव' की भांति पारसियों के प्राचीनतम धर्म ग्रंथ "जेंद अवेस्ता" में भी सर्वाधिक पवित्र देवता वही हैं। उसी अग्निदेव के माध्यम से ही "अहुरमज्दा" की पूजा होती है। प्रमुख अंतर यह भी है कि वेदों में जहां देवों तथा देवियों की स्तुति है, वहीं अवेस्ता में प्रायः कई की निंदा और असुरों की उपासना या स्तुति है। किंतु यह आश्चर्यजनक है कि वेदों और अवेस्ता दोनों में ही वैदिक सवितृ (सूर्य), सोम, अर्यमा, आदि की स्तुति है। विषयांतर के भय से विस्तृत चर्चा न कर इतना ही कहना पर्याप्त है कि हजारों वर्षों पूर्व भारत एवं फारस और ईरान में परस्पर सांस्कृतिक संबंध अत्यंत प्रगाढ़ थे। असीरिया तो असुरों का ही सामाज्य था और आधुनिक ईरान, इराक, तुर्की, बहरीन, कुवैत, कतर, सउदी अरब, ओमान, संयुक्त अरब अमीरात या यह कहा जाए कि फारस की खाड़ी के आसपास का संपूर्ण भूभाग ही उसमें समाहित था। आधुनिक संपूर्ण इस्रायल सहित मिश्र का कुछ भाग अधीन था।

सातवीं सदी के बाद विजेता इस्लाम धर्मावलंबियों के अत्याचार, उत्पीड़न, बलात्कार, धर्मांतरण ने वहां के मूलनिवासियों को इस्लाम स्वीकार करने या पलायन को विवश किया। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार असुर, देवदृष्टि से अपभ्रंश भाषा का अधिक प्रयोग करते थे (ते$सुरोहेलयो हेलया इति कुर्वन्तः पराबभूवुः)। पतंजलि और शबर स्वामी इस बात के समर्थक हैं। शांख्यायन तथा आश्वलायन श्रौतसूत्रों की "आसुरि विद्या" को शतपथ ब्राह्मण में ही प्रयुक्त "माया" शब्द का समानार्थी बताया गया है। माया को ही लोकभाषा में "जादूगरी" कहा गया है, किंतु यह बहुत आश्चर्यजनक है कि सभी भौतिक विद्याएं इसी में समाहित/समाविष्ट हो सकती हैं। सुप्रसिद्ध विद्वान, स्व. डॉ राज बली पाण्डेय जी के अनुसार, "आसुरि" शुद्ध भौतिक प्रवृत्ति से उत्पन्न सभी ज्ञान-विज्ञान असुर विद्या हैं। इसमें 'सुर विद्या' अथवा 'देवी विद्या' या आध्यात्मिकता को स्थान नहीं है।" 'हिन्दू धर्मकोश' पृष्ट,69. ऋग्वेद में देवताओं के लिए विशेषण के रूप में असुर शब्द का प्रयोग होता रहा है। विशेष रूप से वरुण आदि के लिए।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

## यज्ञरूप श्रेष्ठकर्म श्रेष्ठ मति

हे सोम! आप उपयाम-पात्र में ग्रहण करने योग्य हैं। आदित्यों के सदृश तेजस्विता के लिए आपको हम ग्रहण करते हैं। हे इंद्रदेव! आप हिंसक प्रवृत्ति से सर्वथा रहित हैं। याजक द्वारा प्रदत्त हवि के प्रतिदान स्वरूप आपका दान संपन्नता बढ़ाने वाला होता है। हम आदित्यों के स्नेह भाव के लिए आपकी स्तुति करते हैं। हे आदित्य! आप आलस्य, प्रमाद आदि से सर्वथा रहित हैं। आपकी जो शक्ति सामर्थ्य, अविनाशी और दिव्य आनंदप्रद है, वह सूर्य मंडल मे स्थापित है। हे आदित्य ग्रह! (पात्र) हम आदित्यदेव की प्रसन्नता हेतु आपको ग्रहण करते हैं। देवताओं के सुख के निमित्त यह यज्ञ है, अतएव हे आदित्य! आप हम सबके लिए कल्याणकारी हों। आपकी शुभ संकल्प युक्त मति हमें उपलब्ध हो। हे आदित्य! आप अज्ञान रूपी अंधकार के विनाश के निमित्त कारण हैं। हे पुरुषार्थी मनुष्यों! तुम अपनी वाणी में सुसंस्कारिता को धारण करो। जब गृहस्थ आश्रम में दंपती धर्माचरण का निर्वाह करते हैं, तभी पावन सुसंस्कारवान पुत्र उत्पन्न होते हैं और नित्य ही समृद्धि को प्राप्त होकर वे दुष्कर्मों और ऋणादि से निवृत्त रहते हुए श्रेष्ठ गृह में निवास करते हैं।

हे सोमासिक्त धान्य! यजुर्वेद के मंत्रों से जिसकी कामना की गई है, ऋक् मंत्रों से स्तुत्य तथा साम के स्तोत्रों द्वारा संवर्धित आपका सेवन अश्वों और गौओं को भी प्रेरणा देने में समर्थ है। आपके सेवन से प्राप्त होने वाले अभीष्ट फल की इच्छा से युक्त हम आपका सादर सेवन करते हैं। हम सब ब्रह्मतेज से संपन्न, दुग्धादि रसों से परिपूर्ण, श्रेष्ठ शरीर और शिवसंकल्पकारी मन से सदा युक्त रहें। श्रेष्ठ दान प्रदाता त्वष्टादेव हमें ऐश्वर्य प्रदान करें तथा हमारे शरीर में जो कमी है, उसे भी दूर करें। हे ऐश्वर्यवान इंद्रदेव! हमें श्रेष्ठ मन, गाय आदि पशुओं और ज्ञानीजनों तथा श्रेष्ठ कल्याणकारी भावनाओं से युक्त करें। ज्ञान से प्रेरित दिव्य मानवों द्वारा जो श्रेष्ठ कर्म संपादित होते हैं, उससे हमें जोड़ें, जो सत्कर्म हमें देवताओं के अनुग्रह प्रदान करते हैं, वह यज्ञरूप श्रेष्ठकर्म श्रेष्ठ मति के साथ आपके निमित्त समर्पित हों। हम सब लोग सदैव ब्रह्मवर्चस जल, सुदृढ़ शरीरों और शुभ संकल्पकारी पवित्र मन से युक्त रहें। श्रेष्ठ पदार्थों के दाता, सर्वप्रेरक परमात्मा हमें संपूर्ण ऐश्वर्य संपदा प्रदान करें। दानशील विधाता, सर्वोत्पादक सविता, प्रजा के पालक- प्रजापति, देदीप्यमान अग्निदेव, त्वष्टादेव और सर्वव्यापक विष्णुदेव, यह सभी देवगण हमारी आहुति को स्वीकार करें। यज्ञकर्मों के ज्ञाता हे देवगण! आप हमारे यज्ञ में पधारें, हमारी आहुति को स्वीकारें तथा यज्ञ से संतुष्ट होकर अपने-अपने गंतव्य स्थान के लिए प्रयाण, प्रस्थान करें।

हे मन के अधिष्ठाता देव! इस यज्ञ को श्रेष्ठ औषधियों से परिपूर्ण करें और वायु का शोधन करें। यह आहुति आपके प्रति समर्पित है। जिस परमात्मा से उत्तम अन्य कोई नहीं है, जो संपूर्ण लोकों में संव्याप्त है, वे प्रजापालक सोलह कलाओं से अपनी प्रजा में रमण करते हैं। वे सूर्य, विद्युत व अग्नि रूप तीनों ज्योतियों को अपने भीतर समाहित किए हुए हैं। उत्तम कर्म करने में कुशल हे अग्निदेव! हमें तेजस्विता, पराक्रम एवं अपार वैभव संपदा प्रदान करें। आप देव-शक्तियों के बीच में अति तेजस्वी हैं। अतः आपकी कृपा से हम मनुष्यों में तेजस्विता का संचार हो। ये ज्योतिर्मयी रश्मियां संपूर्ण प्राणियों के ज्ञाता सूर्य को तथा समस्त विश्व को, दृष्टि प्रदान करने के लिए विशेष प्रकाशित होती हैं। हे ग्रह (पात्र)! हम आपको ज्योतिर्मान सूर्य के लिए स्वीकृत करते हैं। हे महिमामयी गौ! आप इस यज्ञ से उत्पन्न पोषणयुक्त मंडल रूपी कलश को सूंघें, वायु के माध्यम से ग्रहण करें। इसके सोमादि पोषक तत्व आपके अंदर प्रविष्ट हों। उस ऊर्जा को पुनः सहस्त्रों पोषक धाराओं द्वारा हमें प्रदान करें।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

## शिवरात्रि प्रकृति से तादात्म्य का संदेश

मनुष्य का शरीर पंच भौतिक तत्वों का संयोजन है, इसीलिए धर्मग्रंथों में पृथ्वी को माता, आकाश को पिता और जल, अग्नि, वायु को देवता मानकर पूजा करने का उल्लेख है। इसी के लिए मांगलिक-कार्यक्रमों के प्रारंभ करने के पहले स्वस्तिवाचन मंत्र पढ़ने का विधान किया गया है जिसमें प्रकृति की अनुकूलता की कामना की गई है। भगवान शंकर और माता पार्वती के पुत्र गणेश जी प्रथम देवता हैं। जिस प्रकार समस्त भैतिक यंत्र ऊर्जा से संचालित होते हैं उसी प्रकार पंच भौतिक शरीर भी आत्मा की ऊर्जा से संचालित होता है। मनुष्य ही नहीं, बल्कि सृष्टि में जितने अन्य जीव-जंतु हैं, सभी को ऊर्जा की आवश्यकता है। इसका संदेश यही हुआ कि पार्वती माता, शिवजी पिता और पुत्र गणेश ऊर्जा के रूप में पुत्र हैं। वे माता-पिता से दूर न जाकर उन्हीं के चरणों की परिक्रमा करते हैं। कार्तिकेय के पूरे ब्रह्मांड की परिक्रमा का आशय उनमें वायु-तत्व की प्रधानता हैं जबकि वाहन नन्दी जल-तत्व का सूचक इसलिए है क्योंकि पशु जिन इलाकों में रहता है, सबसे पहले वह जल-स्रोत ही तलाशता है। शिवरात्रि का पर्व आकाश तथा पृथ्वी पर मौजूद प्राकृतिक संसाधनों की पूजा का पर्व है। इन संसाधनों का संरक्षण कैसे किया जाए ताकि मां पार्वती और शिव की कृपा-परिधि में सभी भौतिक पदार्थ रह सके, इस पर सजगता तथा तादात्म्य बनाने का पर्व है शिवरात्रि।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

# प्रदेश

## बस की टक्कर से बच्ची समेत तीन की मौत, चार घायल

संवाददाता, मोहम्मदी (लखीमपुर खीरी)

- रोडवेज की अनुबंधित बस की टक्कर से ई-रिक्शा के उड़े परखच्चे
- पुलिस ने बस को कब्जे में लिया चालक हुआ फरार

**अमृत विचार :** मोहम्मदी-गोला मार्ग पर सोमवार की शाम भीषण हादसा हो गया। दिलावरपुर के पास रोडवेज की अनुबंधित बस ने ई-रिक्शा को सामने से टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। हादसे में ई-रिक्शा पर सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन साल की बच्ची और युवती ने शाहजहांपुर अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। चार घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

मोहम्मदी से एक ई-रिक्शा सवारियों को लेकर गांव दिलावरपुर की तरफ जा रहा था। दिलावरपुर मोड़ के पास सामने से गोला की तरफ से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज की अनुबंधित बस ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। ई-रिक्शा पर चालक समेत छह सवारियां थीं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा के उड़े परखच्चे सड़क पर बिखर गए। हादसे में ई-रिक्शा में सवार बलिया जिले के गांव सिसोटर निवासी बुचिया देवी (55) की मौके पर मौत हो गई, जबकि ई रिक्शा चालक दिलावरपुर निवासी मुजीब (27), रुखसाना (37) अर्सलान (3) व आलिया (3) रवीना (26) और महरुन्निसा (32) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। चालक बस मौके पर छोड़कर भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को अस्पताल लाई, जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया। शाहजहांपुर ले जाते समय दिलावरपुर निवासी रवीना (21) पुत्री शमशुल और तीन साल की आलिया ने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक आलिया की मां रुखसाना की हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर किया गया है। जबकि महरुनिशान पत्नी युसुफ निवासी दिलावरपुर को बरेली अस्पताल भेजा गया है। चालक का शाहजहांपुर में इलाज चल रहा है। मोहम्मदी प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि पुलिस ने बस कब्जे में ले ली है। मंगलवार को शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त ई-रिक्शा।

## दक्षता और न्यायिक संतुलन न्याय प्रणाली की आवश्यकता

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने की अहम टिप्पणी

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने लंबा आपराधिक इतिहास रखने वाले अपराधियों को जमानत देने से पहले उनकी आपराधिक पृष्ठभूमि पर विचार करने का निर्देश देते हुए कहा कि दक्षता और न्याय के बीच संतुलन बनाना कानूनी कार्यवाही का एक चुनौतीपूर्ण पहलू है। आपराधिक न्याय प्रणाली को इस प्रकार बनाया जाय, जिससे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकने के साथ-साथ गलत काम करने वालों को उनके कार्यों का परिणाम भुगतना तय हो।

कोर्ट ने आगे कहा कि यह एक दुखद सत्य है कि जघन्य अपराधी कानूनी कार्यवाही में खामियों का फायदा उठा कर बच जाते हैं। कानूनी खामियां आपराधिक न्याय प्रणाली में जनता के विश्वास को कमजोर करती हैं। पीड़ित ठगा हुआ सा महसूस करता है।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति कृष्ण पहल की एकलपीठ ने भरत सिंह की दूसरी जमानत याचिका को खारिज करते हुए की। आरोपी के खिलाफ झांसी के नवाबाद पुलिस स्टेशन में आईपीसी की गंभीर धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मालूम हो कि आरोपी का लंबा आपराधिक इतिहास होने के कारण उसे दो मामलों में दोषी ठहराया गया है और पहली जमानत याचिका खारिज होने का कारण उसका आपराधिक इतिहास ही है।

### जयाप्रदा कोर्ट में पेश, गैरजमानती वारंट निरस्त

रामपुर, अमृत विचार : आचार संहिता उल्लंघन के दो मामलों में पूर्व सांसद जयाप्रदा सोमवार को दोपहर ढाई बजे कोर्ट में पेश हुईं। कोर्ट ने उनके गैरजमानती वारंट और 82 की कार्रवाई को निरस्त कर दिया। जमानत मिलने के बाद वह 4 बजे दिल्ली के लिए रवाना हो गईं। अब इस मामले में छह मार्च को सुनवाई होगी। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान स्वार और केमरी थाने में जयाप्रदा के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के मामले दर्ज कराए गए थे। ये दोनों मामले इन दिनों कोर्ट में विचाराधीन हैं। इन मामलों में कई तारीखों से वह कोर्ट में पेश नहीं हो रही थीं। जिस पर कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे।

## वर्ग पहेली-362

**बाएं से दाएं**

4. दुकानों पर चाय की प्रचलित मात्रा में कटौती करके दी जाने वाली चाय, आधा कप चाय।
5. वह व्यक्ति या संस्था जो वस्तुओं की बिक्री आदि का प्रबंध करती है, बिक्री प्रबंधक, (डिस्ट्रीब्यूटर)।, वितरण करने वाला, बांटने वाला।
6. (पुराण) पिता या पितृतुल्य व्यक्ति- पिता
7. एक प्रकार का बाजा, झांझ।; 1. झालने (अर्थात धातु की चीज़ों को टांका लगाकर जोड़ने) की क्रिया या भाव 2. गंध, स्वाद आदि की तीव्रता, स्वाद का चरपरापन या तीक्ष्णता।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सृष्टि, संसार जगत, 2. भीड़-भाड़, जनसमूह 3. उत्पन्न या सृजन करना 4. प्राकृतिक संघटन।
2. नियमित न होने का भाव, नियम का उल्लंघन।
3. 1. विचित्र क्रिया या व्यापार, अलौकिक घटना 2. कथावस्तु में घटनाओं का क्रम, किसी नाटक की पूरी कथावस्तु।, संविधान बनाने वाला।
5. वन, जंगल, बियावान, कानन अरण्य।
6. पहाड़ी ब्राह्मण समाज में एक कुलनाम या सरनेम।

### वर्ग पहेली - 361 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | ल | ■ | 2 उ | ट | 3 ज |
| शु | ■ | ■ | ता | ■ | ग |
| दे | ■ | 4 यु | व | ती | ■ |
| 5 व | शी | ■ | ला | ■ | 6 का |
| वा | ■ | 7 उ | प | ता | प |
| 8 द | ह | क | न | ■ | टि |
| ■ | ■ | ■ | ठा | 9 रैं | क |

## सुडोकू-79

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 9 | | 1 | | | |
| 1 | | | 2 | 4 | | | | |
| 2 | | 4 | | | | 9 | | 5 |
| | | 7 | | | 9 | | 4 | |
| 6 | | 3 | 5 | | 4 | | | 9 |
| | 8 | | 1 | | | 6 | | |
| 9 | | 8 | | | | 2 | | 6 |
| | | | | 2 | 8 | | | 7 |
| | | | 6 | | 3 | 1 | | |

### सुडोकू - 78 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 |
| 1 | 9 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 6 |
| 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 6 | 1 | 7 | 4 | 2 | 3 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 5 | 2 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 3 |
| 3 | 4 | 8 | 9 | 5 | 6 | 7 | 2 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 |
| 5 | 6 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 4 |
| 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 मार्च, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 08.04 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग

रा. 12 बु. शु. मं. 10 गु. 1 श. सू. 11 9 चं. 2 8 5 3 7 6 के. 4

दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मूल 16.00 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष** — आज जीवनसाथी के साथ तनाव में वृद्धि हो सकती है। परिस्थितियों को संभालने में थोड़ी कठिनाई होगी। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। नई जॉब की शुरुआत कर रहे हैं तो थोड़ी सावधानी रखें। जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाकर रखें।

**वृष** — आज आपका मन किसी कारण से अप्रसन्न हो सकता है। बिना मतलब की बातों में समय बर्बाद न करें। गले और छाती में विकार उत्पन्न हो सकते हैं। छात्र अपने भविष्य को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। मन की इच्छाओं को प्रकट करने से बचें।

**मिथुन** — आज अपने लक्ष्यों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। किसी गंभीर समस्या का आपको समाधान मिल सकता है। कार्य व्यवसाय में आपके व्यवहार की प्रशंसा होगी। अचानक आपको उच्च पद मिल सकता है। आपके मन में अच्छे विचारों का प्रभाव रहेगा।

**कर्क** — आज विदेशों से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। व्यवसाय में लक्ष्य तय समय पर प्राप्त कर लेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतरीन सफलता मिलने के आसार हैं। प्रियजनों के साथ आनंद युक्त समय बिताएंगे। घर में नजदीकी सम्बन्धियों का आगमन होगा।

**सिंह** — आज अपनी गलतियों की जिम्मेदारी स्वयं लें दूसरों पर न लादें। बच्चे रचनात्मक कार्यों में रुचि ले सकते हैं। वरिष्ठ अधिकारियों से अनबन हो सकती है। व्यवसाय में लाभ के अवसर चूक सकते हैं। क्रोध और आवेग से आपको बचना चाहिए।

**कन्या** — आज अपने खर्चों का हिसाब रखें। मानसिक रूप से संतुष्ट रहेंगे। अनावश्यक बातों में समय नष्ट न करें। व्यापार में जबरदस्त गति होने की संभावना है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। नौकरीपेशा लोगों को परेशानी हो सकती है।

**तुला** — आज पूरा दिन काफी अच्छा व्यतीत होगा। सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। संतान से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान मिलने की संभावना है।

**वृश्चिक** — आज पैतृक संपत्ति का लाभ प्राप्त होगा। आपकी छोटी-छोटी गलतियों को लोग बढ़ा-चढ़ाकर दिखा सकते हैं। व्यवसाय में लाभ के अवसर मिलने की संभावना है। आपका ध्यान व्यर्थ गतिविधियों में जा सकता है।

**धनु** — आज रुक-रुक कर आपके सभी काम पूर्ण हो जाएंगे। नई योजनाओं में धन निवेश कर सकते हैं। घर के सदस्यों में आपसी तालमेल अच्छा रहेगा। प्रेमीजन के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

**मकर** — आज अपनी कार्यक्षमता पर विश्वास बनाए रखें। मौसम में आए परिवर्तन के कारण कफ की समस्या हो सकती है। अकड़ू व्यवहार के कारण आपको परेशानी हो सकती है। नकारात्मक वातावरण से बचने का प्रयास करें।

**कुंभ** — आज आपके व्यवहार से लोग प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी के व्यवहार से आप काफी आनंदित हो सकते हैं। आपके मस्तिष्क में नवीन योजनाओं की रूपरेखा बन सकती है। सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों के वेतन बढ़ने की संभावना है।

**मीन** — आज आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। यात्राओं से लाभ प्राप्त होगा। मित्रों के सहयोग से आपके सभी काम आसानी से हो जाएंगे। कारोबार में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। शारीरिक रूप से काफी सक्रिय रहेंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
लोहा — सुबह : 11.34
परदेसी बाबू — रात : 08.00

SONY PIX
सुसाइड स्क्वॉड — सुबह : 09.34
एक्वामैन — रात : 08.45

SONY MAX
पागलपंती — सुबह : 09.00
अफवाह — रात : 07.00

ZEE CINEMA
सम्राट एंड कंपनी — सुबह : 10.30
हैक्ड — शाम : 04.30

colors CINEPLEX
परंपरा — सुबह : 10.58
बिल्लू — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम 04.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

लड़की- जब पिता जी सो जाएंगे तो में सिक्का फेंकूंगी तुम आवाज सुनकर ऊपर आ जाना।
लड़की सिक्का फेंकती है पर लड़का ऊपर नहीं आता।
एक घंटे बाद जब लड़का आया तो लड़की पूछती इतनी देर कहां लगा दी?
लड़का- अरे में तो सिक्का ढूंढ रहा था
लड़की- अरे पागल वो तो धागा बांध कर फेंका था वापिस खींच लिया।

पप्पू की टांग टूट गई अस्पताल गया तो देखा की वहां एक आदमी की दोनों टाँगे टूटी हैं।
पप्पू उसके पास गया और पूछा की आपकी दो पत्नियां हैं क्या?

| बाजार | संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,872.29 | 22,405.60 |
| बढ़त | 66.14 | 27.20 |
| प्रतिशत में | 0.09 | 0.12 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1110 डीएमओ 880 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1130 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5600-5800 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3900-4000 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14500-14700 |
| अरहरस्पेशल1 | 12000-12200 |
| चनादाल | 7150-7250 |
| मटरदाल | 5050-5150 |
| मसूरमलका | 6950-7000 |
| मसूरदाल | 7050-7100 |
| उड़ददाल | 9000- 12000 |
| उड़द धोवा | 10500- 13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900-4950 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# मूडीज ने जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया

## रेटिंग एजेंसी ने 2024 के लिए भारत में वृद्धि दर 6.1 से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने 2024 के कैलेंडर साल के लिए भारत की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले रेटिंग एजेंसी ने 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.1 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया था।

वर्ष 2023 में भारत के आर्थिक आंकड़े उम्मीद से कहीं बेहतर रहे हैं, जिसकी वजह से मूडीज ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया है। कैलेंडर साल 2023 की चौथी तिमाही में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सालाना आधार पर 8.4 प्रतिशत रही है। ऐसे में पूरे 2023 के साल में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.7 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने सोमवार को कहा कि सरकार के पूंजीगत व्यय और मजबूत विनिर्माण गतिविधियों ने 2023 में वृद्धि के मोर्चे पर सार्थक नतीजे दिए हैं। रेटिंग एजेंसी का मानना है कि वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियां अब कम रह गई हैं, जिसकी वजह से भारत आसानी से छह से सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर सकता है। मूडीज ने अपने वैश्विक वृहद आर्थिक परिदृश्य-2024 में कहा, ''भारत की अर्थव्यवस्था ने अच्छा प्रदर्शन किया है और 2023 में उम्मीद से अधिक मजबूत आंकड़ों के कारण हमने 2024 के लिए अपना वृद्धि दर का अनुमान 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा।'' मूडीज ने कहा कि 2025 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उच्च-आवृत्ति के संकेतकों से पता चलता है कि अर्थव्यवस्था की सितंबर और दिसंबर तिमाही की मजबूत रफ्तार 2024 की मार्च तिमाही में जारी है।

### चुनाव के बाद निरंतरता की कर रहे उम्मीदः मूडीज

मूडीज ने कहा-हम आम चुनाव के बाद नीतिगत मोर्चे पर निरंतरता की उम्मीद कर रहे हैं। इसके अलावा हमारा मानना है कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र को आगे बढ़ाने का काम जारी रहेगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि हालांकि निजी औद्योगिक पूंजीगत व्यय की वृद्धि धीमी रही है, लेकिन आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण के लाभ और सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं पर निवेशकों की प्रतिक्रिया से इसमें तेजी आने की उम्मीद है। वर्ष 2024 भारत, इंडोनेशिया, मेक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे कई जी20 देशों के लिए चुनावी साल है। मूडीज ने कहा कि चुनाव का असर सीमा से आगे दिखाई देता है। मूडीज ने कहा कि इन चुनावों में जो नेता चुने जाएंगे, अगले चार से पांच साल के दौरान घरेलू और विदेशी नीतियों पर उनका प्रभाव देखने को मिलेगा।

## शेयर बाजार में तेजी नए रिकॉर्ड स्तर पर सेंसेक्स, निफ्टी

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक- बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। मूडीज के 2024 के लिए आर्थिक वृद्धि अनुमान बढ़ाये जाने के बीच ऊर्जा और बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी बनी रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 66.14 अंक यानी 0.09 प्रतिशत चढ़कर अपने अबतक के उच्चतम स्तर 73,872.29 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह एक समय 183.98 अंक तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 27.20 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ रिकॉर्ड स्तर 22,405.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह अपने अबतक के उच्चतम स्तर 22,440.90 अंक तक चला गया था।

# दिल्ली में महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 1,000 रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आप सरकार का 76,000 करोड़ रुपये का बजट पेश
- वित्त मंत्री आतिशी ने योजना की घोषणा की



दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने सोमवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 76,000 करोड़ रुपये के परिव्यय का बजट पेश किया। अपना पहला बजट पेश करते हुए आतिशी ने 'मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना' की घोषणा की, जिसके तहत 18 वर्ष और इससे अधिक आयु की सभी महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये दिए जाएंगे।

आतिशी ने अपने बजट भाषण में कहा कि सरकार राम राज्य के आदर्शों से प्रेरित है। आम चुनाव से पहले राज्य विधानसभा में पेश किए गए बजट में उन्होंने 'बिजनेस ब्लास्टर्स' योजना का विस्तार विश्वविद्यालयों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) तक करने की घोषणा की। अभी तक यह योजना स्कूलों में लागू की जा रही थी। पिछले साल सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 78,800 करोड़ रुपये आवंटित किए थे और जी20 की तैयारियों के तहत नौ योजनाओं की घोषणा की थी।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 65,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,600-48,800 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,000 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,350 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,350 |
| चांदी पक्की | 721 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,600 |
| चांदी आभूषण | 72,800। |

## आईआईएफएल फाइनेंस के गोल्ड लोन पर आरबीआई की रोक

**मुंबई, एजेंसी**

आरबीआई ने आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड पर सोने के बदले कर्ज की मंजूरी या वितरण पर सोमवार को तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। सोना गिरवी रखकर कर्ज देने के मामले में कुछ चिंताएं सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया।

हालांकि, आरबीआई ने एक बयान में कहा कि आईआईएफएल फाइनेंस सामान्य संग्रह और वसूली प्रक्रियाओं के माध्यम से अपने मौजूदा स्वर्ण ऋण कारोबार को जारी रख सकता है। बयान के मुताबिक, आरबीआई ने आईआईएफएल फाइनेंस लि. को निर्देश दिया है कि वह तत्काल प्रभाव से स्वर्ण कर्ज को मंजूरी देने या वितरित करने या अपने किसी भी गोल्ड लोन को असाइन/प्रतिभूतिकरण या बिक्री करना करना बंद करे। आरबीआई ने कहा कि 31 मार्च, 2023 तक आईआईएफएल की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में कंपनी का निरीक्षण किया गया था। केंद्रीय बैंक ने कहा-कंपनी के स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो में निगरानी स्तर पर कुछ चिंताएं पाई गईं। इनमें कर्ज की मंजूरी के समय और चूक पर नीलामी के समय सोने की शुद्धता और शुद्ध वजन की जांच और सत्यापन के मामले में खामियां शामिल हैं।

## अब तक चीनी उत्पादन मामूली घटकर दो करोड़ 55.3 लाख टन पर

**नई दिल्ली।** उद्योग संगठन इस्मा ने कहा कि चालू विपणन वर्ष 2023-24 में अब तक देश का चीनी उत्पादन 1.19 प्रतिशत घटकर दो करोड़ 55.3 लाख टन रहा। एक साल पहले की समान अवधि में फरवरी तक चीनी का उत्पादन दो करोड़ 58.4 लाख टन हुआ था। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितम्बर तक चलता है। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में चालू 2023-24 विपणन वर्ष में चीनी उत्पादन 10 प्रतिशत घटकर तीन करोड़ 30.5 लाख टन होने का अनुमान लगाया है, जो पिछले वर्ष में तीन करोड़ 66.2 लाख टन था।

# एआई पर परामर्श बड़े मंचों के लिए है स्टार्टअप के लिए नहीं: चंद्रशेखर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- राज्यमंत्री बोले-परामर्श का उद्देश्य एआई मंचों को है रोकना



इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सोमवार को कहा कि सरकार का कृत्रिम मेधा (एआई) पर परामर्श बड़ी कंपनियों और परीक्षण के दौर से गुजर रहे बड़े मंचों के लिए है। यह स्टार्टअप इकाइयों पर लागू नहीं होता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संबंधित प्रश्नों पर गूगल के कृत्रिम मेधा मंच की प्रतिक्रिया पर विवाद के बाद, सरकार ने एक मार्च को सोशल मीडिया और अन्य मंचों के लिए परामर्श जारी किया। इसमें परीक्षण स्तर पर एआई मॉडल को चिन्हित करने और गैरकानूनी सामग्री हटाने की बात शामिल है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मध्यस्थों और मंचों को जारी परामर्श में नियमों का अनुपालन नहीं करने की स्थिति में आपराधिक कार्रवाई की चेतावनी दी है।

चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है, ''जो परामर्श जारी किए गए हैं, वे बड़े मंचों के लिए हैं। मंत्रालय से अनुमति की बात केवल बड़े मंचों के लिए है और यह बात स्टार्टअप पर लागू नहीं होगी। परामर्श का उद्देश्य बिना परीक्षण वाले एआई मंचों को भारतीय इंटरनेट पर उपयोग करने से रोकना है।



## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में गोली चल जाने से एक जवान की गई जान

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सोमवार को नियंत्रण सीमा रेखा (एलओसी) के पास भारतीय सेना के एक जवान की दुर्घटनावश उसकी सर्विस राइफल से गोली चल जाने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लांस नायक बलवीर सिंह घुसपैठ रोधी बाधा प्रणाली (एआईओएस) के पास तैनात थे। नौशेरा सेक्टर में उनकी सर्विस राइफल से दुर्घटनावश गोली चल जाने से उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने कहा कि सेना के जवान की मौके पर ही मौत हो गई।

### अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में कमिश्नरेट पुलिस ने एक अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुये एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से दो किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस आयुक्त (सीपी) गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने सोमवार को कहा कि गिरफ्तार ड्रग तस्कर की पहचान जसबीर सिंह उर्फ मल्ल निवासी गांव खैला कलां, लोपोके, अमृतसर ग्रामीण के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर उपायुक्त (विवेचना) हरप्रीत सिंह मंडेर ने पुलिस पार्टी के साथ एक विशेष अभियान चलाया था।

# मोदी सरकार ने नौकरी के अवसर खत्म किए

## मध्य प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान राहुल गांधी ने लगाया आरोप

**शिवपुरी/गुना (मप्र), एजेंसी**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को मध्य प्रदेश के गुना जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान एक नवविवाहित जोड़े के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। • एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के युवाओं को पहले सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों में नौकरियां मिल जाती थीं, लेकिन मोदी सरकार ने इस अवसर को भी खत्म कर दिया।

मध्य प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान सभाओं को संबोधित करते हुए गांधी ने मीडिया पर चीन, पाकिस्तान, क्रिकेट और बॉलीवुड का राग अलापकर लोगों का ध्यान भटकाने का भी आरोप लगाया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि मीडिया अंबानी परिवार में शादी को कवर करने में व्यस्त है, लेकिन उसके पास प्रमुख मुद्दों को कवर करने का समय नहीं है। उन्होंने कहा, ''देश तीन प्रमुख चुनौतियों, बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार का सामना कर रहा है, लेकिन वे मीडिया से गायब हो गए हैं। वे (मीडिया) आपको ये मुद्दे नहीं दिखाएंगे, लेकिन वे आपसे चीन, पाकिस्तान, क्रिकेट या बॉलीवुड के बारे में दिखाकर आपका ध्यान भटकाएंगे।

उन्होंने आरोप लगाया-जैसे ही आपका ध्यान इधर-उधर जाएगा, आपकी जेब से पैसा निकल जाएगा और सीधे अडाणी जी की जेब में चला जाएगा। शिवपुरी में अपने भाषण के बीच में राहुल गांधी ने एक सुरक्षाकर्मी द्वारा ले जाई जा रही राइफल की ओर इशारा किया और उससे इसके निर्माण के बारे में पूछा।

### नौकरी के 'बंद द्वार' खोलेगा 'इंडिया'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को भाजपा पर संविदा व्यवस्था को लगातार बढ़ावा देने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) युवाओं के लिए ''नौकरी के बंद द्वार'' खोलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन द्वारा सरकारी विभागों में रिक्त पदों को भरने के लिए ठोस योजना तैयार की गई है।

## ईडी ने फेमा जांच में निरंजन हीरानंदानी से पूछताछ की

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले में मुंबई स्थित प्रमुख रियल्टी कंपनी हीरानंदानी समूह के प्रवर्तक निरंजन हीरानंदानी से पूछताछ की है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। समझा जाता है कि 73 वर्षीय रियल एस्टेट कारोबारी ने मामले में अपना बयान दर्ज कराते हुए संघीय जांच एजेंसी को कुछ दस्तावेज सौंपे हैं। निरंजन हीरानंदानी और उनके बेटे दर्शन हीरानंदानी के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत चल रही जांच के तहत ईडी ने उन्हें यहां अपने कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था। दर्शन हीरानंदानी पिछले कई सालों से दुबई में रह रहे हैं। एजेंसी ने पिछले महीने मुंबई और उसके आसपास समूह के लगभग चार परिसरों की तलाशी ली थी।

# हिमाचल में सरकार पर खतरा नहीं विक्रमादित्य ने पार्टी नेतृत्व से बात की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस के सूत्रों ने किया यह दावा

हिमाचल प्रदेश सरकार के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व से बात की है और अब मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार को कोई खतरा नहीं है। पार्टी सूत्रों ने सोमवार को यह दावा किया।

सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व को मुख्यमंत्री सुक्खू और उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों पर भरोसा है, इसलिए फिलहाल राज्य सरकार के नेतृत्व में बदलाव संभव नहीं लगता। एक पार्टी सूत्र ने कहा- सरकार बहुमत में है और वह पूरे पांच साल तक हिमाचल प्रदेश के लोगों की सेवा करेगी और धन-बल की मदद से जनादेश को कुचलने का कोई भी प्रयास सफल नहीं होगा।'' सूत्रों ने कहा कि बागी विधायकों के खिलाफ दलबदल विरोधी कानून के तहत कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोग 'आया राम, गया राम' वाली राजनीति को पसंद नहीं करते। सूत्रों ने दावा किया कि दलबदल विरोधी कानून के तहत छह विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद अब सदन में सदस्यों की कुल संख्या 62 रह गई है और सरकार के पास बहुमत के जरूरी आंकड़े 32 से अधिक विधायकों का समर्थन है। उन्होंने दावा किया कि बागी विधायक माफी मांग रहे हैं और संदेश भेज रहे हैं। सूत्रों ने यह भी कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत वीरभद्र सिंह और कांग्रेस की राज्य इकाई की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के पुत्र विक्रमादित्य सिंह ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से बात की है और अपने मुद्दों से अवगत कराया है।

## जयपुर में भवन निर्माण के दौरान मिट्टी ढहने से तीन मजदूरों की मौत

**जयपुर।** जयपुर के रामनगरिया थाना क्षेत्र में सोमवार को एक भवन के निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी ढहने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। थानाधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि जगतपुरा क्षेत्र में एक भवन के निर्माण के दौरान अचानक मिट्टी ढह जाने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान झारखंड के रहने वाले राजजन्म सिंह(35), प्रेम सिंह (30) और बिहार निवासी इरशाद आलम (23) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि रामजन्म सिंह की मौके पर ही जबकि दो अन्य मजदूरों की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

## दो और अफसर गिरफ्तार, दो करोड़ से अधिक कैश बरामद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**एनएचएआई रिश्वत रैकेट**

सीबीआई ने रिश्वतखोरी रैकेट के भंडाफोड़ से संबंधित मामले में मध्य प्रदेश में कार्यरत एक उप महाप्रबंधक समेत एनएचएआई के दो और अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। अब गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या बढ़कर आठ हो गई है।

भोपाल में परियोजना निदेशक का प्रभार संभाल रहे उप महाप्रबंधक राजेंद्र कुमार गुप्ता और विदिशा में परियोजना निदेशक के रूप में कार्यरत हेमंत कुमार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों और भोपाल स्थित बंसल कंस्ट्रक्शन वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े रिश्वतखोरी रैकेट के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने रिश्वतखोरी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए नागपुर में तैनात एनएचएआई के महाप्रबंधक और परियोजना निदेशक अरविंद काले और एमपी के हरदा में तैनात उप महाप्रबंधक ब्रिजेश कुमार साहू को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने कहा कि कुल बरामदगी बढ़कर दो करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।

## इनेलो नेता नफे सिंह राठी की हत्या के दो आरोपी गोवा में गिरफ्तार

**चंडीगढ़/नई दिल्ली।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के नेता नफे सिंह राठी की हत्या के मामले में गोवा से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। इनेलो की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष राठी और पार्टी कार्यकर्ता जयकिशन की 25 फरवरी को झज्जर के बहादुरगढ़ में अज्ञात हमलावरों ने उनके वाहन पर गोलीबारी कर हत्या कर दी थी। अधिकारियों ने बताया कि आशीष और सौरभ को हरियाणा पुलिस के विशेष कार्य बल, जिला पुलिस और दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के संयुक्त अभियान में गोवा से गिरफ्तार किया गया।

# वरिष्ठ टीएमसी नेता तापस रॉय ने दिया इस्तीफा

**कोलकाता, एजेंसी**

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तापस रॉय ने पार्टी की कार्यप्रणाली पर निराशा व्यक्त करते हुए सोमवार को विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। रॉय ने ऐसे समय में इस्तीफा दिया है, जब देश में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं।

उन्होंने कहा, ''मैंने विधायक पद से अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को सौंप दिया है।'' संवाददाताओं से बातचीत के दौरान रॉय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनके आवास पर जनवरी में छापा मारे जाने के समय उनके साथ खड़े नहीं होने के लिए पार्टी नेतृत्व की आलोचना की। पश्चिम बंगाल विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस के उप मुख्य सचेतक और बड़ानगर सीट से विधायक रॉय ने सोमवार अपराह्न अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी को सौंप दिया। इससे पहले उन्होंने पार्टी के प्रति अपनी गहरी निराशा व्यक्त की और पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी पर ''बुरे वक्त'' में उनका साथ छोड़ने का आरोप लगाया। रॉय के इस्तीफे के बाद इस तरह के कयास लगाए जा रहे हैं कि रॉय भाजपा में शामिल होंगे या राज्य के किसी अन्य विपक्षी दल का दामन थामेंगे।

रॉय ने कहा कि वह इस सबंध में ''उचित समय'' पर निर्णय लेंगे। रॉय को समझाने के अपने आखिरी प्रयास में मंत्री ब्रत्य बसु और पूर्व तृणमूल प्रवक्ता कुणाल घोष सोमवार सुबह उनके आवास पर पहुंचे। इसके बावजूद उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। रॉय का उत्तरी कोलकाता क्षेत्र से पार्टी के सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय के साथ कथित तौर पर मतभेद चल रहा है और वह पिछले कुछ समय से पार्टी कार्यक्रमों से दूरी बनाए हुए थे।

रॉय ने मध्य कोलकाता में अपने आवास पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए इस साल 12 जनवरी को ईडी के छापे के बाद उनके साथ खड़े नहीं होने के लिए पार्टी नेतृत्व की आलोचना की। रॉय ने कहा, ''मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा में कहा कि ईडी शाहजहां शेख को निशाना बना रही है। मैं उम्मीद कर रहा था कि वह मेरे घर पर छापे के बारे में भी एक या दो शब्द बोलेंगी, लेकिन उन्होंने एक शब्द भी नहीं बोला।''

## कंटेनर से टकराई कार एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**वड़ोदरा।** गुजरात के वड़ोदरा शहर के पास राजमार्ग पर खड़े कंटेनर से एक कार टकरा गई, जिससे उसमें सवार दो दंपतियों और एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कपूराई पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना रविवार देर रात हुई जब एक ही परिवार के दो पुरुष, अपनी पत्नियों और दो बच्चों के साथ कार में वड़ोदरा जिले के कर्जन तालुका से वापस आ रहे थे। उन्होंने बताया कि कार सड़क किनारे खड़े कंटेनर से टकरा गई। अधिकारी ने बताया कि दो दंपतियों और एक साल के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 4 साल का दूसरा बच्चा घायल हो गया।

# कोर्ट ने महुआ मोइत्रा की अंतरिम याचिका की खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- दिल्ली हाईकोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया



दिल्ली उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की ओर से दायर एक अंतरिम याचिका सोमवार को खारिज कर दी जिसमें भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और वकील जय अनंत देहाद्रई को उनके खिलाफ कोई भी "फर्जी और अपमानजनक" सामग्री पोस्ट करने या प्रसारित करने से रोकने का अनुरोध किया गया था। मोइत्रा को हाल ही में लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने आदेश सुनाते हुए कहा, ''मैंने रोक के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी है।'' उच्च न्यायालय ने 20 दिसंबर, 2023 को मोइत्रा, दुबे और देहाद्रई के वकील की दलीलें सुनने के बाद अंतरिम याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था, वह पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर से सांसद थीं। मोइत्रा ने पिछले साल अक्टूबर में दायर अपनी याचिका में दुबे, वकील देहाद्रई, सोशल मीडिया मंच 'एक्स', सर्च इंजन गूगल, यूट्यूब और 15 मीडिया संस्थानों को उनके खिलाफ अपमानजनक और दुर्भावनापूर्ण बयानों के प्रकाशन, प्रसारण से स्थायी रूप से रोके जाने का अनुरोध किया है। बाद में उन्होंने पक्षकारों की सूची से सभी मीडिया घरानों और सोशल मीडिया कंपनियों को हटा दिया था।

### ईडी पर हमलाः जांच संबंधी याचिका पर आदेश सुरक्षित

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के परिसरों पर छापेमारी करने गए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिकारियों पर हमले की जांच राज्य पुलिस से केंदीय अन्वेषण ब्यूरो को हस्तांतरित करने संबंधी ईडी की याचिका पर सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने ईडी, राज्य सरकार और केंदीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने राज्य पुलिस पर पक्षपाती होने का आरोप लगाया और कहा कि यद्यपि शेख के खिलाफ 40 से अधिक मुकदमे वर्षों से लंबित हैं, लेकिन पुलिस ने संदेशखालि में टीएमसी नेता के यहां छापेमारी के दौरान लगभग 1,000 लोगों की उग्र भीड़ द्वारा ईडी अधिकारियों पर किए गए हमले के बाद उसे (शेख को) गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा कि शेख की गिरफ्तारी के बाद राज्य सरकार ने मामले की जांच बशीरहाट पुलिस से लेकर अपराध जांच विभाग (सीआईडी) को सौंप दी थी।

# सफलता दोहराने उतरेंगे सात्विक-चिराग

**पेरिस, एजेसी**

**फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट**



गत तीन स्पर्धाओं में उपविजेता रही सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में 2022 की सफलता को दोहराने उतरेंगे।

सात्विक और चिराग की नंबर 1 जोड़ी चीन मास्टर्स सुपर 750, जनवरी में मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 में फाइनल नहीं जीत पाई थी। फ्रेंच ओपन में भारतीय जोड़ी खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। भारत के खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता से पोर्ट डे ला चैपल में एडिडास एरेना को समझने का मौका भी मिलेगा जहां पेरिस ओलंपिक के दौरान बैडमिंटन के मैच खेले जाएंगे। सात्विक और चिराग ने 2022 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। वह मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु के लिए भी यह टूर्नामेंट महत्वपूर्ण है। उन्होंने 4 महीने बाहर रहने के बाद मलेशिया में खेली गई एशियाई चैंपियनशिप में वापसी की थी। 11वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी अपने अभियान की शुरुआत कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ करेगी। आगे बढ़ने पर उनका सामना पूर्व विश्व चैंपियन स्पेन की कैरोलिना मारिन से हो सकता है। पुरुष एकल में एचएस प्रणय ने इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। उनका पहला मुकाबला चीन के लू गुआंग जू से होगा। वहीं लक्ष्य सेन को जापान के कांता सुनेयामा की चुनौती मिलेगी। किदांबी श्रीकांत को भी चीनी ताइपे के चाउ टीएन चेन से चुनौती मिल सकती है, जबकि प्रियांशु राजावत विक्टर एक्सेलसन का सामना करेंगे। महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद तथा तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ियां एक दूसरे के सामने होंगी।

# मंधाना-पैरी के पचासे के दम पर आरसीबी ने यूपी को रौंदा

## बेंगलुरु ने तीन विकेट के नुकसान पर बनाए 193 रन, यूपी वारियर्स को 23 रन से दी मात

**बेंगलुरू, एजेंसी**



कप्तान स्मृति मंधाना और हरफनमौला एलिसे पैरी के अर्धशतकों से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में सोमवार को यूपी वारियर्स को 23 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर आरसीबी ने 3 विकेट पर 193 रन बनाए। पैरी ने 37 गेंद में 4 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 58 रन की पारी खेली। मंधाना और पैरी ने दूसरे विकेट के लिए 64 गेंद में 95 रन की साझेदारी की। जवाब में यूपी वारियर्स की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 175 रन ही बना सकी। कप्तान एलिसा हीली (38 गेंद में 55 रन) को छोड़कर यूपी की कोई बल्लेबाज टिक नहीं सकी। यह डब्ल्यूपीएल के बेंगलुरु चरण का आखिरी मैच था और अब मैच मंगलवार से दिल्ली में होंगे।

वारियर्स की शुरुआत शानदार रही और उसने 4.2 ओवर में ही 47 रन बनाए। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने पहला ओवर मेडन डाला, लेकिन हीली और किरण नवगिरे ने आक्रामक बल्लेबाजी की। हीली ने तेज गेंदबाज सोफी डेवाइन को दूसरे ओवर में 2 छक्के जड़े और रेणुका के अगले ओवर में दोनों ने 24 रन निकाले। डेवाइन ने नवगिरे को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा और रनगति पर अंकुश लगाया। यूपी ने चामरी अटापट्टू (8), ग्रेस हैरिस (5) और श्वेता सहरावत (1) के विकेट गंवा दिए। बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू ने हीली को आउट करके यूपी की उम्मीदें खत्म कर दी। इससे पहले दो मैच हारने के बाद आरसीबी ने सोफी डेवाइन की जगह एस मेघना से पारी की शुरुआत कराई। मेघना और मंधाना ने 5.3 ओवर में 51 रन जोड़कर आरसीबी को मजबूत शुरुआत दी। आरसीबी ने पावरप्ले में 1 विकेट पर 57 रन बनाए। मंधाना ने 50 गेंद में 10 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 80 रन बनाए। मंधाना ने 28 रन पर मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए आफ स्पिनर चामरी अटापट्टू और बाएं हाथ की तेज गेंदबाज अंजलि सरवनी की धुनाई की।

## खेल डायरी

### भारतीय पुरुष-महिला टेबल टेनिस टीम ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष और महिला टीम ने सोमवार को विश्व रैंकिंग के आधार पर पहली बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। बुसान में विश्व टीम चैंपियनशिप पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट थी और समापन के बाद टीम स्पर्धाओं में 7 स्थान बचे थे और टीमों को उनकी रैंकिंग से चुना गया। आईआईटीएफ ने कहा कि शीर्ष रैंकिंग की जो टीम क्वालीफाई नहीं कर सकीं, उन्होंने पेरिस 2024 के लिए अपना टिकट हासिल कर लिया। महिलाओं की स्पर्धा में भारत 13वीं रैंकिंग पर था, उसने पोलैंड (12), स्वीडन (15) और थाईलैंड के साथ पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। पुरुष टीम स्पर्धा में क्रोएशिया (12), भारत (15) और स्लोवेनिया (11) ने टिकट कटाया। भारत के अनुभवी खिलाड़ी शरत कमल ने ट्वीट किया कि भारत ने ओलंपिक के लिए टीम स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर लिया। ओलंपिक में पांचवीं बार खेलने के बावजूद यह बहुत विशेष है।

### सेबेस्टियन ने एलेजांद्रो को हराकर जीता खिताब

**सैंटियागो, एजेंसी।** अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज ने चिली के एलेजांद्रो टेबिलो को हराकर चिली ओपन, एटीपी 250 स्पर्धा और अपने करियर का छठा और लगातार दूसरा खिताब जीता।

**चिली ओपन**

रविवार को चीली ओपन फाइनल मुकाबले में एलेजांद्रो टेबिलो ने तेज शुरुआत करते हुए पहला सेट अपने नाम किया। इसके बाद सेबेस्टियन बेज ने शानदार वापसी करते हुए लगातार दो सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया। सेबेस्टियन बेज ने इससे पहले रियो डी जनेरियो में एटीपी 500 जीत दर्ज की थी। बेज ने कहा कि मेरे मन में कई भावनाएं हैं। मैच की शुरुआत में मुझे अच्छा नहीं लग रहा था। मुकाबला बेहद शानदार रहा और तीनों सेट एक दूसरे से काफी अलग थे। मैच उतार-चढ़ाव रहा।

### कॉनवे का आईपीएल से बाहर होना तय

**वेलिंगटन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेवोन कॉनवे अंगूठे की चोट से आठ सप्ताह तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में नहीं खेल पाएंगे, जिससे उनका आईपीएल से बाहर होना तय है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले महीने टी-20 शृंखला के दौरान कॉनवे के दाएं हाथ के अंगूठे में चोट लग गई थी, जिसका उन्हें ऑपरेशन करवाना होगा, जिससे वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को समाप्त हुए पहले टेस्ट में भी नहीं खेल पाए थे। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि कॉनवे के अंगूठे के जोड़ में हल्का फ्रैक्चर है और वह इस सप्ताह ऑपरेशन करवाएंगे। उनके आठ सप्ताह में फिट होने की उम्मीद है। चेन्नई सुपर किंग्स ने कॉनवे को 2022 की नीलामी में करोड़ों रुपए में खरीदा था। कॉनवे ने आईपीएल में 23 मैच में 924 रन बनाए हैं।

# मुंबई फाइनल में, तमिलनाडु को पारी और 70 रन से हराया

## रणजी ट्राफी : शार्दुल की 109 रन की पारी और 4 विकेट लेने से मुंबई को मिली जीत

**मुंबई, एजेंसी**



शार्दुल ठाकुर के प्रदर्शन की बदौलत कई बार की चैंपियन मुंबई ने सोमवार को तमिलनाडु को सेमीफाइनल में तीन दिन के अंदर पारी और 70 रन से हराकर रणजी के फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरे दिन 109 रन की पारी खेलकर मुंबई को पहली पारी के आधार पर 232 रन की बढ़त दिलाने के बाद ठाकुर की अगुआई वाले मुंबई के गेंदबाजी ने तमिलनाडु को दूसरी पारी में महज 162 रन पर समेट दिया। मेहमान टीम के लिए केवल बाबा इंद्रजीत (70 रन) ही टिक सके और तमिलनाडु अपने पहले रणजी नॉकआउट मैच में कोई चुनौती पेश नहीं कर सकी। हालांकि इंद्रजीत और प्रदोष रंजन पॉल ने चौथे विकेट के लिए 73 रन बनाकर चुनौती पेश करने की कोशिश की लेकिन इससे काम नहीं चलने वाला था। मुंबई की जीत में गेंदबाजी आल राउंडर ठाकुर (109 रन, 48 रन देकर 2 विकेट और 16 रन देकर 2 विकेट) की भूमिका अहम रही, जिन्होंने दूसरे दिन पहला शतक जड़कर टीम को पहली पारी में 7 विकेट पर 106 रन से उबारकर 232 रन की बढ़त दिलाई थी। तीसरे दिन ठाकुर ने शुरू में ही तमिलनाडु के 2 विकेट झटक लिए, जिससे मुंबई ने मेहमान टीम के दूसरी पारी में 10 रन तक 3 विकेट ले लिए थे। बीसाई सुदर्शन को हालांकि श्रेयस अय्यर ने पहले ओवर में मिडविकेट पर कैच छोड़कर जीवनदान दिया, लेकिन ठाकुर ने शानदार इनस्विंगर पर बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को विकेटकीपर के हाथों कैच आउट करा दिया।

ठाकुर ने नई गेंद से खतरनाक स्विंग हासिल की और एन जगदीशन को खाता भी नहीं खोलने दिया। मोहित अवस्थी ने भी तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे वाशिंगटन सुंदर को आउट कर सफलता का स्वाद चखा। शीर्ष क्रम के चरमराने के बाद तमिलनाडु के लिए इंद्रजीत और प्रदोष रंजन ने जिम्मेदाराना साझेदारी की और मुंबई के गेंदबाजों को कोई और झटका नहीं देने दिया। इंद्रजीत ने 105 गेंद खेलकर 9 चौके की मदद से 70 रन बना लिए थे लेकिन अवस्थी की गेंद पर बल्ला छुआकर विकेटकीपर को कैच दे बैठे। मुंबई के स्पिनर तनुष कोटियान (18 रन देकर 2 विकेट) और शम्स मुलानी (53 रन देकर 4 विकेट) ने फिर साथी तेज गेंदबाजों के साथ मिलकर तमिलनाडु के बल्लेबाजों पर दबाव बनाया तथा बाकी बचे 6 विकेट झटककर मेजबान टीम को जीत दिलाई। इससे पहले मुंबई की टीम पहली पारी में 378 रन पर सिमट गई। सुंदर ने तुषार देशपांडे (26 रन) को आउट कर कोटियान (नाबाद 89 रन) के साथ उनकी 10वें विकेट की साझेदारी समाप्त की।

# सनराइजर्स के तीन साल में चौथे कप्तान बने कमिंस

**हैदराबाद, एजेंसी**



ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद का नेतृत्व करेंगे। वह तीन साल में सनराइजर्स की कप्तानी संभालने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। सनराइजर्स ने पिछले साल दिसंबर में हुई आईपीएल नीलामी में इस तेज गेंदबाज को 20.50 करोड में खरीदा था। वह नीलामी में सर्वाधिक कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ियों में दूसरे नंबर पर हैं। कमिंस द. अफ्रीका के एडेन मार्कराम की जगह लेंगे जिन्होंने 2023 में टीम की अगुआई की थी। सनराइजर्स ने कमिंस की तस्वीर के साथ सोशल मीडिया पर लिखा कि हमारे नए कप्तान पैट कमिंस। सनराइजर्स 2023 के सत्र में मार्कराम की कप्तानी में अंतिम स्थान पर थी। टीम तब 14 मैच में चार जीत सकी थी। मार्कराम की कप्तानी में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने एसए20 का खिताब जीता था, लेकिन वह आईपीएल में कप्तानी बरकरार नहीं रख सके। हालांकि वह टीम का हिस्सा रहेंगे। सनराइजर्स में कप्तान बदलने की शुरुआत 2021 में तब हुई जब ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर को सत्र के बीच में कप्तानी से हटाया गया था। सनराइजर्स ने वार्नर की कप्तानी में 2016 में आईपीएल का खिताब जीता था। वार्नर की जगह न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को कप्तान बनाया गया लेकिन टीम आठवें स्थान पर रही और उन्हें 'रिलीज' कर दिया गया था।

### तेज गेंदबाजी के कोच बनाए गए फ्रैंकलिन

**हैदराबाद।** सनराइजर्स ने आईपीएल के लिए न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन को तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। फ्रैंकलिन ने दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेल स्टेन की जगह ली जिन्होंने फ्रेंचाइजी से व्यक्तिगत कारणों से ब्रेक देने का अनुरोध किया था। सनराइजर्स ने अपने सोशल मीडिया मंच पर घोषणा की कि डेल स्टेन सत्र में टीम के साथ नहीं जुड़ेंगे जिससे इस सत्र में तेज गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी जेम्स फ्रैंकलिन को दी गयी है। जेम्स आपका स्वागत है।

# मैं कुश्ती में वापसी नहीं करूंगी : साक्षी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने सोमवार को प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी को खारिज करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महासंघ के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के लिए लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन से वह मानसिक रूप से थक गई हैं। पिछले साल दिसंबर में बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के भारतीय कश्ती महासंघ के चुनाव में अध्यक्ष चुनने के बाद साक्षी ने प्रेस कांफ्रेंस में कुश्ती से संन्यास की घोषणा की थी। वह बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट के साथ प्रदर्शन कर रही हैं। उनकी मांग बृजभूषण को हटाने और गिरफ्तार की थी। साक्षी ने 'मी टू' के प्रभाव पर पैनल चर्चा में कहा कि हम तरीके से इस प्रदर्शन को सफल बनाने की कोशिश में जुटे हैं इसलिए मैं कुश्ती जारी नहीं रख पाऊंगी।

### कोर्ट ने डब्ल्यूएफआई चुनाव के खिलाफ याचिका पर महासंघ से मांगा जवाब

दिल्ली हाईकोर्ट ने पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान की याचिका पर केंद्र और भारतीय कुश्ती महासंघ से जवाब मांगा है। पहलवानों ने दिसंबर 2023 में हुए महासंघ के चुनावों को अवैध घोषित करने की मांग की है। जस्टिस सचिन दत्ता ने केंद्र, डब्ल्यूएफआई और उसकी तदर्थ समिति को नोटिस जारी किए हैं। केंद्र सरकार के वकील अनिल सोनी को मामले में निर्देश के लिए समय दिया है। अगली सुनवाई 7 मार्च को होगी।

# अश्विन आउट करने के तरीके ढूंढने की कोशिश करते हैं: रूट

**बेंगलुरु, एजेंसी**



इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की आक्रामक मानसिकता, विविधता और विकेट लेने के प्रयासों से प्रभावित हैं उनका मानना है कि वह प्रतिद्वंद्वी को थकाने की सोच में विश्वास नहीं करते और हर समय खतरा बने रहते हैं। अश्विन ने हाल में 500 विकेट लेने वाले अनिल कुंबले के बाद दूसरे भारतीय बने। अश्विन धर्मशाला में 7 मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पांचवें मैच में 100वां टेस्ट खेलेंगे।



रूट ने कहा कि अश्विन हमेशा आपको आउट करने के तरीके ढूंढने की कोशिश करते रहते हैं। अश्विन के पास गेंदबाजी में इतनी विविधता है कि बल्लेबाज उनकी गेंदबाजी पर हमेशा अनुमान ही लगाते रहते हैं। वह पारंपरिक ऑफ स्पिनर की तुलना में क्रीज का अलग तरह से इस्तेमाल करता है। वह ओवर स्पिन, साइड स्पिन के साथ स्टंप पर कसी गेंदबाजी करता है, वह वाइड और कैरम गेंदबाजी भी करता है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कहा कि इसलिए आपको उसके अलग-अलग खतरों से सतर्क रहना पड़ता है और सुनिश्चित करना पड़ता है कि आपके पास उसकी गेंदों से निपटने के लिए बहुत अच्छा बल्लेबाजी कौशल हो ताकि आप उस पर हावी हो सकें।

### नई चीजें आजमाने से हिचकिचाते नहीं अश्विन



**नई दिल्ली।** अश्विन के साथ खेलने वाले चेतेश्वर पुजारा का कहना है कि यह सीनियर ऑफ स्पिनर हमेशा नई चीजें आजमाने के लिए तत्पर रहता है और हमेशा खुद को बल्लेबाजों से एक कदम आगे रखता है। पुजारा ने लिखा कि अश्विन के लिए बल्लेबाजों को पढ़ना हमेशा अहम हिस्सा रहा है। वह हमेशा एक कदम आगे रहता है, वह छोटी से छोटी चीज पर भी सतर्क रहता है। वह बल्लेबाज की हरकतों को देखता रहता है, उसके लिए कोई जानकारी छोटी नहीं है। वह प्रत्येक गेंद के लिए काफी प्रयास करता है। 500 टेस्ट विकेट लेने के बाद अब वह 100 वां टेस्ट खेलने के करीब है। वह विभिन्न कारणों से यहां तक देर से पहुंचा। लेकिन मैं उसके लिए बहुत खुश हूं।

## बॉलीवुड हलचल

# ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर हुआ रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री सारा अली खान की आने वाली फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म में सारा अली खान की मुख्य भूमिका है। इसकी कहानी उस हीरो की है, जिसके रेडियो ने ब्रिटिश राज को हिलाकर रख दिया था। करण जौहर ने सोशल मीडिया पर इसका ट्रेलर रिलीज किया है। इस फिल्म में सारा उस जाबांज महिला की कहानी दिखाएंगी, जिन्होंने रेडियो से अंग्रेजों की हालत खराब कर दी थी। ट्रेलर में सारा को स्वतंत्रता की आखिरी लड़ाई लड़ने के लिए 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ अंडरग्राउंड स्टेशन शुरू करते और इसी के जरिए अंग्रेजों के छक्के छुड़ाते देखा जा सकता है। इसमें सारा अली खान, उषा मेहता के रोल में नजर आएंगी।

### शुभी की फिल्म जय वट सावित्री मैय्या का ट्रेलर जारी



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री शुभी शर्मा की आने वाली फिल्म जय वट सावित्री मैय्या का ट्रेलर रिलीज हो गया है। जय मोशन पिक्चर्स प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म जय वट सावित्री मैय्या में शुभी शर्मा ने वट सावित्री मां का किरदार निभाया है।जेएएस मोशन पिक्चर्स के बैनर से निर्मित फिल्म जय वट सावित्री मैय्या के निर्माता अपूर्व मेड़तिया, अंशुमन सिंह और मोनिका सिंह हैं, जबकि निर्देशक संजय श्रीवास्तव और कार्यकारी निर्माता सुभाष चव्हाण हैं। फिल्म जय वट सावित्री मैय्या को लेकर शुभी शर्मा ने कहा कि फिल्म बेहद खूबसूरत है और इस फिल्म में मेरा किरदार शानदार है। इसके लिए मैं फिल्म के निर्माताओं का आभार व्यक्त करती हूं। वैसे फिल्म के ट्रेलर से अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म कितनी भव्य है और यह किस लेवल की बनी है। इस फिल्म मां वट सावित्री की महिमा का भी बखान है। मां अपने भक्तों की सारी मनोकामना है। इस फिल्म के जरिए उनकी महिमा को अलग ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

# 'पंख' में मुख्य भूमिका में माही, श्वेता, आयशा



**मुंबई, एजेंसी।** वर्ल्डवाइड चैनल एवं जीतेन्द्र गुलाटी की भोजपुरी फिल्म पंख का ट्रेलर वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स भोजपुरी से रिलीज हो गया है। पंख के ट्रेलर में संजय पांडे, माही श्रीवास्तव, श्वेता म्हारा, आयशा कश्यप, विनोद मिश्रा, रोहित सिंह (मटरू) मुख्य भूमिका में हैं। जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए विदेश जाना चाहते हैं। ट्रेलर की शुरुआत में वाराणसी के पंडित संजय पांडे को दिखाया गया है जो दो वक्त की रोटी के लिए जूझ रहे हैं, जिसकी पत्नी उनको ताना मरते हुए नजर आती है। इसके बाद श्वेता म्हारा की एंट्री होती है, जो एक मीडिल क्लास घर की बेटी है और महत्वाकांक्षी है। वही रोहित सिंह (मटरू) विदेश जाकर खूब पैसा कमाना चाहते हैं। ट्रेलर में माही श्रीवास्तव और आयशा कश्यप दो बहनें हैं। जो दुबई जा रही है। ये सभी किरदार अपनी मजबूरी और महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए दुबई जाते हैं। विदेश में इनको क्या काम करना पड़ता है और किन परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसी की कहानी है पंख। निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा है कि हमारी फिल्म पंख ट्रेलर आज रिलीज किया गया है, जिसमें हर कलाकार को जगह दी गई है। फिल्म में आपको कॉमेडी, ड्रामा और इमोशन का तगड़ा डोस देखने को मिलेगा। संजय पांडे ने कहा कि ये फिल्म मेरे दिल के करीब है क्योंकि इसका किरदार शानदार है जो अपने लिए नही अपनी बेटी के लिए पैसा कमाना चाहता है और पत्नी के तानों का जवाब देना चाहता है। माही श्रीवास्तव ने कहा कि पंख जैसी फिल्म में योगदान का अवसर पाकर मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं। मुझे उम्मीद है कि ट्रेलर बहुत पसंद आने वाला है। निर्देशक पराग पाटिल ने कहा कि हमने फ़िल्म को देश से लेकर विदेश तक फिल्माया है। पंख में संजय पांडे, श्वेता महरा, माही श्रीवास्तव, आयशा कश्यप, विनोद मिश्रा, रोहित सिंह मटरू, सुबोध सेठ, संजीव मिश्रा, यादविंदर यादव, श्वेता वर्मा, विजया सिंह, शिखा चौबे, अवनी गिरी, रानी जयसवाल, अखिलेश शुक्ला, अमरेश आनंद त्रिपथ, जुबैर शाह, योगेश पांडे, राजेश गिरी हैं।

# चांदनी की फिल्म हम नहीं सुधरेंगे हुई पूरी



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री चांदनी सिंह की आने वाली फिल्म हम नहीं सुधरेंगे की शूटिंग पूरी हो गयी है। भोजपुरी फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे में भोजपुरी फ़िल्म जगत के कई सारे हास्य कलाकार इकट्ठे नज़र आने वाले हैं, जहां वे सब के सब अपने अपने तरीके से चांदनी सिंह को परेशान करते नजर आने वाले हैं। हम नहीं सुधरेंगे की शूटिंग पूरी हो चुकी है ,फ़िल्म का पोस्ट प्रोडक्शन भी अपने अंतिम चरण में है।इस फ़िल्म की शूटिंग उत्तरप्रदेश के गोरखपुर और आसपास के इलाकों में की गई है। फ़िल्म निर्माता आनन्द रूंगटा के रूंगटा फ़िल्म प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनी फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे का निर्देशन सुनील मांझी ने किया है।इस फ़िल्म के लेखक पिंकू दुबे हैं। फ़िल्म हम नही सुधरेंगे के गीत प्यारे लाल यादव, धरम हिंदुस्थानी एवं संदीप साजन ने लिखे हैं, जिसका संगीत निर्देशन मधुकर आनन्द एवं ओम झा ने किया है। फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे के नृत्य निर्देशक रिक्की गुप्ता हैं, छायांकन सरफराज खान ने किया है। इस फ़िल्म में चांदनी सिंह, संजय पांडे, लोटा तिवारी, मनोज टाईगर, केके गोस्वामी, माया, मधु, महेश आचार्य, प्रकाश जैश, संजय वर्मा, आनंद मोहन , सीपी भट्ट, कुअर सुधीर सिंह , क्रिश भैया ,वीआईवी विजेंद्र, सन्तोष श्रीवास्तव, गजेंद्र एवं प्रमोद चोखानी की अहम भूमिका है।

### अंकुश का होली स्पेशल 'आहि रे दिदिया' रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** अंकुश राजा का होली स्पेशल गाना आहि रे दिदिया रिलीज हो गया है। आहि रे दिदिया गाने को अंकुश राजा ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गया है।गाना आहि रे दिदिया अन्नपूर्णा फिल्म के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाने को लेकर अंकुश राजा ने कहा कि होली बिना संगीत कैसे हो सकता है। इसलिए हम इस बार होली को और खास बनाने के लिए एक से बढ़कर एक गाने लेकर आ रहे हैं उसी क्रम में यह भी खाना है जो आपको बेहद पसंद आएगा। हम आप सबों से आग्रह करेंगे कि आप हमारे इस गाने को खूब प्यार और आशीर्वाद दें। इसके साथ होली के रंग को हमारे इस गाने के साथ और रंगीन बनाएं उम्मीद करता हूं कि हमारे गाने आपकी भोजपुरी होली को यादगार बनाने के लिए सक्षम है। गाना आहि रे दिदिया के गीतकार अखिलेश कश्यप, दीपक मतलबी और संगीत निर्देशक आर्य शर्मा हैं। संगीतकार शुभम तिवारी हैं। वीडियो निर्देशक आशीष सत्यार्थी हैं। निर्माता अखिलेश कश्यप हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

